सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-336 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 31 मई 2025

03 जिलहिज्जा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## प्रधानमंत्री ने कानपुर में किया 47,600 करोड़ रुपये की 15 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, कानपुर मेट्रो के नए कॉरिडोर को हरी झंडी भी दिखाई

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है : मोदी

- **प्रधानमंत्री मोदी ने घाटमपुर में 660 मेगावाट की बिजली इकाई और पनकी में एक तापीय बिजली परियोजना का किया उद्घाटन**



**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की 15 वृहद विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मोदी ने चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के नये भूमिगत खंड का उद्घाटन किया।

इस खंड में पांच नये भूमिगत स्टेशन- चुन्नीगंज, बड़ा चौराहा, नवीन मार्केट, नयागंज और कानपुर सेंट्रल शामिल हैं। कानपुर मेट्रो के इस विस्तार के साथ लाल इमली, जेड स्क्वायर मॉल, ग्रीन पार्क स्टेडियम, परेड ग्राउंड, बुक मार्केट और सोमदत्त प्लाजा जैसे महत्वपूर्ण स्थल इस मेट्रो से सीधे जुड़ जाएंगे। एक बयान के मुताबिक, वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-कानपुर से मोतीझील तक नौ स्टेशन परिचालन में हैं। इस नये खंड से शहर में मेट्रो से यात्रा अधिक सुविधाजनक, तेज और सुरक्षित हो जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने घाटमपुर में 660 मेगावाट की बिजली इकाई और पनकी में एक तापीय बिजली परियोजना का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के लिए स्थिर तथा पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, पनकी ऊर्जा संयंत्र से कल्याणपुर तक दो नये रेलवे पुलों का भी उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया। और सेना का यह अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। मोदी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हमने पाकिस्तान में सैकड़ों मील अंदर जाकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। इसने देसी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत दुनिया को दिखा दी है। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने यहां चकेरी हवाईअड्डे पर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। व्यवसायी शुभम (31) उन 26 लोगों में शामिल थे जिनकी 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मौत हो गयी थी।

### देश के दुश्मनों को उनकी भाषा में जवाब दिया गया : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पीएम मोदी का पहला यूपी दौरा है. सीएम ने कहा कि पीएम की अगुवाई में पाकिस्तान की उसी की भाषा में जवाब दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, देश के दुश्मनों को वे जिस भाषा में समझें, उसी भाषा में पहले सर्जिकल स्ट्राइक और फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पीएम मोदी के मार्गदर्शन भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शौर्य और शक्ति को एक उदाहरण के तौर पर मान रही है। सीएम ने कहा कि भारत की नई डिफेंस नीति, जिसके अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर के भारतीय बलों ने हमारी सुरक्षा को पुख्ता करने का प्रमाण दिया गया।

### शुभम द्विवेदी के परिवार से मिलकर भावुक हुए मोदी



**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने कानपुर दौरे के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए कारोबारी शुभम द्विवेदी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। शुभम के चचेरे भाई सौरभ द्विवेदी ने न्यूज़ एजेंसी को बताया, प्रधानमंत्री ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान हम बहुत भावुक थे और प्रधानमंत्री से मिलते ही परिवार के सभी सदस्य रोने लगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चकेरी हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद शुभम के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उनके प्रति संवेदना प्रकट की।

## तुर्की एयरलाइंस के साथ विमान लीज समझौता खत्म करो

**इंडिगो को सरकार का निर्देश**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइंस कंपनी इंडिगो को तर्किश एयरलाइंस के साथ अपने कारोबारी संबंधों को सीमित करना ही होगा। भारत सरकार ने एक बार फिर यह संदेश इंडिगो को दिया है। इंडिगो ने तर्किश एयरलाइंस से दो विमान लीज पर लिए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने शुक्रवार को इंडिगो को दो बोइंग 777 विमानों को पट्टे पर लेने की अवधि 31 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी है, हालांकि लीज को लंबी अवधि तक बढ़ाने से विमानन नियामक ने मना कर दिया है। लीज की अवधि 31 मई को समाप्त हो रही थी। इंडिगो ने नवंबर, 2025 तक इन विमानों को संचालित करने की अनुमति मांगी थी लेकिन सिर्फ अगस्त, 2025 तक की ही इजाजत मिली है। माना जा रहा है कि तुर्किये सरकार की तरफ से पाकिस्तान को दिए जाने वाले समर्थन के कारण डीजीसीए ने यह फैसला लिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी तुर्किये ने पाकिस्तान को सैन्य मदद दी थी। डीजीसीए के फैसले के बाद इंडिगो को तर्किश एयरलाइंस के साथ विमान लीज का समझौता अगस्त में समाप्त करना होगा। इंडिगो ने तर्किश एयरलाइंस से बोइंग 777- 300 ईआर माडल के दो विमान को लीज पर ले रखा है। दोनों कंपनियों में हुए समझौते के मुताबिक तर्किश एयरलाइंस विमान के साथ ही इसके पायलट और विमान के लिए कुछ क्रू भी देती है, जबकि जबकि बुकिंग और ग्राउंड हैंडलिंग का काम इंडिगो करती है। ये विमान इंडिगो के अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बहुत मदद करते हैं। यह इंडिगो के साथ ही तर्किश एयरलाइंस के लिए भी फायदे का सौदा है, क्योंकि उसे भारत की सबसे बड़ी एयरलाइंस के साथ काम करने का मौका मिलता है। जबकि इंडिगो को भारी भरकम निवेश किए बगैर अंतरराष्ट्रीय सेवा देने का मौका मिलता है। दोनों एयरलाइनों के बीच कोड शेयरिंग समझौता भी है इसके जरिये इंडिगो तर्किश एयरलाइंस जरिये 40 अंतरराष्ट्रीय उड़ान मार्गों में अपने यात्रियों को सेवाएं देती है।

### गृहमंत्री का जम्मू-कश्मीर दौरा पुंछ पीड़ितों से मिले अमित शाह



**श्रीनगर।** गृहमंत्री अमित शाह ने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्रशासन और सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि वे हर चीज का जवाब देने के लिए सक्षम हैं। अमित शाह ने कहा कि तीन दिन की आफत में प्रशासन जनता के साथ खड़ा हुआ था और एक प्रशासनिक अधिकारी को भी अपना बलिदान देना पड़ा। इससे पहले कल गृहमंत्री ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकवाद के सफाए, घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए राजभवन जम्मू में उच्च स्तरीय बैठक की थी।

### नीट पीजी उम्मीदवारों के लिए सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## एक शिफ्ट में होगी परीक्षा

**पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश**



**नई दिल्ली।** नीट पीजी 2025 की तैयारी कर रहे मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने परीक्षा आयोजकों को निर्देश दिया है कि नीट पीजी 2025 परीक्षा केवल एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और सभी उम्मीदवारों को समान अवसर मिल सके। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, परीक्षा को दो शिफ्ट में आयोजित करना असमानता पैदा करता है और यह सभी उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं दे सकता। दो अलग-अलग शिफ्ट में पूछे गए प्रश्न पत्र कभी भी एक जैसे कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते। पिछली बार विशेष परिस्थितियों में परीक्षा दो शिफ्ट में कराई गई थी, लेकिन इस बार परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था को एक ही शिफ्ट में परीक्षा कराने की व्यवस्था करनी चाहिए थी। एनबीई की इस दलील को खारिज करते हुए कि पूरे देश में एक ही शिफ्ट में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त केंद्र उपलब्ध नहीं हैं, सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की, हम इस तर्क को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं कि पूरे देश में और देश में उपलब्ध तकनीकी प्रगति को देखते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एक ही शिफ्ट में परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त परीक्षा केंद्र नहीं ढूंढ सकी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने यह आदेश उस समय पारित किया जब वह राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट पीजी 2025 परीक्षा को दो शिफ्टों में आयोजित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने परीक्षा प्राधिकरणों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। कोर्ट ने यह भी कहा कि छात्रों की मेहनत और भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की असमानता या अन्याय नहीं होना चाहिए। इस फैसले को लेकर छात्र और अभिभावक वर्ग में संतोष की भावना है।

कई छात्रों का कहना है कि अब उन्हें यह डर नहीं रहेगा कि दूसरे शिफ्ट में आने वाले प्रश्न आसान या कठिन होंगे। इससे सभी को एक समान अवसर मिलेगा।

## सरकार बनाने के लिए मणिपुर में कवायद तेज

- **इंफाल में भाजपा विधायक के आवास पर जुटे 15 एमएलए**



**इंफाल।** लंबे समय से हिंसा का दंश झेल रहे मणिपुर में इन दिनों सरकार गठन की कवायद तेज है। राज्य में सरकार बनाने के क्रम में में इंफाल में विधायक ठा. बिस्वजीत सिंह के आवास पर 25 भाजपा विधायकों की बैठक चल रही है। इससे दो दिन पहले, भाजपा नीत एनडीए के 10 विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए इंफाल में राजभवन पहुंचे थे।

उन्होंने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात कर 44 विधायकों के समर्थन का दावा किया था। गौरतलब है कि मणिपुर में विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए बुधवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को समर्थन का औपचारिक पत्र सौंपा और मौजूदा राजनीतिक अनिश्चितता के बीच एक स्थिर शासन विकल्प प्रदान करने की अपनी तत्परता दोहराई थी। इस मुलाकात के बाद विधायक राधेश्याम ने कहा था, हमारे पास 44 विधायकों का समर्थन है और सभी भाजपा विधायक जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने राज्यपाल से बहुमत पर विचार करने और त्वरित कार्रवाई करने की भी अपील की थी। इससे पहले 21 विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर पूर्वोत्तर राज्य में शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए लोकप्रिय सरकार बनाने का आग्रह किया गया था। पत्र पर भाजपा के 13, एनपीपी-नगा पीपुल्स फ्रंट के तीन-तीन और विधानसभा के दो स्वतंत्र सदस्यों के हस्ताक्षर थे। साल 1967 से मणिपुर में अब तक 11 बार राष्ट्रपति शासन लगाया जा चुका है। राज्य में 43 से लेकर 277 दिनों तक राष्ट्रपति शासन रहा है। पहली बार राष्ट्रपति शासन 19 जनवरी 1967 से 19 मार्च 1967 यानी 66 दिन तक लगाया गया था। उस समय मणिपुर केंद्र शासित विधानसभा का पहला चुनाव होना था। दूसरी बार 25 अक्तूबर 1967 से 18 फरवरी 1968 तक 116 दिन के लिए राष्ट्रपति शासन लगाया गया। तब मणिपुर में राजनीतिक संकट आ गया था। उसके बाद किसी दल के पास स्पष्ट बहुमत नहीं था।

तीसरा बार राज्य में 17 अक्तूबर 1969 से 22 मार्च 1972 तक दो साल 157 दिन के लिए राष्ट्रपति शासन लगा। उस वक्त पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग के दौरान हिंसा हुई। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी।

### जज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करना यूट्यूबर को पड़ा भारी

**यूट्यूबर को हटाने होंगे आक्रामक वीडियो**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चंडीगढ़ के पत्रकार एवं यूट्यूबर अजय शुक्ला के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को अवमानना कार्यवाही शुरू की। शुक्ला ने अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए वीडियो में शीर्ष अदालत के कुछ न्यायाधीशों के खिलाफ 'कुत्सित', अपमानजनक और निंदनीय टिप्पणी की थीं। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति एएस चांदुरकर की पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि आपत्तिजनक वीडियो को तुरंत हटा दिया जाए और चैनल को इस वीडियो या इस तरह की विषय-वस्तु को पुनः प्रकाशित करने से रोक दिया जाए। पीठ ने वरप्रद मीडिया के प्रधान संपादक शुक्ला को नोटिस भी जारी किया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने टिप्पणियों को 'बहुत गंभीर' बताया और इस मुद्दे का स्वतः संज्ञान लेने के लिए पीठ के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'शुक्ला ने उक्त वीडियो क्लिप में इस न्यायालय के कुछ वरिष्ठ न्यायाधीशों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां की हैं।

## अंकिता हत्याकांड में 32 महीने बाद तीनों आरोपी दोषी करार

- **कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा**
- **अंकिता के परिजनों को चार लाख रुपये देने का फैसला भी सुनाया**



**कोटद्वार।** बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) ने आज फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। इन पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है। वहीं, कोर्ट ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपये का अर्थ दंड और अंकिता के परिजनों को चार लाख रुपये देने का फैसला भी कोर्ट ने सुनाया।

उधर, न्यायालय का फैसला आने से ऐन पहले भीड़ ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर न्यायालय की ओर बढ़ने की भीड़ की कोशिश की। पुलिस पूरी ताकत से लोगों को अंदर जाने से रोकने का प्रयास कर रही है। अदालत के फैसले पर पूरे उत्तराखंड और देश के लोगों की निगाहें टिकी थीं। कोटद्वार में इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए है। गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों से पुलिस फोर्स कोटद्वार बुलाई गई है। अदालत परिसर के बाहर की सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। बीती 19 मई को अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक अवनीश नेगी की ओर से बचाव पक्ष की बहस का जवाब देकर सुनवाई का सिलसिला समाप्त किया गया था। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस व दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 30 मई की तिथि निर्धारित की थी।

**बंगाल चुनाव के बाद हिंसा का मामला**

**दो हफ्ते में करना होगा सरेंडर**

## आरोपियों की जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द

- **गैरकानूनी तरीके से भीड़ एकत्र कर किया गया था हमला**



**नई दिल्ली।** बंगाल में मई 2021 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद हुई हिंसा के आरोपियों को दी गई जमानत सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रद कर दी। कोर्ट ने कहा कि भाजपा का समर्थन करने के कारण चुनाव परिणाम के दिन शिकायतकर्ता के घर पर हमला किया गया। इसका एकमात्र उद्देश्य बदला लेना था। शिकायतकर्ता की पत्नी के साथ छेड़छाड़ की गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह घिनौना अपराध लोकतंत्र की जड़ों पर गंभीर हमले से कम नहीं है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई की दो अपील पर अपना फैसला सुनाया, जिसमें मामले में कुछ आरोपितों को जमानत देने के कलकत्ता हाई कोर्ट के अलग-अलग आदेशों को चुनौती दी गई थी। जिन आरोपियों की जमानत रद की गई है उनमें शेख जमीर, शेख नुराई, शेख अशरफ शामिल हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हमें लगता है कि इस मामले में आरोप इतने गंभीर हैं कि वे अदालत के अंतरात्मा को झकझोर देते हैं। जिस तरीके से घटना को अंजाम दिया गया, उससे आरोपियों के प्रतिशोधी रवैये और विपक्षी पार्टी के समर्थकों को किसी भी तरह से दबाने या डराने के उनके मकसद का पता चलता है। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह साबित करने के लिए साक्ष्य मौजूद है कि आरोपियों ने गैरकानूनी तरीके से भीड़ इकट्ठा की और शिकायतकर्ता के घर पर हमला किया, वहां तोड़फोड़ की और घर का सामान लूटा। पीठ ने कहा कि हमें लगता है कि अगर आरोपियों को जमानत पर रहने दिया जाता है, तो निष्पक्ष और स्वतंत्र सुनवाई होने की कोई संभावना नहीं है।

**समुद्री शक्ति**

### आईएनएस विक्रांत पहुंचे रक्षामंत्री, नौसैनिकों से की मुलाकात

## भारत अब सीधा जवाब देता है : राजनाथ

- **आपकी आंखों में जो दृढ़ता है, उसमें भारत की असली शक्ति झलकती है**
- **पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लगा**



**पणजी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि आज आईएनएस विक्रांत पर अपने नौसैन्य योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है।

जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता। वैसे भी 'विक्रांत' का अर्थ ही होता है- अदम्य साहस, और अपराजेय शक्ति। आज आप सभी जांबाजों के बीच खड़े होकर मैं इस नाम के अर्थ को साकार होता देख रहा हूं। आपकी आंखों में जो दृढ़ता है, उसमें भारत की असली शक्ति झलकती है। राजनाथ ने कहा, आज मैं यहां केवल रक्षा मंत्री के नाते नहीं आया हूं, बल्कि मैं यहां एक कृतज्ञ भारतीय के रूप में आया हूं। मैं आपके समर्पण को नमन करने, आपके शौर्य को सराहने और आपके परिश्रम को सलाम करने आया हूं। मैं आप सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देता हूं। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है। उन्होंने कहा कि महज कुछ ही समय में हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर मैं फिर दुहरा रहा हूं, हमने अपनी शर्तों पर अपनी सैन्य कार्रवाई को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। इस पूरे एकीकृत संचालन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब वायु सेना ने पाकिस्तान की धरती पर आतंक के अड्डों को ध्वस्त किया, तब अरब सागर में आपकी आक्रामक तैनाती, बेजोड़ समुद्री डोमेन जागरूकता और समुद्री वर्चस्व ने पाकिस्तानी नौसेना को उसके ही तटों के पास सीमित कर दिया।

# पुण्यश्लोक ''रानी अहिल्याबाई होल्कर'' की 300वीं जयन्ती नगर पंचायत धौरहरा सभागार में आयोजित

**शशांक वर्मा एवं विधायक विनोद शंकर अवस्थी द्वारा दीप प्रज्वलित कर रानी अहिल्याबाई होल्कर को पुष्पांजलि अर्पित किया**

## निकाय की महिला सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया





*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** ।31 मई को पुण्यश्लोक ''रानी अहिल्याबाई होल्कर'' की 300वीं जयन्ती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन के अन्तर्गत दिनांक 30.05.2025 को नगर पंचायत धौरहरा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक शशांक वर्मा एवं विधायक विनोद शंकर अवस्थी द्वारा दीप प्रज्वलित कर रानी अहिल्याबाई होल्कर को पुष्पांजलि अर्पित किया तथा निकाय की महिला सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया तथा पी0एम0 स्वानिधि योजना के लाभार्थियों एवं पी0एम0 आवास योजना के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया जिसमें नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# ट्रक और डबल डेकर बस की आमने सामने से हुई जोरदार टक्कर

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** फरधान थाना क्षेत्र में लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर मनिकापुर पुलिस चौकी के पास शुक्रवार दोपहर बाद ट्रक और डबल डेकर बस की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है राणा ट्रांसपोर्ट की डबल डेकर बस लखीमपुर से गोला की ओर जा रही थी। लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर मनिकापुर तिराहे के पास मोहम्मदी से लखीमपुर जा रहे राणा ट्रांसपोर्ट के ही ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होने से बस के कंडक्टर समेत आठ लोग घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया बस का कंडक्टर मोईन बस में काफी देर तक फंसा रहा, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने बाहर निकलवाया। हादसे में मोईन 30 वर्ष निवासी हापुड़, करुणा देवी 26 वर्ष निवासी छिछौरा थाना हरगांव, फुरकान 35 वर्ष, कादिर, हासिम और रामचंद्र निवासी मेरठ समेत आठ घायल हुए हैं। मोईन और करुणा देवी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## गोशाला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**लखीमपुर खीरी।** विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत रहीम नगर ग्रंट के हमीदाबाद गोशाला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में एक बड़े गड्ढे में करीब 20 से 25 मृत गोवंश पड़े दिखाई दे रहे हैं। इसका संज्ञान लेते हुए गोला एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर स्थित का जायजा लिया भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह सिंधु ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम पंचायत रहीम नगर ग्रंट के हमीदाबाद स्थित गोशाला में गायों की स्थिति अत्यंत खराब है। भूसा, चारा और पानी नहीं देने के कारण कई गायों की मृत्यु हो गई। कई गायें मरने की अवस्था में पहुंच गईं। करीब 20 से 25 गायों को 29 मई को ग्राम प्रधान मायावती व उनके पति पंकज कुमार गौतम, हीरालाल व अन्य कई अज्ञात लोगों ने जेसीबी से गड्ढा खोदकर डाल दिया।

# सात केंद्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा, शामिल होंगे 3235 अभ्यर्थी



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** एक जून को होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में सात केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में 3235 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित इस परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शुचितापूर्ण कराने के लिए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को अटल सभागार में बैठक ली।

बैठक का संचालन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि परीक्षा के संबंध में जो भी मानक हैं, उनका पूरी तरह से पालन किया जाए। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी।

अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। सभी केंद्र व्यवस्थापक सुनिश्चित करें कि केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं प्रकाश, फर्नीचर, पानी, शौचालय आदि ठीक हों।

कहीं कोई कमी हो तो समय रहते पूरा कर लें। एएसपी पवन गौतम ने कहा कि सभी केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है परीक्षा के जिला समन्वयक वाईडी कॉलेज प्राचार्य डॉ हेमंत पाल ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा सात केंद्रों पर दो पाली में कराई जाएगी। पहली पाली सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो से सायं पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को दो पेपर अलग-अलग पाली में देने होंगे।

इस प्रवेश परीक्षा में 3235 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिला मुख्यालय पर अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज, धर्मसभा इण्टर कालेज, गुरुनानक इण्टर कालेज, युवराज दत्त महाविद्यालय,कृषक समाज इण्टर कालेज, सेठघाट रोड, फत्तेपुर लखीमपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में जिला समन्वयक डॉ हेमंत पाल, उप नोडल प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय पलिया सूर्य प्रकाश शुक्ला, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, सभी केंद्र प्रतिनिधि, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र पर्यवेक्षक, केंद्र प्रभारी, नोडल समन्वयक व अन्य अधिकारियों मौजूद रहे।

## अदद अवैध चाकू बरामद कर किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना भीरा पुलिस द्वारा अभियुक्त पवन सिंह पुत्र विजयपाल सिंह को भानपुर तिराहा के पास से 01 अदद अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना भीरा पर मु0अ0सं0 215/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फरधान पुलिस द्वारा मु0सं0 1935/15, अ0सं0 342/18 धारा 323/504/506 भादवि में वारंटी अभियुक्त प्रकाश पुत्र मंगली व लालजी पुत्र मंगली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

# अपना दल पार्टी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने पत्रकारता दिवस पर पत्रकारों को किया सम्मानित

**कलमकार समाज का आईना**



**नजीबाबाद।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर अपना दल पार्टी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी नगर के पत्रकारों को माला पहनाकर स्वागत कर शॉल ऊढ़ाकर सम्मानित किया! इस मौके पर उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जो हमें दुनिया में हो रही अच्छाई और बुराई से लेकर रोजमर्रा की चीजों को दर्शाता है! उन्होंने कहा कि पत्रकार के बिना कुछ भी संभव नहीं है क्योंकि सरकार से अन्य किसी भी प्रकार की योजना एवं लाभ को जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार जान जो की में डालकर अपने कार्य कौन जाम देता है तो हमें भी चाहिए कि हम भी पत्रकारों का सहयोग करें, और उनके हित की लड़ाई लड़े! इसलिए हमें पत्रकारों का सम्मान करना चाहिए और समय-समय पर उनको सम्मानित कर उनकी हौसला अफज़ाई करनी चाहिए! कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेंद्र एवं संचालन अल्ताफ रज़ा ने किया! इस मौके पर नौशाद मुल्तानी, सोनू आदित्य सरफराज़ अहमद, शादाब जफ़र आतिफ हुसैन शेरखान आफताब आलम नसीम उस्मानी अल्ताफ राजा मयंक कश्यप एवं शेर खान आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# सीडीपीओ, आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का वज़न कराना अनिवार्यः डीएम साहिबा

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम साहिबा ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से वजन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो बच्चे सेम श्रेणी में हैं और उनका वजन नहीं बढ़ रहा अथवा उनके स्वास्थ्य सुधार नहीं हो रहा है तो उनको चिन्हित कर उनका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए और उनको प्राथमिकता के आधार पर जिला अस्पताल स्थित एनआरसी में भर्ती कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने वर्तमान माह में एनआरसी में कम बच्चों के भर्ती किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि




सभी ब्लॉकों से संवेदनशील बच्चों को चिन्हित कर उनको एनआरसी में भर्ती कराना सुनिश्चित करें और यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से तत्काल उनके मोबाइल पर संपर्क करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सीमावर्ती गांव में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, बच्चों का वजन तथा सेम बच्चों को चिह्नित कर उनको सामान्य श्रेणी में लाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने सीडीपीओ, सहायक सीडीपीओ, सुपरवाइजर को निर्देश दिये कि आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत निर्धारित पोर्टल पर ठीक प्रकार से डाटा की फीडिंग करना व पोर्टल की ससमय मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन केंद्रों पर सैम और मैम बच्चों में कमी पायी गयी है उन केंद्रों पर सभी सीडीपीओ निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सीडीपीओ को एनीमिया की रिपोर्ट प्रत्येक माह की पांच तारीख तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत जन सामान्य को जागरूक करने के लिए एवं उनको प्रेरित करने के लिए प्रत्येक गांव एवं नगर पंचायतों में मुख्य स्थानों पर एनीमिया मुक्त भारत की जानकारी की वॉल पेंटिंग कराना सुनिश्चित करें।

# वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदला, तो होगा आंदोलनः गौतम



**सहारनपुर।** श्री गुरु रविदास सेना भारत के कार्यकर्ताओं ने अर्जुन अवार्ड से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया स्टेडियम रोशनाबाद का नाम बदले जाने के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर स्टेडियम का नाम वंदना कटारिया के नाम पर यथावत् रखे जाने की मांग की। श्री गुरु रविदास सेना भारत के कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित गौतम के नेतृत्व में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने वंदना कटारिया स्टेडियम रोशनाबाद का नाम बदले जाने पर रोष व्यक्त किया। इस दौरान श्री गुरू रविदास सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित गौतम ने बताया कि रविदासी समाज की बेटी वंदना कटारिया भारत की पहली महिला अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने वाली खिलाड़ी है, जिसे अर्जुन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि वंदना कटारिया के नाम पर बने हॉकी स्टेडियम का नाम परिवर्तित होता है तो यह रविदासिया कौम का अपमान होगा। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास सेना भाईचारा व समाज में समानता का भाव स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील है, लेकिन किसी परिस्थितियों में वंदना कटारिया स्टेडियम रोशनाबाद का नाम परिवर्तित किया गया, तो श्री गुरु रविदास सेना भारत एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालो में गुलाब सिंह भारतीय, मंजू रानी, संजना सिंह, डॉ.अजय कुमार पालीवाल, सुशील बौद्ध आदि शामिल रहे।

# चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कलमकारों को किया सम्मानित

## पत्रकार देश की रीढ़

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत साहनपुर के चैयरमेन व आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद मोटा आम स्थित आसपा का पार्टी के कार्यालय पर हिंदी पत्रकारिता के दिवस पर पत्रकारों को सम्मानित कर उनका मान बढ़ाया। इस मौके पर पत्रकार अल्ताफ रज़ा ने गज़ल के साथ कार्यक्रम का आगाज़ किया। वरिष्ठ पत्रकार टी एस मलिक ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ पत्रकार हैं हमें सभी पत्रकारों का सम्मान करना चाहिए और पत्रकारों के हित की लड़ाई एकजुट होकर लड़नी चाहिए! वही इस मौके पर चैयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा



पत्रकार समाज का आईना है जो हमें हो दुनिया में हो रही अच्छाईयों और बुराइयों को हमारे सामने लाने का कार्य करते हैं! पत्रकार के बिना हम सब नेता भी अधूरे हैं एक पत्रकार ही है जो हमारी अच्छाई को उजागर कर हमें ऊंचाई ले जा सकते और हमारी खामियां होने पर अर्श से फर्श पर भी ला सकते है! पत्रकार ही एक ऐसी कड़ी है जो सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं! उन्होंने आगे कहा कि जब भी किसी पत्रकार को मेरी जरूरत पड़ेगी मैं उसके लिए 24 घंटे तैयार रहूंगा और हमेशा हर प्रकार का सहयोग करूंगा। इसलिए हमें सभी पत्रकारों का सम्मान करना चाहिए और समय-समय पर पत्रकारों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफज़ाई करनी चाहिए! कार्यक्रम की अध्यक्षता चैयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने तथा संचालन नासिर कुरैशी ने किया! इस मौके पर टी एस मलिक, मुशर्रफ अली, अंकित शर्मा, सरफराज़ अहमद, दो इकराम, शेरखान, आकफ़ि हुसैन, शाकिर कुरैशी, आसिफ, मोहम्मद सलमान, निधी शर्मा, शादाब जफर आफताब आलम, अंकित वर्मा, हिमांशु तायल, सोनू आदित्य, संपादक आदिल आज़म, दो आफताब नोमानी, नसीम उस्मानी एवं नगर के तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने किया दो शव वाहनों का लोकार्पण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** लायंस क्लब सहारनपुर मयूर ने दो शव वाहन नागरिकों के सेवार्थ प्रदान कर सेवा की नयी मिसाल कायम की। लायंस इंटरनेशनल के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक लायन जितेन्द्र सिंह चौहान ने लायन विनय मित्तल, लायन पंकज विजलवाण की मौजूदगी में शव वाहनों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायंस इंटरनेशनल के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक लायन जितेन्द्र सिंह चौहान ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष एके मित्तल, मंडल अध्यक्ष निर्वाचित विनय सिसौदिया, उप मंडल अध्यक्ष-1 निर्वाचित आदित्य गुप्ता, उप मंडल अध्यक्ष-2 निर्वाचित नवनीत अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ला.रचना अग्रवाल व सुनील भनोट ने किया। इस दौरान शव वाहन की संयोजक समिति के सदस्य ला. आशु सिंघल, ला.विनीत मित्तल, ला. राजीव सचदेवा, ला.आशीष गर्ग, ला. मयंक अग्रवाल, डॉ. आरके गोयल, व्यवसायी विपिन अग्रवाल, सुरेन्द्र अरोरा अनुपम स्वीटस, आयुष मलिक, क्लब सचिव ला.विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष ला.राजन चानना, ला.मनीष धवन, ला.अनुपम गर्ग, ला.नितिन भारद्वाज, रीजन चेयरमैन ला. बृजेश अग्रवाल, जोन चेयरमैन ला.डॉ. पंकज गुप्ता, ला.सुशील सडाना, ला.डॉ. अजय जैन आदि उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में एक शातिर घायल बदमाश समेत दो गिरफ्तार, लूट का माल बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना देवबन्द पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक घायल शातिर बदमाश समेत दो को गिरफ्तार करने



में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से अवैध असलाह, लूट का मोबाइल, 2800 रूपये की नगदी व एक बाईक बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया है।

थाना देवबंद प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक राकेश पंवार तथा संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम कासिमपुरा फाटक से आगे खडंजा नहर पुलिया पर चैकिंग कर रहे थी, तभी खेड़ी आस्था की तरफ से एक बाईक पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये, जिन्हें संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया, तो बदमाश बाईक को वापस मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया, तो हड़बड़ाहट में बदमाशों की बाईक फिसलकर गिर गई। दोनों बदमाश बाईक छोड़कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर खेतो मे भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को बाये पैर में गोली लगने से घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया तथा दूसरा बदमाश अन्धेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान बाबर पुत्र बदर निवासी मौहल्ला पक्का बाग कस्बा व थाना देवबन्द तथा फरार बदमाश फैसल पुत्र ईनाम निवासी मौहल्ला कायस्थवाड़ा कस्बा व थाना देवबन्द को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बदमाशों के कब्जे से लूट का एक मोबाइल फोन, नकदी, एक चोरी की बाईक व अवैध शस्त्र बरामद किए गए। श्री कुमार ने बताया कि घायल बदमाश बाबर शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है, जिसके विरूद्ध थाना देवबन्द पर लगभग आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है।

# बॉक्सिंग खेल के मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डल स्तरीय बॉक्सिंग खेल के चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय समन्वय अण्डर-17 जूनियर बालक व बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सहारनपुर मण्डल का प्रतिनिधित्व करेगें।

उप क्रीडाधिकारी अरुणा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश खेल भवन लखनऊ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय अण्डर-17 जूनियर बालक व बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 03 से 06 जून 2025 तक झांसी में किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभाग हेतु डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, सहारनपुर में मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन डॉ. अतुल सिन्हा, क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी, सहारनपुर मण्डल के दिशा निर्देशन में उप क्रीडाधिकारी अरूणा की देख-रेख में किया गया। खिलाडियों का चयन जिला बॉक्सिंग संघ सहारनपुर की सचिव सचिव रितू एवं तबरेज के द्वारा किया गया गया।

उप क्रीडाधिकारी अरुणा ने बताया कि मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में 46-48 किग्रा में आर्यन कुमार, 48-50 किग्रा में प्रिंस कुमार, 50-52 किग्रा में सावन, 57-60 किग्रा में आयुष प्रताप सिंह, 60-63 किग्रा में दुष्यंत, 63-66 किग्रा में रूद्र राणा, 66-70 किग्रा में अभय प्रताप (सभी सहारनपुर), 52-54 किग्रा में विशेष, 54-57 किग्रा में अंगद, 70-75 किग्रा में आशु बालियान, 80 किग्रा में अंश चौधरी (सभी मु0नगर), 44-46 किग्रा में राम कौशिक (शामली) का चयन सहारनपुर मण्डल की अण्डर-17 जूनियर बालक की टीम में किया गया।

**विवेचना में न हो किसी भी तरह की लापरवाहीः मनीष बंसल**

# किसी भी दशा में न हो अवैध खननः जिला मजिस्ट्रेट

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा की विवेचनाधीन मुकदमों की विवेचना शीघ्र समाप्त करके आगे की कार्यवाही में तेजी लाएं। विवेचना में लापरवाही पर विवेचना अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीलामी संबंधी कार्यवाही को समयबद्धता के साथ पूरा करें। पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष अपने स्तर से बिना नंबर प्लेट, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट या अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों की जानकारी अगली बैठक में उपलब्ध कराने के साथ ही तत्काल मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करें। उन्होने सख्त



निर्देश दिए कि पकडे गये ओवरलोड वाहनों की जारी आरसी की कडाई से वसूली की जाए। एसडीएम, सीओ एवं संबंधित थाना अध्यक्ष यह सुनिश्चित कर लें कि उनके क्षेत्र में किसी भी दशा में अवैध खनन न होने पाए।

डीएम ने कहा कि अगर किसी थानाध्यक्ष के क्षेत्र में होने वाले अवैध खनन की सूचना जिला टास्क फोर्स को नहीं दी गई तो संबंधित थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसलिए सभी थानाध्यक्ष अवैध खनन की सूचना मिलते ही तत्काल टास्कफोर्स को सूचित करें। उन्होंने कहा कि टास्कफोर्स क्षेत्र का निरंतर भ्रमण करती रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, एसपी देहात सागर जैन, एसडीएम सदर, नकुड, बेहट, एआरटीओ एमपी सिंह, खनन अधिकारी सुभाष सिंह सहित संबंधित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सचिव, नगर विकास, अजय शुक्ल ने डीएम के साथ किया सीएचसी बर्डपुर का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सचिव, नगर विकास उप्र शासन अजय शुक्ल ने जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर के साथ शुक्रवार को सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र बर्डपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, वार रूम, इमरजेन्सी वार्ड, जनरल वार्ड, दवा वितरण कक्ष, लैब आदि को देखा। निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीज व तीमारदारों से वार्ता कर स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। उन्होंने एमओआईसी से तैनात डाक्टर्स व एएनएम व अन्य स्टाफ के बारे में जानकारी प्राप्त किया। अवगत कराया गया कि पद के सापेक्ष तैनाती पूर्ण है। सचिव, अजय शुक्ल ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं का 100 प्रतिशत आरसीएच पोर्टल पर फीडिंग करायें इसके साथ ही साथ गर्भवती महिलाओं व बच्चों को वार रूम से सम्पर्क कर जांच व स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी जाये। भारत सरकार/उ0प्र0 सरकार की संचालित सभी योजनाओं का लाभ सभी गर्भवती महिलाओं को दिलाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रजत कुमार चौरसिया, अपर उपजिलाधिकारी ललित कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद, देवरिया द्वारा देवरिया क्लब, टाउन हॉल में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष मा.अलका सिंह द्वारा की गई, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मा. विजयलक्ष्मी गौतम, राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार तथा मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती अस्मिता चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में मा. मुख्य अतिथि द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, आदर्शों एवं उनके समाजसेवा के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता श्रीमती अस्मिता चंद ने अपने वक्तव्य में महिलाओं के सशक्तिकरण को समाज के सर्वांगीण विकास का आधार बताते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने अपने संबोधन में रानी अहिल्याबाई होल्कर के विचारों को आज की पीढ़ी विशेषकर महिलाओं के जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी और महिला सशक्तिकरण को प्रशासन की प्राथमिकताओं में एक बताया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार तिवारी, सफाई निरीक्षक श्रद्धानंद, राज प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य नीरज शुक्ला एवं प्रधानाचार्या नलिनी सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक यादवेश कुमार यादव, मनीष कुमार श्रीवास्तव, राजन सिंह सहित इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय एवं शिशु मंदिर मोंटेसरी स्कूल देवरिया के शिक्षकगण, बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, स्वास्थ्य विभाग से आशा कार्यकर्त्रियां, नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारी एवं सफाई नायक गण की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के प्रति सम्मान, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा सामाजिक सहभागिता का सशक्त संदेश दिया गया।

## गोंडा के व्यक्ति का कप्तानगंज में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में गोंडा निवासी एक व्यक्ति का लाश थाने के सामने झाड़ी में देखा गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके से पहुंच गई और शव का शिनाख्त करने में जुट गई। शिनाख्त होने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। शुक्रवार को कप्तानगंज थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। जांच के क्रम में मृतक की पहचान नवरंग प्रसाद पुत्र रामजीत उम्र लगभग 40 वर्ष जनपद गोण्डा के रुप में हुई है। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से यह तथ्य भी प्रकाश में आ रहा है कि 28/29 मई की रात्रि में मृतक कुछ लोगों के साथ सामने सड़क पर घूमते हुए और वहां दिवाल पर बैठा दिखाई दे रहा है। इस संबंध पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन सिंह ने बताया कि मृतक की मृतक का शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए सर्विलांस एवं फोरेसिंक टीम द्वारा सभी तथ्यों की गहनता से जांच कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एएमयू स्कूल में प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सैयद हमीद सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बॉयज) में 'वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करना' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों, गैर-शिक्षण स्टाफ और छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी उप प्रधानाचार्य मोहम्मद जावेद खान ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के लिए तत्काल और दीर्घकालिक दोनों प्रकार के खतरे पैदा करता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्थानीय स्तर पर व्यावहारिक कदम उठाकर प्लास्टिक पर निर्भरता को कम करें। बारहवीं कक्षा के छात्र हिशाम और मोहम्मद शोएब ने वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक उपयोग को नियंत्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भूगोल विभाग के प्रभारी सबाहुद्दीन ने प्लास्टिक के मानव स्वास्थ्य, समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी और समस्या के समाधान के लिए व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन जैनब अरजुमंद वसीम, आयशा इमरान और कैप्टन नजफ अली खान द्वारा किया गया।

## महिला सभा की जिला अध्यक्ष सत्यभामा सिंह की अध्यक्षता में संगठन व बूथ समीक्षा बैठक सम्पन्न

**महाराजगंज अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा पनियारा में बृहस्पतिवार को महिला सभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा सिंह की अध्यक्षता में संगठन समीक्षा एवं बूथ स्तर की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर गहन चर्चा की गई। बैठक के विशेष अतिथि देवरिया के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवम पनियारा प्रभारी श्री विजय प्रताप यादव रहे, जिले में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया और पारंपरिक ढंग से उनका सम्मान किया गया। सत्यभामा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर से शुरू होती है, और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही पार्टी को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका में भी आगे आ रही हैं। विजय प्रताप यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि पार्टी की असली ताकत जमीनी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने महिला मोर्चा की सक्रियता की सराहना की और कहा कि महिला कार्यकर्ताओं के योगदान से संगठन को नई दिशा मिलेगी।




## परिवार परामर्श केन्द्र के प्रयास से 4 जोड़ों का कराया मिलाप- आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में पारिवारिक समस्याओं/मतभेदों के मामलों को परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलरों द्वारा दोनों पक्षों को साथ बैठाकर उनकी समस्याओं को सुनकर 4 जोड़ों के समझौते कराकर उनके परिवारों को टूटने से बचाया गया। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक शिखा त्यागी, काउंसलर डॉ. देवेंद्र कुमार एवं अमित अग्रवाल द्वारा आज दिनांक 30.05.25 को प्रभावशाली काउंसलिंग कर कुल चार परिवारों को टूटने से सफलतापूर्वक बचाया गया। विभिन्न पारिवारिक मतभेदों एवं घरेलू विवादों से जूझ रहे इन परिवारों को आपसी संवाद, समझदारी और परामर्श की मदद से पुनः एक सूत्र में बांधने का सराहनीय कार्य किया गया। महक (परिवर्तित नाम), निवासी भुजपुरा, थाना कोतवाली नगर, अलीगढ़ एवं रहीम (परिवर्तित नाम), निवासी खुर्जा, जनपद बुलंदशहर के बीच का था। आवेदिका द्वारा पति पर नशे की लत एवं मारपीट के गंभीर आरोप लगाए गए थे। पूजा (परिवर्तित नाम) एवं रुद्र कुमार (परिवर्तित नाम), निवासी सासनीगेट, अलीगढ़ के बीच वैवाहिक मतभेद उत्पन्न हो गए थे। आवेदक ने रुद्र द्वारा शराब सेवन कर गाली-गलौज करने की शिकायत की थी। दोनों की शादी 11 माह पहले हुई थी तथा पत्नी 04 माह की गर्भवती है। कीर्ति (परिवर्तित नाम), निवासी छर्रा एवं सुंदर (परिवर्तित नाम), निवासी एटा से संबंधित था। आवेदिका ने बताया कि उसकी बहन भी उसी घर में ब्याही है और दोनों को पतियों द्वारा मानसिक प्रताड़ना दी जाती है। रेनू कुमारी (परिवर्तित नाम) निवासी सासनीगेट तथा रोशन कुमार (परिवर्तित नाम) निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली का था जिसमें घरेलू विवाद के चलते दोनों पति पत्नी अलग अलग रहने लगे थे। इन सभी मामलों में परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने दोनों पक्षों से विस्तारपूर्वक वार्ता की, पारिवारिक मूल्यों की महत्ता को समझाया तथा सुलह-समझौते की दिशा में प्रभावी पहल कर उनका पारिवारिक जीवन संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## इप्टा की कार्यशाला में निखर रहीं प्रतिभाएं

**उरई (जालौन)।** इप्टा की कार्यशाला में बाल एवं युवा रंगकर्मी विभिन्न एक्ट करने में जमकर पसीना बहा रहे हैं। सिद्ध हस्त रंगकर्मियों का सानिध्य पाकर प्रतिभाएं निखर रहीं हैं। 25वीं निःशुल्क बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला में लखनऊ से आई प्रशिक्षक विनीता सिंह ने कहा, सांस्कृतिक चेतना के द्वारा समाज को नई दिशा दी जा सकती है। बुंदेलखंड क्षेत्र में अभूतपूर्व कलाएं हैं लेकिन उनको उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि यह कलाएं अपना अस्तित्व खोतीं जा रही हैं। सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में इप्टा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इप्टा नगर अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल कुमार वैद ने कहा, इप्टा कार्यशाला के माध्यम से बच्चों का बौद्धिक विकास हो रहा है। इनको मुकाम जरूर मिलेगा बशर्ते पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ अपने कार्य में लगा जाए।

## मधुर मिलन में रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी स्मृति पर पालिका अध्यक्ष ने संबोधित किया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** बढ़पुर स्थित मधुर मिलन में फर्रुखाबाद नगर पालिका परिषद द्वारा भारतीय जनता पार्टी के रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्री-जन्म शताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत नगर पालिका सम्मेलन आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत मुख्य वक्ता डॉ रजनी सरीन एवं कार्यक्रम की आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम के उपरांत सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नगर पालिका के सफाई कर्मचारी एवं डूडा विभाग के अंतर्गत लाभार्थियों महिलाओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। रानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहा रानी अहिल्याबाई होलकर एक न्याय प्रिय शासिका थी जिन्होंने समाज में नारी को सिर्फ करुणा ही नहीं बल्कि शक्ति का रूप बताया था। वह नारी शक्ति के प्रतीक थी जिन्होंने शासन धर्म समाज सेवा और जन कल्याण के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य किया भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो ऐसे राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली महान विभूतियों को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य कर रही है भाजपा वीरांगनाओं संतों और समाज सुधारकों को स्मरण कर उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती है। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय परिषद की पूर्व सदस्य डॉ रजनी सरीन ने रानी अहिल्याबाई होल्कर ने बहुत संघर्षों से गुजर कर समाज और राष्ट्र की सेवा की उन्होंने अपने शासन में न्याय को प्राथमिकता देकर महिला सशक्तिकरण के मिसाल कायम की है। कार्यक्रम आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष वत्सल्या अग्रवाल ने कहा रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवन में महिला सशक्तिकरण धार्मिक स्थलों के निर्माण और गरीबों की सेवा को प्राथमिकता दी आज समाज में अहिल्याबाई होल्कर जैसे आदर्श की आवश्यकता है ताकि महिलाओं का सशक्तिकरण हो सके।




## पॉवर, जो कभी खत्म न हो: 2025 की फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी 7 सीरीज़ का भारत में हुआ लॉन्च

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** रियलमी ने आज भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज़ पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज़ का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है। अनुज सिद्धार्थ, डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा जीटी 7 के लिए रियलमी के साथ हमारा सहयोग फ्लैगशिप इनोवेशन को भारतीय ग्राहकों तक पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। भारत में मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई के साथ पहले स्मार्टफोन के रूप में यह लॉन्च भारत पर केंद्रित हमारे दृष्टिकोण की एक बड़ी कामयाबी है। 4एनएम ऑल बिग कोर मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई में कॉर्टेक्स एक्स4 कोर और शक्तिशाली इम्मोर्टलिस-जी720 एमसी12 जीपीयू का उपयोग किया गया है, जिससे बहुत स्मार्ट, रिस्पॉन्सिव और पॉवर-एफिशियंट अनुभव प्राप्त होता है, जो आज के यूज़र्स की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप है।




## मिशन शक्ति अभियान-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों* पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे *वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों* के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## भारतीय कृषक एसोसिएशन द्वारा बिजली एवं बच्चों की फीस को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर में मजिस्ट्रेट को सोपा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** किशन अग्निहोत्री के नेतृत्व में जनपद फर्रुखाबाद की समस्यौ को लेकर मांग पत्र जिलाधिकारी के नाम भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा जिसमे बिन्दु निम्नलिखित हैं जिले में बिजली रात दस बजे के बजाये दिन में बिजली दी जाबे क्यों कि रात्रि में जहरीले सांप कीडौ का डर रहता है जनपद में जितने भी मान्टेश्बरी पद्धति बिध्यालय चल रहे उनकी बड़ी हुई फीस और किताबौ की कमीशन खोरी बन्द की जाये जो विद्यालय कानूनका पालन नहीं करते हैं उनकी मान्यता रद्द की जाये भारत सरकारने योजना लागू की जलजीबन मिशनके तहत जिले में लगभग 60 प्रतिशत टंकी और ऐसी लागी हैजिनके पिलर बना कर खड़े कर दिये लेकिन टंकी का आजतक पता नहीं अतः प्रशाशन इस ओर ध्यान दें और अभिलम्ब कार्य पुर्ण कराया जाये मोहम्मदाबाद ब्लाक के गांब बारिक में प्रधानमंत्री ग्राम सडक निर्माण कार्य शुरू किया गया था लेकिन सड़क पूर्ण होने के पन्द्रह दिन के अन्दर उखड़ गयी इसकी जांच करायी जाये मोहम्मदाबाद ब्लाक केगांब सहसा पुर के मजरा नगलादढा में आम रास्ता कागजौ मै है आजतक कोई काम नहीं किया गया अतः रामनारायन राजपूत के दरवाजे का आम रास्ता अति शीघ्र बनाया जाये कमालगंज फरुखाबाद में मंण्डी समिति में पानी पीने की व्यवस्था नहीं है अतः नगर पालिका परिषद मण्डी समिति में पानी की अति शीघ्र ब्यबस्था करबाये जनपद का किसान आसाराम पशुओं से परेशान हैं रात-दिन किसान खेती की रखवाली करता है फिर भी जानवर फसल नष्ट कर देते हैश। गांड़ निडर ई बरियार तहसील कायजगंज के अन्तर्गत आता है जिसमें गाय को जाने का एक आम रास्ता है बह है नहर पर जो अलीगंज से कायमगंज मार्ग पर पड़ता है बह रास्ता उबड खाबड है।




## रास्ते की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के मेहरुकुंडल में रास्ते की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रधान प्रेमचंद यादव ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग किया है। आरोप है कि गाटा संख्या 70 भूलेख में आबादी दर्ज है। इस भूमि में कच्चा सार्वजनिक रास्त बहुत पहले से चला आ रहा। वर्तमान समय में गांव का एक मनबढ़ रास्ते की भूमि में छप्पर डालकर अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे गांव के लोगों का रास्ता रुका हुआ है। पूर्व में लेखपाल द्वारा भूमि को चिन्हित कर चुना भी गिराया जा चुका है। वर्तमान समय में वह अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया। प्रधान ने हो रहे अवैध निर्माण को रोकने की मांग किया है। इस संदर्भ में एसडीएम दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रकरण की जानकारी है। लेखपाल को बुलाकर जानकारी ली जाएगी।

## आपसी विवाद को लेकर मनबढ़ो ने पीटा केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के बरहुआ निवासी अनिल कुमार कन्नौजिया पुत्र रामदरश कन्नौजिया का 25 मई को रात्रि में किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो रहा था। उसी दौरान महिला का नाती आ गया और गाली गलौज करने लगा तथा और अपने दो भाईयो को बुला दिया। और लात मुक्कों,ईट,लाठी डंडा,लोहे की रॉड से मारकर घायल कर दिया। बचाव के पहुंची पत्नी रजनी देवी को मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कृष्णा, विवेक, निहाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कैंची से हमला कर घायल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के विडार में विवाद की दौरान युवक पर कैंची से हमला कर घायल करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया। मिली जानकारी से शुक्रवार को थानेदार महेश कुमार चौबे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनोद कुमार कास्टेबिल बृजेश सिंह, विश्वनाथ संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की विडार में कैची से हमला कर घायल करने वाला अभियुक्त रवि निषाद पुत्र अर्जुन निषाद निवासी विडार अपने खेत में मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## आबकारी विभाग ने 76 लीटर कच्ची शराब बरामद की

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत दिनांक 30/05/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, क्षेत्र-2 (अतिरिक्त चार्ज) एवं क्षेत्र 3 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम नेकपुर चौरासी, श्यामनगर, प्रेमनगर एवं तकीपुर में दबिश दी गई। 76 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 04 अभियोग पंजीकृत किये गए। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।



### घघसरा में मनाई गयी अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी समारोह

# नारी सशक्तिकरण सरकार की प्रथम प्राथमिकता है : प्रभाकर दुबे

अवधनामा संवाददाता



**घघसरा।** नगर पंचायत घघसरा में शुक्रवार को अध्यक्ष प्रभाकर दुबे की अध्यक्षता में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रि शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महिला सशक्तीकरण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में आशा कार्यकत्रियां मौजूद थीं।

सभा को संबोधित करते हुए सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि, नारी सशक्तिकरण सरकार की प्रथम प्राथमिकता है और सरकार इस दिशा में सतत कार्य कर रही है। नारी के पास पैसा है, तो घर के उसके बच्चे अच्छी तरह पढ़ते लिखते हैं। देश का चतुर्दिक विकास के लिए महिला का सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। नारी मजबूत है, तो बच्चे भी शिक्षित होंगे और घर भी चलेगा। अहिल्याबाई होल्कर एक नारी थीं,जो कर दिखाया वह हर किसी के लिए के लिए संभव नहीं है । उन्होंने नारियों के उत्थान के लिए सबसे पहले कुरीतियों के विरोध में संघर्ष किया। सती प्रथा धार्मिक उत्थान के लिए मंदिरों का जीरो धार और निर्माण सभी सामाजिक काम भरपूर करवाया। प्रमुख बेलघाट डॉ पूजा सिंह कौशिक ने गोष्ठी ने कहा कि- एक महिला सब कुछ करने में सक्षम है चाहे वह सामाजिक क्षेत्र हो राजनीतिक क्षेत्र हो या धार्मिक क्षेत्र हो अहिल्याबाई होल्कर महिलाओं की आदर्श हैं। उक्त अवसर- त्र्यंबक उपाध्याय, कृष्ण मोहन कसौधन, मनोज सिंह, शिवचरण प्रसाद, रुचिका मिश्र,दयाशंकर सिंह, विजय बहादुर, कृष्ण मोहन कसौधन, दिनेश मिश्रा राम जनक मौर्या, विनोद पांडेय, विजय मिश्रा राजू पांडेय, ध्रुव कुमार गौड़, संतोष पांडेय, सुंदरम त्रिपाठी, शिवानंद पांडेय, अभिमन्यु कनौजिया, मुन्ना राकेश, धूवचंद्र गुप्ता, चंदन वर्मा, विनोद गुप्ता, अशोक मौर्य समेत कई लोग मौजूद थे।

## अहिल्याबाई होलकर जयंती में 12 महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया

**उरई (जालौन)।** नगर पालिका परिषद में अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह का आयोजन पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 12 महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका परिषद के परिसर में आयोजित जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने केंद्र तथा प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं से शासकीय सुविधाओं योजनाओं का लाभ हासिल करने के लिए जागरूक रहने की सलाह दी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि शासन के द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है। उसको नगर पालिका के द्वारा प्राथमिकता से क्रियान्वित कराया जा रहा है।

## सूचना

मैं श्रीमति रशीदा बानों पत्नी रशीद अहमद नि. म.न. 6/3802 गली नई बस्ती, थाना कोतवाली, सहारनपुर सूचित करती हूं कि मेरा पुत्र प्रवेज अहमद गलत संगत मे पड़ जाने के कारण मेरे व मेरे परिवार के कहने में नहीं है। अतः मैंने प्रवेज़ से हर प्रकार का सम्बन्ध समाप्त कर इसको अपनी चल/अचल से बे दखल कर दिया है भविष्य में अपने किसी भी कार्य हेतु प्रवेज खुद ज़िम्मेदार होगा।

## सूचना

न्यायालय मा.सिविल जज सीडी सहारनपुर मु.नं 2636 सन 2024 वेद ज्ञान डवलपर्स प्रा. लिए द्वारा डायरेक्टर अजय गोयल पुत्र श्री ज्ञान चन्द नि. सी0-सी टावर 004 ओमेक्स फोरेस्ट स्पा फोरेस्ट मार्ग इन्फन्ट (सामने) आफ पंचशील बालक इन्टर कालेज, सैक्टर-3बी नोएडा गौतम बुद्ध नगर वादी (बनाम) प्रवेश पुत्र श्री चौहल सिंह निवासी ग्राम रेहडी परगना हरौढ़ा तहसील व जिला सहारनपुर। प्रतिवादी वेद ज्ञान डवलपर्स प्रा0लि. द्वारा आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुकुम होता है कि आप बतारीख 10 माह 07 सन 2025 वक्त 10:00 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा के हालात से वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके। हाजिर हो और जवाबदेही दावा भी करे इत्तिला दी जाती है कि बेरोज मज़कूर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा निषेधाज्ञा आवेदन पर उसी दिन सुनवाई होगी दि.28 5/25 को जारी हुआ।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर**

## सूचना

न्यायालय मा. सिविल जज सीडी सहारनपुर मु.नं 2641 सन 2024 टिंकू पुत्र चंद्र वीर सिंह वेद ज्ञान नि. मेधन माजरा, आलमपुरा कलां, मुजफ्फराबाद, बेहट, सहारनपुर वादी (बनाम) बुशरा पत्नि शहजाद नि. ग्राम कलसिया, प. मुजफ्फराबाद, तह.बेहट व जिला सहारनपुर। (प्रतिवादी) हरगह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत निषेधज्ञया के दायर की है कि लिहाजा आपको हुकुम होता है कि आप बतारीख 10 माह 07 सन 2025 वक्त 10:00 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमा के हालात से वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके। हाजिर हो और जवाबदेही दावा भी करे इत्तिला दी जाती है कि बेरोज मज़कूर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा निषेधाज्ञा आवेदन पर उसी दिन सुनवाई होगी दि.28 5/25 को जारी हुआ।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर**

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अजीत तेज बहादुर सिंह (Ajit Tejabahadur singh) है। त्रुटिवश मेरे पासपोर्ट में Ajit Tejbhadur Singh) लिख दिया गया है जो सही नहीं है। मुझे Ajit Tejbahadur Singh के नाम से ही जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

**अजीत तेज बहादुर सिंह पुत्र तेज बहादुर सिंह ग्राम - बिसानी खरिहानी पोस्ट- टांडाडीह थाना- तरवा जिला - आजमगढ़**

# पत्रकारिता का धर्म निभाना सबसे ज़रूरीः समीर शाही



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर इंडियन काउंसिल ऑफ प्रेस के तत्वावधान में सर्किट हाउस सभागार में विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूपेश श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन पत्रकार राजेंद्र कुमार दूबे ने किया। समापन सुबोध श्रीवास्तव द्वारा किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना विभाग के अधिकारी संतोष द्विवेदी रहे, जिन्होंने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का आधार हैं और उन्हें हर स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए।÷ विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे, जिनका स्वागत रूपेश श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।संगोष्ठी में प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारिता एक स्वाभिमानी पेशा है, जो पीड़ितों और वंचितों की आवाज़ बनती है। वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि पत्रकारिता का मूल धर्म सच को लिखना और सत्ता से सवाल करना है।

## देश के चौथे स्तंभ सभी पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएंः सरोज यादव

अयोध्या।समाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने सभी पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह लोगों के स्थानीय या राष्ट्रीय वैश्विक खबरों से अवगत कराता है। जिससे वह अपनी राय बना सकते हैं और समाज में सक्रिय रूप से भाग ले सकते हैं। पत्रकारिता लोगों को शिक्षित करती है उन्हें नई जानकारी देती है और उन्हें महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे मे सोचने के लिए प्रेरित करती है। पत्रकारिता सरकार एवं अन्य संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करती है। जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू करेगी 50 एआईः समर्थित कोर्स




**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** भारत की शीर्ष निजी यूनिवर्सिटी (क्यूएस एशिया रैंकिंग) चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने उत्तर प्रदेश में अपने पहले एआई-सपोर्टेड कैंपस की स्थापना के साथ शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कुल 50 फ्यूचर-ओरिएंटेड कोर्स शुरू करने की घोषणा की है। इनमें 15 इंडस्ट्री-कॉलेबरेटेड प्रोग्राम शामिल हैं, जिन्हें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, क्विक हील, केपीएमजी जैसी दिग्गज कंपनियों के सहयोग से विकसित किया गया है।अयोध्या के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी ने एआई-आधारित पाठ्यक्रम पहले दिन से ही लागू कर दिए हैं, जिससे छात्र इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सकें। डॉ. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने 100 से अधिक कंपनियों के सीईओ और वाइस प्रेसिडेंट्स के साथ मिलकर कॉरपोरेट एडवाइजरी बोर्ड (छ्क्क) का गठन किया है, जो कोर्स कंटेंट को इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुसार अपडेट करता रहेगा। प्रो. सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित माइक्रोसॉफ्ट एआई बूटकैम्प में 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और उन्हें एआई तकनीकों का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। यह कदम यूनिवर्सिटी की इंडस्ट्री-केंद्रित शिक्षा नीति की ओर एक मजबूत शुरुआत है।

## भारत में अहिल्याबाई ने रखी सुशासन की नींवः टम्टा

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में शुक्रवार को आयोजित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि भारतीय इतिहास में सबसे पहले सुशासन लाने का कार्य पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर ने किया । उन्होंने कहा कि सुशासन की वर्तमान व्यवस्था जिसमें किसानों को नुकसान का मुआवजा देने, विधवाओं का समूह गठन कर रोजगार से जोड़ने की शुरुआत अहिल्याबाई होल्कर ने की थी । उन्होंने कहा कि हम आक्रांताओं का इतिहास पढ़ते हैं, लेकिन हमें वह इतिहास जानना चाहिए जो महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, अहिल्याबाई होलकर और झांसी की रानी जैसे भारतीय महापुरुषों से जुड़ा है । उन्होंने अपने को देवभूमि उत्तराखंड का बताते हुए भगवान राम की जन्म भूमि उत्तर प्रदेश को याद किया। उन्होंने कहा कि सैकड़ो वर्षों के बलिदान के बाद यहां की जनता ने भाजपा को भव्य राम मंदिर बनाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सोप था, जो पूरा हो रहा है । वशिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार ने अहिल्याबाई होलकर के महान संघर्ष की गाथा की चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें जीवन में पग - पग पर परीक्षा देनी पड़ी, लेकिन दृढ़ संकल्प से परिपूर्ण होने के कारण उन्होंने हर तरह की चुनौती को पूरा किया, चाहे वह न्याय के शासन के लिए बेटे को दंड देना रहा हो अथवा धर्म, संस्कृति की स्थापना । सांसद ने काशी, केदारनाथ, अयोध्या समेत देश भर में सैकड़ो मंदिरों के निर्माण में उनके योगदान के लिए याद किया तथा भारत समेत पूरी दुनिया को खूबसूरत सदियों के केंद्र के रूप में महेश्वर को विकसित करने के लिए उठाए गए कदम की भी चर्चा की।

## फरेंदा तहसील में नवागत उप जिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार



**नौतनवा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)**फरेंदा तहसील में नवागत जिलाधिकारी के कोप भाजन का शिकार हुए एसडीएम मुकेश कुमार के स्थानांतरण के बाद नवागत उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। उपजिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने अधीनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि पर ध्यान देते हुए समयानुसार पूरा कराना आवश्यक है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि किसी को यदि कोई परेशानी हो तो वह सीधे उनसे मिल सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को जनता के कार्य में लापरवाही न करने तथा प्रशासनिक आदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन किये जाने पर जोर दिया। बैठक के बाद उन्होंने बनकटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए दवाओं की उपलब्धता व डाक्टर के उपस्थित पर ध्यान देने का निर्देश दिया।

## लोक विमर्श में ग्राम पंचायत को सेल्फ गवर्नमेंट बनाने पर हुई चर्चा



*अवधनामा संवाददाता*

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** विकासखंड बनीकोडर के ग्राम नरायनपुर एवं ग्राम भुड़हरी में में इंडिया पंचायत फाउंडेशन, पंच परमेश्वर विद्यापीठ, तीसरी सरकार अभियान उत्तर प्रदेश एवं बिरजू संस्थान के तत्वावधान में पंचायती राज अधिनियम पर आधारित शोध कार्य के तहत ग्राम पंचायत लोक विमर्श का आयोजन किया गया। लोक विमर्श में वार्ड सदस्यों सहित ग्राम सभा के कई सदस्य व महिलाएं उपस्थित हुई। लोक विमर्श में ग्राम पंचायत को सेल्फ गवर्नमेंट के रूप में स्थापित करने तथा पंचायत प्रतिनिधियों को इनके अधिकार व दायित्वों पर चर्चा हुई। तीसरी सरकार अभियान के जोनल कोऑर्डिनेटर रत्नेश कुमार जे निर्देशन में मॉडरेटर राम कैलाश ने बताया कि पंचायती राज अधिनियम में ग्राम पंचायत को तीसरी सरकार या सेल्फ गवर्नमेंट के रूप में संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं, पंचायत प्रतिनिधि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं है, जिस कारण पंचायत प्रतिनिधि इसे सेल्फ गवर्नमेंट के रूप में नहीं स्थापित कर पाए हैं।

लोक विमर्श में उपस्थित प्रतिभागियों से पंचायत की गतिविधियां, बैठकों की प्रक्रिया, बैठक का कोरम, सूचना एजेंडा, बैठक कार्यवाही, पंचायत गठन और जीपीडीपी निर्माण जैसे कई विषयों पर खुली चर्चा की गई। ग्राम सभा सदस्यों ने बताया कि सरकार के निर्देश पर गांव में काम कराए जाते हैं, लेकिन कर्मचारी अधिकारी काम मे पारदर्शिता नही रखते हैं। पंचायत की समितियों का गठन कागज पर होता है, उसकी बैठक भी नही होती है। जीपीडीपी निर्माण की कोई जागरूकता लोगों में नही है। रामकैलाश ने बताया कि ग्राम पंचायत की बैठक की प्रक्रिया विशेष बैठक का आयोजन और बैठक का कोरम आदि विषयों की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को नहीं है, लोक विमर्श इसी विषय को लेकर किया जा रहा है ताकि पंचायत का हर मतदाता पंचायत विकास में सहभागी बन सके। लोक विमर्श में करीब आधा सैकड़ा ऐसे सवाल एवं उनके सुझाव उपस्थित जनों से लिए गए जिन पर पंचायत के प्रतिनिधियों व मतदाताओं को जानकारी में नहीं थे।

ग्राम पंचायत कैसे काम करती है, ग्राम पंचायत बैठकों की कार्यक्रम सूची, ग्राम निधि, ग्राम पंचायत के निर्णयो पर पुनर्विचार, समितियों के अध्यक्ष व सचिव आदि विषयों पर सुझाव लिए गए। लोक विमर्श में दोनों गांवों में वार्ड सदस्यों सहित तमाम गणमान्य महिलाएं उपस्थित हुई।

# साइबर ठगों पर पुलिस का शिकंजा, महिला को लौटाई 1.20 लाख रुपये



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** साइबर अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने और पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के उद्देश्य से बाराबंकी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। गेमिंग एप के माध्यम से एक महिला से 4,00,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी किए जाने के प्रकरण में साइबर क्राइम थाना बाराबंकी ने तेजी दिखाते हुए 1,20,000 रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक आवेदिका के खाते में वापस कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी सुनीता यादव के साथ गेमिंग एप के ज़रिए पैसा दोगुना करने के झांसे में आकर 4,00,000 रुपये की ठगी की गई। पीड़िता द्वारा घटना की सूचना साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश और क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल ने त्वरित कार्रवाई की।

बैंक और मर्चेंट से संपर्क कर संदिग्ध खातों को होल्ड कराया गया, जिससे 1,20,000 रुपये की धनराशि रिकवर कर पीड़िता के खाते में वापस कराई गई।पुलिस अधीक्षक बाराबंकी ने आमजन से अपील की है कि वे ऑनलाइन लेनदेन करते समय सतर्क रहें और किसी भी अनजान लिंक, एप या व्यक्ति के झांसे में आकर वित्तीय लेनदेन न करें। किसी भी साइबर अपराध की सूचना तत्काल 1930 दे।

## किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**मिठौरा महराजगंज (अवधनामा संवाददाता)** सिन्दुरिया थाना क्षेत्र एक गांव से किशोरी को भगाने व मार-पीट का मामले में पुलिस ने एक युवक को जेल भेज दिया हैं। जानकारी के अनुसार किशोरी की की मां के तहरीर पर बीते 23 मई को बहला फुसलाकर भगाने व मार-पीट गाली गलौज में मुकदमा पंजीकृत कर। आरोपी का खोजबीन करने मे जुट गई। मुखबिर की सूचना पर सन्नी कसौधन पुत्र मनोज कसौधन निवासी देउरवा को चिउटहां चौराहे के पास शुक्रवार को दोपहर 12बजे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जिसकी जानकारी थानाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दी।

## जनपद में संचालित होगा केंद्रीय विद्यालय

### राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर में चलेगा स्कूल

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** केंद्रीय विद्यालय की मांग को आखिरकार केंद्र सरकार ने हरी झंडी दे दी है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के सतत प्रयासों का परिणाम है। केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा 29 मई को जारी आदेश में महराजगंज को देशभर के 85 नए स्वीकृत केंद्रीय विद्यालयों में शामिल किया गया है।इस आदेश के मुताबिक, भारत सरकार द्वारा 27 दिसंबर 2024 को देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना को सशर्त अनुमोदन प्रदान किया गया था। शर्त के अनुसार, संबंधित जिलों को विद्यालय संचालन हेतु उपयुक्त भवन की उपलब्धता सुनिश्चित करनी थी। महराजगंज में यह शर्त पूरी की जा चुकी है। जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर को केंद्रीय विद्यालय के संचालन के लिए चयनित किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक का संचालन प्रारंभ होगा। भविष्य में उच्च कक्षाएं भी क्रमिक रूप से जोड़ी जाएंगी। प्रत्येक कक्षा में एक अनुभाग की स्वीकृति दी गई है। इससे जिले के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और समसामयिक शिक्षा का लाभ मिलेगा, जो अब तक बड़े शहरों तक ही सीमित थी। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा, ÷यह सिर्फ एक विद्यालय नहीं, बल्कि महराजगंज की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक मील का पत्थर है। हमारा उद्देश्य है कि जिले को शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना में राष्ट्रीय मानकों तक पहुंचाया जाए।

## मितई के समर कैंप में बच्चों की प्रतिभा को मिला नया मंच



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** राजकीय हाईस्कूल मितई, देवा में चल रहे ग्रीष्मकालीन समर कैंप के दसवें दिन शुक्रवार को मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों को व्यायाम एवं योगा के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया, जिससे बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। अगले सत्र में प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा के नेतृत्व में शिक्षिका आरती चौधरी ने विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु टाई एंड डाई (बंधेज) विधि से रुमालों को रंगने की तकनीक सिखाई। साथ ही, सब्ज़ियों की सहायता से ब्लॉक पेंटिंग द्वारा सुंदर डिजाइनों का निर्माण कराया गया। बच्चों ने अंगूठा और हथेली की सहायता से तितली, मोर व अन्य आकर्षक चित्र बनाए। इसी क्रम में शिक्षिका अंजू शुक्ला द्वारा बच्चों को कैरी बैग बनाना सिखाया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सृजनात्मकता,

## डेयरी वर्कर की गोली मारकर हत्या, पंचायतघर के सामने पड़ा मिला शव



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** कैंट क्षेत्र के मोहनपुर पंचायतघर के सामने शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बारादरी थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी 25 वर्षीय संकित चौहान के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सुबह रोहित ने मोहनपुर पंचायतघर के पास शव पड़े होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची कैंट पुलिस को मृतक के पास पड़े मोबाइल पर कॉल आ रही थी। कॉल रिसीव करने पर दूसरी तरफ अशोक नगर निवासी अंकित चौहान बात कर रहे थे। उन्होंने शव की पहचान अपने छोटे भाई संकित चौहान के रूप में की। परिजनों के मुताबिक संकित नशे का आदी था और मेडिसिटी अस्पताल के सामने पराग डेयरी की दुकान पर काम करता था। गुरुवार रात करीब 11 बजे तक वह दुकान पर मौजूद था, इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल सका। रातभर फोन करने के प्रयास के बावजूद कॉल रिसीव नहीं हुई। इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के सीने के बाईं ओर गोली लगने जैसा निशान है, जहां से खून भी निकला है। इससे साफ है कि युवक की हत्या गोली मारकर की गई है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हत्या की वजह और हत्यारों की तलाश में जुटी है।

## भाजपाइयों ने अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी मनाई गई

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** शुक्रवार को नगर पंचायत जैदपुर सभागार में अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी के अवसर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिलाओं का हुजूम मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर स्थित सभागार में अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम शुक्रवार करीब 12:30 बजे आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व सांसद ने संबोधित करते हुए अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही पीएम आवास शहरी योजना का लाभ पाए लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

## पत्रकारों के लिए अंतिम सांस तक लड़ेगी ऐप्जाः रवीन्द्र मिश्रा



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा)की भव्य तिरंगा यात्रा शुक्रवार को जनपद मे ऐप्जा के चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा की अगुवाई मे निकाली गयी और जोरदार ध्वनि पत्रकार एकता जिन्दाबाद के नारे भी लगे इस दौरान सैकड़ो की संख्या मे ऐप्जा से जुड़े पत्रकारों ने एक बाइक रैली को हाथ में तिरंगा लेकर निकाला उसके बाद जिला मुख्यालय स्थित डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक के सभागार में ऐप्जा द्वारा एक कार्यक्रम रखा गया जिसमे संगठन के चीफ को-ऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी उपस्थित रहे सबसे पहले मंच संभालते हुए रामसनेहीघाट तहसील से वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर बाबा ने संचालन किया इस दौरान सभी तहसीलों से आये तहसील संगठन के अध्यक्ष ने भी संगठन के लिये प्रत्येक सदस्य हमेशा तैयार रहने के लिए हुंकार भरी इस दौरान चीफ को-ऑर्डिनेटर ने भी सम्बोधित करते हुए पूर्व मे हुई पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं को साझा किया इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा अगर संगठन को आगे के लिए काम करने के लिए यदि योजनायें बनानी जरुरी है,वहीं कार्यक्रम में उपाध्यक्ष व नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिवेदी ने भी सम्बोधित किया इसी के साथ संगठन से जुड़े राम करन सिंह व हैदरगढ़ तहसील अध्यक्ष नृपेंद्र तिवारी ने भी अपना अनुभव साझा किया।इस दौरान सुरक्षा के भी पुलिस ने खासे प्रबंध किये को ऑपरेटिव सभागार मे आयोजित कार्यक्रम में कुछ दिनों पूर्व सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोलियों से भूनकर हुई हत्या मे पुलिस के द्वारा गलत खुलासा करके वारदात को ख़त्म कर दिया था इस दौरान स्वर्गीय बाजपेई के वृद्ध पिता, पत्नी व मासूम बच्चों की मदद के लिए संगठन से जुड़े विभिन्न जिलों के पत्रकार सीतापुर कलेक्ट्रेट में आयोजित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सीतापुर पहुंचने वाले जिले के अध्यक्ष अशोक तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह,उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिवेदी,योगेश जायसवाल, राम करन सिंह अंकित मिश्रा, इकरार अहमद, सतेंद्र कुमार आदि को सम्मानित किया, वहीं उपस्थित जनो को सम्बोधित करते हुए एप्जा चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा ने कहा की हमारे संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों के संग यदि कुछ गलत कृत्य पुलिस अथवा प्रशासन के द्वारा किया जाता है तो हम लोग तन मन और धन से उसकी मदद के लिए हर मोर्चे पर लड़ने को तैयार हैं उन्होने साफ तौर पर बताया की मै भी करीब एक दशक तक एक नामचीन समाचार पत्र मे बतौर पत्रकार काम किया।

## बरेली आगमन पर केंद्रीय मंत्री का विधायक संजीव अग्रवाल ने किया स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** आज बरेली सर्किट हाउस आगमन पर राज्य मंत्री, भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री मा. जतिन प्रसाद का कैंट विधायक प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने पटका एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के साथ महानगर उपाध्यक्ष अरुण कश्यप महानगर मंत्री अमरीश कठेरिया महानगर कोषाध्यक्ष राज अग्रवाल अशोक ठाकुर ओमप्रकाश लोधी सचिन कश्यप डॉक्टर गौरव गंगवार प्रदीप गुप्ता आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलवे इज्जतनगर मंडल पर मई महा में सेवानिवृत्त हुए 8 रेलवे कर्मचारी

*अवधनामा संवाददाता*



**बरेली।** इज्जतनगर मंडल पर माह मई, 2025 में सेवानिवृत्त हुए कुल 8 रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक सभा कक्ष में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री मनोज कुमार ने समापक राशि का भुगतान परिपत्र, मेडीकल कार्ड सहित सेवानिवृत्ति के अन्य दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड मेडल प्रदान किए तथा सेवानिवृत्त हुए रेल कर्मचारियों के दीर्घ आयु, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सभी सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों से कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे रेल परिवार के अभिन्न अंग हैं। आप लोगों ने अपना बहुमूल्य समय रेलवे को दिया है, अब आप इन जिम्मेदारियों से मुक्त हो चुँके है। अब आपलोगों को भरपूर समय मिलेगा, जिसके फलस्वरुप आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ-साथ अपना स्वास्थ्य पर भी पूरा समय दे पायेंगे तथा एक नये स्तर से जीवन की शुरुआत कर सकते हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए रेल प्रशासन का द्वार आप लोगों के लिए सदैव खुला है। आवश्यकता पड़ने पर आप बेहिचक रेल अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं। सभा कक्ष में उपस्थित 2ाखा अधिकारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने सुझावों के द्वारा बताया कि अपने जीवन भर की कमाई पूँजी को साइबर अपराधियों से बचा कर रखे। किसी के साथ अपना बैंक अकाउंट का ओ.टी.पी. 2ायर न करें। अपने पूँजी का सोच-समझकर ही कहीं पर निवेश करें सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों में सर्वश्री राम आसरे कुशवाहा, ट्रैक मेन्टेनर-।।।/कन्नौज; नूर मोहम्मद, काँटावाला-।।/गंजडुडवारा; बाबु अली, काटावाला-/बरेली सिटी; राहुल प्रताप विसारिया, मुख्य नियंत्रक/इज्जतनगर; लक्ष्मी प्रकाश सिंह, वरिष्ठ तक्नीशियन/पावर/कासगंज; राजवीर सिंह, एच.के.ए./मथुरा छावनी; सुखपाल, एच.के.ए./पीलीभीत तथा लक्ष्मी कान्त पाण्डे, वरिष्ठ तक्नीशियन/इज्जतनगर आदि 2ामिल है।

## स्वास्थ्य शिविर में दो दर्जन मरीजों की जांच, मुफ्त दवाएं वितरित

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जैदपुर नगर पंचायत परिसर में शुक्रवार को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी कार्यक्रम के अवसर पर लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर के अधीक्षक सुशील सरोज के निर्देश पर आयोजित इस शिविर में 24 से अधिक मरीजों ने लाभ लिया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मरीजों की शुगर, बीपी और टाइफाइड जैसी बीमारियों की जांच की। जांच के बाद मरीजों को मुफ्त दवाएं भी दी गईं। शिविर में डॉ. नजमुल हसन, लैब टेक्नीशियन मुकेश कुमार वर्मा और अमित सहित पूरा मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशुतोष अवस्थी ने भी अपना चेकअप कराया और डॉक्टर से परामर्श लिया।

# शराब की दुकान और गुमटी को चोरो ने बनाया निशाना



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** घुघली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर मोड़ पर बीती रात चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देर रात हो रही बारिश के बीच अज्ञात चोरों ने एक के बाद एक कई दुकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के अनुसार, चोरों ने सबसे पहले रामपुर मोड़ पर स्थित एक देसी शराब की दुकान को निशाना बनाया।चोरों ने पहले दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की दिशा बदल दी और गेट पर लगे ताले को ईंट से तोड़ने की कोशिश की। जब यह प्रयास असफल रहा, तो चोरों ने दुकान के बगल में लगे जंगले के सहारे अंदर घुसने की कोशिश की। दुकान से कुछ दूर पर स्थित भरवलिया निवासी संजय की एक गुमटी का फाटक तोड़कर चोरों ने उसमें रखे करीब 4 से 5 हजार रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। वहीं पास की ही रामपुर बिलडीहा निवासी सोनू कसौधन के किराने की दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास भी किया गया, परंतु वह सफल नहीं हो सके।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

# बसंतपुर व जुगडिहवा में लगा चौपाल गाँव की समस्या गाँव में समाधान

**अवधनामा संवाददाता**




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी अन्तर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर में शुक्रवार को ÷गाँव की समस्या गाँव में समाधान÷ करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम, ग्राम प्रधान इमरान अहमद, इरफान अहमद,रोजगार सेवक अम्बर, पंचायत सहायक आशीष यादव, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री निर्मला देवी व रामलली

**ग्राम पंचायत भवन पर चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न**

मिश्रा सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं ग्राम चौपाल जुगडिहवा में पंचायत सचिव शकील अहमद की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुई। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभाग से संबंधित तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जहां काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। अध्यक्षता कर रहे सचिव शकील अहमद ने सड़क, पानी, आवास, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन आदि के बारे में जानकारी दिया। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव शकील अहमद, ग्राम प्रधान मोहन चौधरी, पंचायत सहायक मोईनुद्दीन, ध्रुव पाल, जवाहरलाल, आकाश, जैद अफजल आदि तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर मेडिकल कालेज मे संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अम्बेडकरनगर।** राजकीय मेडिकल कालेज, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के तत्वाधान में दिनांक 30/05/25 को महर्षि वाल्मीकि व्याख्यान कक्ष में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य डा0 मुकेश यादव ने तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव पर संक्षेप में जानकारी दी, एवं तंबाकू निषेध के बारे में शपथ दिलाई। उप प्रधानाचार्य डा0 उमेश कुमार वर्मा ने तंबाकू उत्पाद एवं कंपनियों ?द्वारा प्रसारित भ्रामक विज्ञापनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डा0 सर्वेश गुप्ता जिला तंबाकू सलाहकार ने कोटपा एक्ट 2003 के बारे में बताया । डा0 अभिषेक पांडे द्वारा ओरल हेल्थ के बारे में जानकारी दी। डा0 उदयभान द्वारा दिल पर होने वाले प्रभावों एवं डॉक्टर सुलक्षणा गौतम द्वारा तंबाकू द्वारा फेफड़ों पर होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। कार्य कार्यक्रम का संचालन डा0 शिवरतन द्वारा किया गया एवं डा0 मोहम्मद मोहम्मद आतिफ ने कार्यक्रम के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# खुनुवा पुलिस चौकी के जवानों ने बरामद किया चावल व धान बीज

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर स्थित खुनुवा पुलिस चौकी के जवानों ने गस्त के दौरान कुछ लोगों द्वारा साइकिल से चावल व धान की बीज को अबैध रुप से भारत से नेपाल को ले जा रहे चावल व धान बीज को बरामद कर लिया। लेकिन मौका देख कर साइकिल चालक नेपाल सीमा के तरफ भाग गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुनुवा पुलिस चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी मय हमराही हेड कांस्टेबल मनोज कुमार,का0 आशीष कुमार,राजू कुशवाह के साथ सीमावर्ती क्षेत्र का देखरेख व भ्रमण में थे। तभी मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि कुछ लोग साइकिल से चावल व अन्य सामान की तस्करी करने के फिराक में है। पुलिस मुखबिर के बतायें जगह पर पहुंच कर घात लगा कर सतर्क हो गई। कुछ ही समय में पुलिस ने देखा कि आयुर्वेदिक सरकारी अस्पताल के तरफ से कुछ लोग साइकिल पर बोरी में भरे सामान को लेकर नेपाल सीमा के तरफ जा रहे थे। पुलिस ने शक के आधार पर साइकिल सवार को रोका तो तेजी से नेपाल की तरह भागने लगे। पुलिस को अपने पीछे आता देख साइकिल सवार सामान छोड़कर नेपाल की तरफ भाग गये। पुलिस ने सामान के पास पहुंचा तों जूट के बोरे में 4 बोरी चावल व प्लास्टिक बोरी में चार बोरी धान का बीज और एक साइकिल बरामद हुआ।काफी देर तक पुलिस बरामद सामान की जांच पड़ताल की लेकिन सामान का कोई भी बारिश नही मिला। जिस पर पुलिस ने बरामद माल व एक एटलस साइकिल को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही करने के लिए कस्टम कार्यालय खुनुवा को सुपुर्द कर दिया।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाये बकरा ईद का त्योहार : सीओ सदर

**अवधनामा संवाददाता**



**लोटन सिद्धार्थनगर।** अगामी बकरा ईद त्योहार को लेकर शुक्रवार को थाना लोटन प्रांगण में प्रधान बीडीसी मुस्लिम धर्म गुरुओं व संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सीओ सदर मयंक द्विवेदी ने उपस्थित लोगों से कहा कि त्योहारों को मनाने की परम्परा बहुत पुरानी है आपसी मेल मिलाप भाई चारे के साथ त्यौहार मनाये सार्वजनिक जगहों पर कुर्बानी न करें अपने घरो मे ही कुर्बानी करे। प्रतिवंदी पशु को कुर्बानी न करें कुर्बानी का अवशेष खुले मे न फेके।ईद गाह पर लौडीस पीकर न लगाएं।हर त्योहार हमें आपसी और भाई चारगी की सीख देता है ।इस लिए त्योहार मिलजुल कर मनाये एक दूसरे धर्म का सम्मान करना चाहिए कुछ ऐसे भी व्यक्ति होते है जो समाज में विरोध पैदा करवाना चाहते है ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सोशल मिडिया द्वारा कोई भी अफवाह न फैलाये कोई भी व्यक्ति अगर गलत लिंक कोई आप पर भेजे तो पुलिस को सुचना दे।जो भी त्योहारों में अड़चन डालने का प्रयास करेगा पुलिस उसके साथ कड़ाई से निपटेगी। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने कहा कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी सूचना पुलिस को जरूर दे पड़ोसी देश से अपराधियों के आने की आशंका रहती है। सावधान रहने की अवश्यकता है। मन्दिर व मस्जिद पर सी सी टी बी कैमरा जरुर लाये अपराधियों की पहचान करने मे मदद मिलेगी। बैठक में भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नारायण सिंह,हरिवंशपुर चौकी प्रभारी नन्दलाल सरोज उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पासवान, उप निरीक्षक भीम सिंह, उप निरीक्षक कमलेश चन्द, कांस्टेबल लक्ष्मण, सौरभ सिंह, मुंसी अबरार अहमद, सद्दाम हुसैन, कांस्टेबल जैय हिन्दी कुमार निषाद, कांस्टेबल अजय कुमार, महिला कांस्टेबल नेहा तिवारी, उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र मिश्रा अजय कुमार, बुद्धेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार यादव, खुर्शीद अहमद, जगदीश यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष अरबिन्द मणि त्रिपाठी, मौलाना जमालुद्दीन, मोहम्मद रजा, अरबाज चौधरी, कोमल, महेश प्रजापति, कृष्ण दत्त तिवारी, शिवकुमार, महबूब अली, गंगा राम यादव, सेराज अहमद, मीन्कू, वसीम खान, चन्द्र भान, छोटू,आदि मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति मे हुआ सम्मेलन

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा डवाकारा हॉल में जलालपुर नगर मंडल सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य और प्रदेश महामंत्री पिछड़ा मोर्चा रामचंद्र सिंह प्रधान उपस्थित रहे। सम्मेलन का संयोजन नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने किया, जबकि संचालन का दायित्व नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्ता ने संभाला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों माल्यार्पण के उपरांत हुआ मुख्य अतिथि रामचंद्र सिंह प्रधान ने अपने संबोधन में अहिल्याबाई होलकर के विकास मॉडल और जनसेवा के संकल्प को रेखांकित किया। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर हमलावर होते हुए कहा कि भाजपा रानी अहिल्या बाई होलकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

# लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की मिसाल हैं : लाल बाबा

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी शोहरतगढ़ मण्डल के द्वारा नगर पंचायत शोहरतगढ़ के सभागार में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत नगर पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं समापन नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती उमा अग्रवाल के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम के संयोजक मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा रहें। कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री राम विनोद यादव ने किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिला सफाईकर्मी बहनों को उनके अच्छे कार्यो के कारण उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।




प्रशस्ति पत्र से सम्मानित होने वाली महिलाओं में श्रीमती माला देवी, सुनीता देवी , रिना,शिल्पा, ज्योति, बिंदु, ज्योति, मीनू, लक्ष्मी, मंशा देवी रहीं। इस दौरान मुख्य अतिथि लालजी त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास में एक ऐसी शासिका के रूप में जानी जाती हैं, जिनका जीवन आध्यात्मिक, धर्म - कर्म और सुशासन का अनुपम संगम था। उनके इसी अनन्य स्वरूप ने उन्हें पुण्य श्लोक की उपाधि प्रदान की। उनकी शिवभक्ती और धार्मिक कार्यो के प्रति समर्पण ने उन्हें युगों तक अमर बना दिया। कार्यक्रम संयोजक शिवशक्ति शर्मा मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की प्रतीक, देवी अहिल्याबाई होल्कर ने ही बाबा विश्वनाथ जी के मंदिर को वर्तमान स्वरूप देने का काम किया था। राष्ट्र निर्माण के कार्यो के लिए देश

**महिला सशक्तिकरण की प्रतीक है देवी अहिल्याबाई होल्कर : शिवशक्ति**

के लोगों को कर्तव्यपथ की दिशा दिखाने के लिए देवी अहिल्या जी को देश हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला महामंत्री कृष्णपाल चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष चिल्हिया प्रहलाद यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नन्दू प्रसाद गौड़, मण्डल महामंत्री अभिषेक चौधरी, राम कुमार तिवारी, श्रीराम चौहान, कुश मोदनवाल, राम प्रताप चौधरी, विरेन्द्र चौधरी, राम सुभग पटेल, निरहू चौधरी, पंचगुलाम भारती, राधेश्याम मिश्रा, राम कुमार यादव, कैलाश बाल्मीकि, गणेश बाल्मीकि, संजीत बाल्मीकि, उमेश कुमार, अंकित गुप्ता, गौरव शर्मा, राम कुमार चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## आगामी त्यौहार पर सीओ सदर ने पैदल गस्त कर कराया सुरक्षा का एहसास



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सीओ सदर मयंक द्विवेदी ने लोटन पुलिस के साथ पुरे चौराहे पर पैदल रुट मार्च कर लोटन कस्ब मे शुक्रवार की सायं कर भ्रमण किया। लोगों को भरोसा दिया कि पुलिस आपके साथ है। आगामी बकरा ईद मुस्लिम त्योहार करीब जो भी व्यक्ति खलल डालने का प्रयास करेगा। पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी पैदल गस्त के दौरान रोड के बगल में पटरी पर खड़े वाहनों के स्वामी को भी बताया की रोड पर गाड़ी न खड़ा करे ।चौराहे पर जाम लगता है आने जाने वालों को दिक्कत होती है ठेला वालो को भी बताये की रोड छोड कर ही सब्जी व फल बेचे कहीं शिकायत मिलेगी तो कार्यवाही किया जायेगा।संदेश दिया कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना फौरन पुलिस को दे। नेपाल सीमा करीब होने के कारण अपराधियों के आने की संभावना बनी रहती है। रुट मार्च में थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पासवान, उप निरीक्षक भीम सिंह,उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र मिश्रा, सद्दाम हुसैन, सौरभ सिंह, लक्ष्मण, अजय कुमार यादव, बुद्धेश कुमार आदि शामिल रहे।

## सचिव द्वारा खरीदे गये बोरी का पैसा भुगतान कराने के लिए जिलाधिकारी से किया गया मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन के साधन सहकारी समिति गढमौर में 2020-21 मे सरकारी बोरा न मिलने पर पी सी एफ के निर्देश पर प्राईवेट बोरा लेकर तौल गेहूं का किया गया था। लेकिन लगभग चार वर्ष बीतने वाला है। सरकार द्वारा अब तक पैसा नहीं दिया गया है।जिसको लेकर साधन सहकारी समिति गढमौर के पूर्व सचिव रामबृक्ष प्रसाद ने बताया कि 2020-21 में बीस रुपये प्रति बोरे के हिसाब से 4680 बोरा प्राईवेट फर्म से लेकर किसानों का गेहूं तौल किया गया। जिसका रुपया 93,600 अब तक नहीं मिल पाया है। पूर्व सचिव रामबृक्ष ने खरीद हुए बोरे का पैसा पीसीएफ से भुगतान कराने का जिलाधिकारी से मांग किया है।

# पक्षकार के बजाए निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए आगे आए युवा पीढ़ी

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** बदलते परिवेश में पत्रकारिता के क्षेत्र में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले निष्पक्ष पत्रकारिता होती है, पर अब अमूमन पक्षकार बनकर पत्रकारीय दायित्व का निर्वहन किया जा रहा है। इसके पीछे कहीं न कहीं अध्ययन और शिक्षा का घोर अभाव देखा जा रहा है। ऐसे में युवा पीढ़ी को पक्षकार के बजाए निष्पक्ष पत्रकारिता की ओर कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। उक्त बातें वरिष्ठ पत्रकार सत्य प्रकाश गुप्त ने व्यक्त किया।

वह शुक्रवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सिद्धार्थ प्रेस क्लब के तत्वावधान में वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियां, दायित्व एवं समाज विषयक विचार संगोष्ठी को बतौर अध्यक्षीय संबोधन कर रहे थे। वरिष्ठ पत्रकार नजीर मलिक ने कहा कि पत्रकारिता के मापदंड में बदलाव आया है। पहले राष्ट्र और समाज लिए सेवा का बीड़ा उठाया जाता था, अब ऐसा नहीं है।



कहा कि पत्रकारिता की गरिमा को अक्षुण बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी की है। प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि एका बनाकर समाज में पत्रकारिता पेशे की छवि बेहतर बनाए जाने की जरूरत है। जितेंद्र पांडेय ने कहा कि सूचनाओं के स्रोत बढ़े तो चुनौती भी बढ़ी है। खबरों की गुणवत्ता ही पहचान दिलाती है। प्रस्तुतीकरण ऐसा हो, स्वयं के साथ दूसरों पर छवि का प्रभाव पड़े। पत्रकार दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि मान्यता, गैर मान्यता, प्रिंट और इलेक्ट्रानिक पत्रकार के रूप में अलग-अलग छाप छोड़ने जाने की अपनों की होड़ भी चुनौती दे रही है। पत्रकार साजिद अली, कृपाशंकर पट्ट, जय प्रकाश गुप्ता ने भी कहा कि अपनों की ओर से अपनों की बुराई करने, टांग खींचने के कारण अधिकारियों, राजनीतिज्ञों पर दबाव नहीं बन पा रहा है। कोई निष्पक्ष लिखना चाह रहा तो चंद लोगों के पक्षकार बन जाने से स्थिति भयावह होती जा रही है। कार्यक्रम संयोजक, सिद्धार्थ प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव के संचालन में संपन्न संगोष्ठी को प्रेस क्लब के संरक्षक एमपी गोस्वामी, परमात्मा शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार बीपी त्रिपाठी, श्याम सुंदर त्रिपाठी, डॉ. विनयकांत मिश्र, सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु के प्रो. डॉ. शरदेंदु त्रिपाठी समेत सिद्धार्थ प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद झा, प्रदीप वर्मा, सुशील मिश्रा, राकेश यादव, रजनीश सिंह श्रीनेत, रेखा वरूण, फिरोज खान, प्रदीप निषाद आदि ने भी विचार व्यक्त किया। इस मौके पर सिद्धार्थ प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष अजीत सिंह सहित राम सेवक चौरसिया, सुधीर श्रीवास्तव, कैलाश नाथ द्विवेदी, अजय पाठक, राहुल त्रिपाठी, विपिन श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, विनय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, रोहित यादव, विजय श्रीवास्तव, सोनू वरूण, नीरज कन्नौजिया, परवेज अहमद, गोविंद वर्मा, संदीप मद्धेशिया, राजेंद्र यादव आदि की उपस्थिति रही।

**वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियां, दायित्व एवं समाज विषय विचार गोष्ठी**

**अब राष्ट्र और समाज के लिए नहीं हो रही पत्रकारिता, चिंतन का समय**

## खेल-खेल के माध्यम से जानकारी हासिल करने का सुनहरा अवसर बना समर कैंप : नवीन श्रीवास्तव

**पौली संत कबीर नगर।** पौली विकास क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय कटहा उर्फ भिटहा में ब्लाक स्तरीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने ग्रीष्म अवकाश में अब तक सीखे खेल व गतिधियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीसी ट्रेनिंग नवीन श्रीवास्तव, एसएमसी अध्यक्ष रुप चंद्र, राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विनोद पांडेय, एआरपी रुदल प्रसाद व भोलेंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए डीसी ट्रेनिंग नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से बच्चों में कुछ करने व सीखने का अच्छा मंच मिला है। छात्र लगन व उत्साह से योगा, खेल, संगीत, नृत्य और शैक्षिक गतिविधि सीख रहे हैं। जिससे बच्चों में कुछ करने की भावना जागृत हो रही है। अधिक से अधिक बच्चे कैंप में सहभागिता निभाएं और खेल खेल के माध्यम से जानकारी हासिल करें। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री विपिन वर्मा ने किया।

## सचिव, नगर विकास उप्र शासन अजय शुक्ल ने किया जिला पुस्तकालय का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सचिव, नगर विकास उप्र शासन अजय शुक्ल द्वारा जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर के साथ शुक्रवार को जिला पुस्तकालय के रेनेवेशन एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य तथा उच्चीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। सचिव अजय शुक्ल ने निरीक्षण के दौरान जिला पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्लैब कार्य, प्लास्टर कार्य, ब्रिककोबा कार्य, फर्स में टाइल्स एवं ग्रेनाइट कार्य पूर्ण पाया गया। फाल्स सीलिंग, विद्युतीकरण एवं फर्नीचर का कार्य प्रगति पर था। स्टेयर केस का कार्य भूतल, प्रथम तल एवं मिट्टी कार्य पूर्ण पाया गया। सचिव, नगर विकास उ0प्र0 शासन अजय शुक्ल ने कार्यदायी संस्था को शेष कार्य को समय से व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात लाइब्रेरी में उपस्थित विद्यार्थियों से बातचीत किया। पुस्तकालयाध्यक्ष ने अवगत कराया कि लाइब्रेरी में डिजिटल लाइब्रेरी व वाई-फाई की व्यवस्था है। इसके पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पीछे निर्मित ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कार्य पूर्ण पाया गया उसे हैण्डओवर कराने का निर्देश दिया गया।

## दुकान की नीलामी 16 को

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार दीवानी न्यायालय सिद्धार्थनगर के मुख्यालय परिसर में स्थित साइकिल / वाहन स्टैण्ड, कैन्टीन, फोटो कापी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या-1 तथा जनरल स्टोर एवं बेकरी की दुकान की नीलामी 16 जून समय अपराह्न 01:30 बजे दीवानी न्यायालय के सभागार में कराया जाना निश्चित किया गया है। जिस किसी को उक्त नीलामी में भाग लेना हो वह उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नियमानुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी अध्यक्ष नीलामी समिति विशेष न्यायाधीश (पास्को एक्ट) द्वारा दिया गया है।

## अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौ वीं जयंती पर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अम्बेडकरनगर।** पुण्यशलोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार शबाना नाज अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद टांडा श्रीमती रेनू उपजिलाधिकारी/अधिशाषी अधिकारी के निर्देश पर हयातगंज उत्तरी नगर पालिका परिषद टांडा पार्क और हनुमानगढ़ी घाट पर नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमे महिला सफाई मित्र, जनप्रतिनिधि, अन्य नागरिक महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जनजागरुक किया गया, उक्त कार्यक्रम का संचालन श्री राकेश कुमार गौरव राजस्व निरीक्षक, शमशाद जुबेर कर अधीक्षक, श्री निशांत पाडेय कार्यालय अधीक्षक, श्री जलील अहमद लिपिक, श्री मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद रब्बानी, मोहम्मद सुहेल, शकील अहमद, मंशाराम, महेंद्र कुमार, परवेज अहमद, सफाई नायक और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्काउटिंग घर- घर पहुंचे इसी उद्देश्य को सफल बनाना है : प्रकाश सिंह

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद में प्रथम आगमन पर नव नियुक्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट बस्ती मंडल बस्ती संदीप



कुमार को प्रकाश सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक सिद्धार्थनगर एवं सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट अमित कुमार शुक्ल ने उत्तरी भेंट कर अभिनंदन किया। प्रकाश सिंह ने कहा कि जनपद के स्काउटिंग गाइडिंग के गतिविधियों को आगे बढ़ाने हेतु हमारा पूरा सहयोग रहेगा। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि जल्द ही जनपद के स्काउटिंग गाइडिंग को माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचाकर विकट परिस्थितियों में जीवन जीने की कला विकसित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा परिषद में स्काउट और गाइड की शिक्षा को प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक लागू कर दिया गया है जो इस वर्ष के ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रत्येक विद्यालय में देखने को मिल रहा है। जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार की टीम अपना विशेष योगदान समय समय पर विभाग को दे रही है। इस अवसर पर जिला मुख्यायुक्त समर बहादुर सिंह, स्काउट कमिश्नर करूणाकांत, जिला गाइड कमिश्नर अर्चना सिंह,जिला गाइड कैप्टन अर्चना वर्मा, स्काउट मास्टर कुलदीप कुमार, रंजीत कुमार, हंसराज हंस, प्रवीण कुमार, प्रोफेसर डॉ अरविन्द कुमार सिंह डॉ संतोष सिंह, अवधेश धुरिया, हेमंत गुप्ता आदि ने उपस्थित रहे।

## अधिशासी अधिकारी भारत भारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ हेल्थ चेकअप

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आदर्श नगर पंचायत भारत भारी में अहिल्या देवी होलकर के 300 वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण




सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें महिला सशक्तिकरण पर चर्चा हुई तथा हेल्थ कैंप लगाकर नगर पंचायत के कर्मचारियों का चेकअप अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में और डॉ अच्युतानंद उपाध्याय द्वारा कराया गया। अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता ने अहिल्या देवी होलकर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि रानी अहिल्या देवी होल्कर केवल एक कुशल शासिका ही नहीं थी बल्कि धर्म न्याय सेवा व स्त्री शक्ति की प्रतिमूर्ति थी उनके कार्य प्रणाली और जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था साथ ही अहिल्या देवी होल्कर के सेवा और समाज कल्याण के आदर्शों को याद करना था। उक्त अवसर पर उदयभान अग्रहरि, सुधांशु अग्रहरि, करुणेश तिवारी, अमरजीत तिवारी, राम पुजारी, संजीव, हरेंद्र शर्मा, मालती देवी, संजू कन्नौजिया, दिलीप, शिवांशु मिश्रा, शुभम मिश्रा सहित समस्त कर्मचारियों ने चेकअप करवाया।

## जज के घर में नकदी

जस्टिस वर्मा के घर में बड़ी मात्रा मे नकदी मिली थी। जांच कमेटी में अब तक रिर्पोट दर्ज नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में जांच कमेटी के संवैधानिक अधिकार पर और रिर्पोर्ट अब तक दर्ज होने को लेकर उपराष्ट्रपति ने कुछ चिन्तायें जतायी है। उपराष्ट्रपति संवैधानिक अधिकार राज्यसभा के कार्यवाईयों के दौरान कुछ भौतिक चिन्तायें व्यक्त करते रहते है जो गौर करने लायक होती है। मामला न्यायपालिका की विश्वासनीयता और पारदर्शिता से सम्बन्धित है। वर्मा के घर में बड़ी नकदी मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिये तीन जजों की आन्तरिक कमेटी बनाई। कमेटी ने आरोपी को विश्वसनीय माना उपराष्ट्रपति कहना है इस कमेटी की कोई संवैधानिक वैधता नहीं है इस जांच की विश्वसनीयता पर उंगली उठा देता है। उनका कहना है क्या कोई ऐसा तरीका निकाला जा सकता है जिससे इन हाउस जांच की प्रसंगिकता बनी रहे। इस सन्दर्भ में उपराष्ट्रपति चाहते है 19वॉ सुप्रीम कोर्ट के वीर स्वामी फैसले पर पुनर विचार किया जाये। इस फैसले के मुताबिक सिटिंग जज के खिलाफएफआईआर के लिये सीजीआई की मन्जूरी चाहिये। यह व्यवस्था इसलिये है कि ताकि न्यायपालिका बिना किसी लालच और दबाव के अपनी कार्यवाई निपटा सके।

सुप्रीम कोर्ट के और हाईकोर्ट के सिटिंग जज को ससपेन्ड करने या बर्खास्त करने का अधिकार भी सुप्रीम कोर्ट वाला नियम कोलोजियम के पास नहीं है। कालीजियम काम वापस ले सकता है, तबादले की सिफारिश कर सकता है और जांच कमेटी भी बना सकता है। जस्टिस वर्मा का ट्रान्सफर किया गया और कमेटी की रिपोर्ट सरकार को राष्ट्रपति के पास भेज महाअभियोग की सिफारिश कर दिया गया है। महाअभियोग एक मात्र तरीका है जिससे सुप्रीम कोर्ट और होई कोर्ट के वर्तमान जजों को हटाया जा सकता है। पर आजाद भारत में आज तक ऐसा कभी नही हुआ है। कोलकता हाईकोर्ट के न्यायधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महा अभियोग जरूर चला था। लेकिन लोकसभा मतदान के पहले ही इस्तीफा दे दिया था जिससे प्रक्रिया पूरी नही हो पाई थी।

भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा का केस एक नायाब मौका है इस सन्दर्भ में विचार कर निर्णय लेने का जो आकाशदीप की तरह मार्ग दर्शन करता रहेगा। इससे न्यायपालिका को ठेस नहीं पहुचेगा, जनता का भरोसा कायम रहेगा। इसीलिये पूर्व सीजीआईआई खन्ना ने देश को ये जानकारियां उपलब्ध कराई। उनकी इस पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशो ने अपने सम्पत्तियों का ब्यौरा साझा किया। अगर अब यह मामला महाअभियोग तक पहुंचता है तो वहां भी एक लम्बी प्रक्रिया चलेगी। सोचने की बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतन्त्रता को और सम्मान और बिल किसी दबाव या हस्तक्षेप के शाश्वता को बनाये रखने के लिये जटिलता की प्रक्रिया को कम किया जा सकता है। इस पर जितनी ज्यादा प्रक्रिया सामने आये कानूनविदो के विचार सामने आये सब मिलकर न्यायपालिका के स्वतन्त्रता को बल ही प्रदान करेगे।

## तंबाकू के जहर को जानते, पर गंभीरता नहीं समझते


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

देश में आसानी से मिलनेवाला जहर है तंबाकू, जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला करके घातक बिमारियों से जकड़कर असमय मारता है। समाज, देश उच्च शिक्षित और आधुनिक हुआ है, लेकिन लोगों के शौक भी बढ़ते ही जा रहे हैं, तंबाकू के नए-नए फ्लेवर मार्केट में उपलब्ध हो रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक बडे पैमाने में तंबाकू का सेवन करते हैं। आमतौर पर इस्तेमाल किये जाने वाले तंबाकू उत्पादों में बीड़ी, सिगरेट और हुक्का शामिल हैं। भारत में सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले धूम्ररहित तंबाकू उत्पादों में तंबाकू के साथ-साथ खैनी, गुटखा और सुपारी शामिल हैं। प्रतिदिन, तंबाकू और निकोटीन उद्योग नई पीढ़ी को आकर्षित करने और मौजूदा सेवनकर्ताओं को बनाए रखने के लिए तैयार किए गए उत्पादों और भ्रामक रणनीतियों का उपयोग बड़े ही शातिर ढंग से करते हैं।

हर साल तंबाकू के जहर के प्रति जागरूकता निर्माण करने हेतु 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम है ÷अपील को उजागर करना÷ तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग नीतियों को उजागर करना।÷ विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट अनुसार, अनुमान है कि विश्व भर में 13-15 वर्ष की आयु के 37 मिलियन बच्चे तंबाकू का सेवन करते हैं। कई देशों में, वयस्कों की तुलना में युवाओं में ई-सिगरेट का प्रयोग अधिक है। ई-सिगरेट, निकोटीन पाउच और गर्म तंबाकू उत्पादों को बढ़ावा देने वाली विपणन सामग्रियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर 3.4 बिलियन से अधिक बार देखा गया है। कई निकोटीन और तंबाकू उत्पादों में फ्लेवर पाए जाते है, इसमें लगभग 16,000 अद्वितीय फ्लेवर है, अक्सर फ्लेवर को निकोटीन और तंबाकू उत्पादों का उपयोग शुरू करने का मुख्य कारण बताया जाता है। यूएस नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक रिपोर्ट में पाया गया कि भारत में 83 ऑनलाइन स्टोर अवैध रूप से ई-सिगरेट बेच रहे है, इनमें से 61.4 फीसदी गूगल सर्च के माध्यम से तथा उसके बाद सोशल मीडिया के माध्यम से खोजे गए। यह ध्यान देने योग्य है कि लगभग आधे भारतीय ऑनलाइन स्टोर 2019 में प्रतिबंध लगाए जाने के बाद दिखाई दिए।

अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका में हर साल 4,90,000 से अधिक लोग तंबाकू के उपयोग और धूम्रपान के संपर्क में आने से मरते है। सिगरेट के धुएं में 7,000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें से कम से कम 69 कैंसर का कारण बनते हैं। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर से होने वाली लगभग 90 प्रतिशत मौतों और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से होने वाली लगभग 80 प्रतिशत मौतों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। वर्तमान में धूम्रपान करने वालों में, धूम्रपान से संबंधित 73 प्रतिशत बीमारियाँ दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारियाँ हैं। धूम्रपान शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है, यह कोरोनरी हृदय रोग, स्ट्रोक और कई अन्य कैंसर और बीमारियों का कारण भी है।

तंबाकू एटलस के अनुसार, भारत में धूम्रपान की आर्थिक लागत 1,971,145,052,480 भारतीय रुपए है, इसमें स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित प्रत्यक्ष लागतें तथा बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता की हानि से संबंधित अप्रत्यक्ष लागतें भी शामिल हैं। भारत में वयस्क धूम्रपान करने वालों की संख्या 7,39,26,241 है। भारत में 8.9 प्रतिशत मौतें तंबाकू के उपयोग के कारण होती हैं। अनुमान है कि 2023 में भारत में 107,915,900,000 सिगरेट का उत्पादन हुआ। 2022 में, दुनिया की छह सबसे बड़ी तंबाकू कंपनियों का संयुक्त राजस्व 362 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। 2022 में, भारत ने 425,296 हेक्टेयर गुणवत्ता वाली कृषि भूमि पर 772,152 टन तंबाकू का उत्पादन किया, जिसका उपयोग पोषक अनाज उगाने के लिए किया जा सकता था। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मुख्य तथ्यों अनुसार, तंबाकू का सेवन करने वाले आधे से ज़्यादा लोगों की मौत हो जाती है। तंबाकू से हर साल 8 मिलियन से ज़्यादा लोगों की मौत होती है, जिसमें अनुमानित 1.3 मिलियन गैर-धूम्रपान करने वाले लोग शामिल हैं, जो सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आते हैं। दुनिया के 1.3 बिलियन तंबाकू उपयोगकर्ताओं में से लगभग 80 प्रतिशत निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। 2020 में, दुनिया की 22.3 फीसदी आबादी ने तंबाकू का सेवन किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**तम्बाकू का सेवन दुनिया भर में रोके जा सकने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है, हर साल लाखों लोग तम्बाकू से जुड़ी बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। इसके सेवन से होने वाली अनेक घातक एवं जानलेवा बीमारियों का व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तम्बाकू सेवन के दीर्घकालिक परिणाम न केवल धूम्रपान करने वाले को प्रभावित करते हैं, बल्कि सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में भी योगदान करते हैं, जो बच्चों और कमजोर आबादी सहित धूम्रपान न करने वालों को नुकसान पहुंचाता है।**

# दुनिया नशे में झूम रही है, कैसे स्वास्थ्यक्रांति घटित करें


ललित गर्ग

विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थो का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू को अपना चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थो, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। इसीलिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस-31 मई को दुनियाभर में मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ हर साल इस दिवस पर एक थीम निर्धारित करता है। साल 2025 की थीम 'अनमास्किंग द अपीलः तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' है। यह दिवस तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक जनजागृति अभियान एवं एक दुनियाभर में आयोज्य महत्वपूर्ण दिवस है। इसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन के जोखिमों को उजागर करना और दुनिया भर के लोगों को धूम्रपान या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बड़ा प्रश्न है कि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश एवं दुनिया कैसे आदर्श हो सकती है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया। यह दिन सरकारों से तंबाकू के उपयोग से निपटने, सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क को कम करने और स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को मजबूत करने का आह्वान भी करता है। ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता एवं सार्थकता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू, सिगरेट का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए?

तंबाकू का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य और समाज दोनों पर घातक प्रभाव डालता है, जो कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी रोकथाम योग्य बीमारियों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इस दिवस का लक्ष्य एक

**विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस**



ऐसी दुनिया बनाना है जहाँ तम्बाकू निषेध का सकारात्मक वातावरण बने एवं कम लोग तम्बाकू से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हों। यह दिवस स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों को तम्बाकू के खतरों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। तम्बाकू का सेवन दुनिया भर में रोके जा सकने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है, हर साल लाखों लोग तम्बाकू से जुड़ी बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। इसके सेवन से होने वाली अनेक घातक एवं जानलेवा बीमारियों का व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तम्बाकू सेवन के दीर्घकालिक परिणाम न केवल धूम्रपान करने वाले को प्रभावित करते हैं, बल्कि सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में भी योगदान करते हैं, जो बच्चों और कमजोर आबादी सहित धूम्रपान न करने वालों को नुकसान पहुंचाता है।

आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। नशा आज एक फैशन बन चुका है। नशे के कारण हम एक विकलांग एवं बीमार पीढ़ी का निर्माण हो रहा हैं। नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ये प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। तम्बाकू का उपयोग एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जो वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और समुदायों को प्रभावित करती है। यह अत्यधिक नशे की लत है, मुख्य रूप से निकोटीन की उपस्थिति के कारण, जिससे व्यक्तियों के लिए बिना सहायता के इसे छोड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके परिणाम भयानक हैं, हर साल 8 मिलियन से अधिक मौतें तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण होती हैं। भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है।

गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी, तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि।

# 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर

**अहिल्याबाई का 30 वर्षों का शासनकाल सुशासन का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। उनकी प्रजा केंद्रित नीतियां, जैसे प्रतिदिन जन-सुनवाई करना और गरीब व्यक्ति के दुःख , दर्द और समस्याओं की शिकायत सुनना उनका निवारण करना एक आदर्श शासन की नीव रखता है। उनकी निष्पक्षता और पारदर्शिता ने उन्हें न्याय की देवी बनाया। अहिल्याबाई का शासन हमें याद दिलाता है कि नेतृत्व में ईमानदारी और जवाबदेही कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने व्यापार और उद्योग को बढ़ावा दिया।**


हर्षवर्धन पान्डे

भारत देश अपनी गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और परंपराओं के लिए दुनिया में जाना जाता है। यहाँ अनेक ऐसे योद्धा, शासक, शासिकाओं ने जन्म लिया है जिनका नाम लोककल्याण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में आज भी गर्व के साथ लिया जाता है। इनमें से अहिल्याबाई होल्कर का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। देश में जब भी किसी महिला का जीवन आदर्श, वीरता, त्याग, राष्ट्रभक्ति के लिए सदा याद किया जाता है, उनमें रानी अहिल्याबाई होल्कर का नाम ज़ेहन में आता है। वे 18वीं शताब्दी की एक ऐसी प्रेरणादायक महिला थी जिनका पूरा जीवन आज समाज के लिए बड़ी प्रेरणा का स्रोत है। होल्कर राजवंश का इतिहास जितना समृद्ध रहा है, उतनी ही अहिल्याबाई होल्कर की विरासत लोककल्याण के कार्यों के लिए जानी जाती है। कुशल प्रशासन एवं कर्तव्यपरायणता जैसे अपने अनेक मानवीय गुणों के कारण अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा कराये गए अनेक कार्य देश में आज भी याद किये जाते हैं । उन्होंने अपने जीवनकाल में कभी कहीं कोई समझौता नहीं किया। पूरी कर्तव्यनिष्ठा व अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोककल्याण एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति संकल्पबद्ध होकर हर पल का सदुपयोग ही किया शायद यही वजह थी कि समाज के बीच उनकी एक अलग ही विशिष्ट पहचान और प्रतिष्ठा थी। भारतीय संस्कृति एवं लोककल्याण के कार्यों के प्रति उन उनका सम्मान का भाव उनके द्वारा किए गए अनेकानेक कार्यों में देखा जा सकता था। हमारी संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन हेतु जन -जन को प्रेरित व प्रोत्साहित करना उनका स्वाभाविक गुण था। सचमुच उनका जीवन आज समाज के लिए प्रेरणा व प्रोत्साहन का अविरल स्रोत है।



अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई, 1725 को अहमदनगर, महाराष्ट्र के गाँव छौंदी में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। एक साधारण से किसान परिवार में जन्मीं अहिल्याबाई होलकर छोटी उम्र से ही अपनी संस्कृति पर गर्व करती थी, साथ ही प्रजा में रह रहे आमजनों की पीड़ा की अनुभूति भी करती थी। इनके पिता मनकोजी राव शिन्दे शिवभक्त थे। पिता के संस्कार बालिका अहिल्या पर भी पड़े। उनके पिता मानकोजी शिंदे खुद धनगर समाज से थे, जो गांव के पाटिल की भूमिका निभाते थे। अहिल्याबाई का जीवन भी बहुत साधारण तरीके से गुजर रहा था लेकिन एकाएक किस्मत ने पलटी खाई और वह 18वीं सदी में मालवा प्रांत की रानी बन गई। अहिल्याबाई होल्कर ने मालवा प्रांत की महारानी बनकर राजमाता के रूप में बड़ी लकीर खींची। अहिल्याबाई का 30 वर्षों का शासनकाल सुशासन का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। उनकी प्रजा केंद्रित नीतियां, जैसे प्रतिदिन जन-सुनवाई करना और गरीब व्यक्ति के दुःख , दर्द और समस्याओं की शिकायत सुनना उनका निवारण करना एक आदर्श शासन की नीव रखता है। उनकी निष्पक्षता और पारदर्शिता ने उन्हें न्याय की देवी बनाया। अहिल्याबाई का शासन हमें याद दिलाता है कि नेतृत्व में ईमानदारी और जवाबदेही कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने व्यापार और उद्योग को बढ़ावा दिया। विशेष रूप से महेश्वर में हथकरघा उद्योग की स्थापना की जो आज भी महेश्वरी साडियों के लिए प्रसिद्ध है। अहिल्याबाई ने 18वीं शताब्दी में विधवा उत्पीडन् और जातिगत भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ कदम उठाए। उन्होंने विधवाओं को सम्मानजनक जीवन दिया और महिलाओं को शिक्षा व प्रशासन में शामिल किया। अहिल्याबाई की भक्ति और धार्मिक कार्य आज के भारत के सन्दर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया, सोमनाथ, अयोध्या और अन्य तीर्थस्थानों पर मंदिर और धर्मशालाएं बनवाई। यह भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के संरक्षण का प्रतीक था। आज जब भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत कर रहा है, अहिल्याबाई के कार्य हमें याद दिलाते हैं कि आस्था और संस्कृति समाज को जोडने् का काम करती हैं। उन्होंने नर्मदा नदी के तट पर घाट और कुएं बनवाए, जो पर्यावरण संरक्षण और तीर्थयात्रा को आसान बनाने का प्रतीक थे।

युवा अहिल्यादेवी का चरित्र और सरलता ने मल्हार राव होल्कर को भी प्रभावित किया। वे पेशवा बाजीराव की सेना में एक कमांडर के तौर पर काम करते थे। उन्हें अहिल्या इतनी अच्छी लगी कि उन्होंने उनकी शादी अपने बेटे खांडे राव से करवा दी। इस तरह अहिल्याबाई एक दुल्हन के तौर पर मराठा समुदाय के होल्कर राजघराने में पहुंची। उनके पति की मौत 1754 में कुंभेर की लड़ाई में हो गई थी। ऐसे में अअहिल्याबाई पर जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने अपने ससुर के कहने पर न केवल सैन्य मामलों में बल्कि प्रशासनिक मामलों में भी रुचि दिखाई और प्रभावी तरीके से उन्हें अंजाम दिया। शादी के बाद उनका एक पुत्र और एक पुत्री हुई। वहीं कुछ सालों बाद ही अहिल्याबाई के पति का देहांत हो गया। इसके कुछ समय बाद ही 1766 में उनके ससुर मल्हारराव होल्कर की भी मृत्यु हो गई। जिसके बाद उन्होंने सत्ता को संभालने का भार अपने ऊपर ले लिया। शासन संभालने के कुछ दिनों बाद ही साल 1767 में उनके जवान पुत्र मालेराव की भी मृत्यु हो गई। पति, पुत्र , पुत्री, पुत्रवधू और पिता समान ससुर को खोने के बाद भी उन्होंने जिस तरह साहस और धैर्य से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया से काम किया वो सराहनीय है। इस संकटकाल में एक तपस्विनी की तरह से श्वेत वस्त्र धारण कर राजकाज चलाया और परिवार पर भीषण वज्राघात के बाद भी रानी अविचलित रहते हुए अपने कर्तव्यपथ पर हमेशा डटी रहीं। अहिल्याबाई एक विनम्र एवं उदार वीरांगना थी जिनके अंदर गरीबों और असहाय व्यक्ति के लिए दया और परोपकार की भावना भरी हुई थी। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। मल्हारराव के निधन के बाद उन्होंने पेशवाओं की गद्दी से आग्रह किया कि उन्हें क्षेत्र की प्रशासनिक बागडोर सौंपी जाए। मंजूरी मिलने के बाद 1766 में रानी अहिल्यादेवी मालवा की शासक बन गई। उन्होंने तुकोजी होल्कर को सैन्य कमांडर बनाया। उन्हें उनकी राजसी सेना का पूरा सहयोग मिला। अहिल्याबाई ने कई युद्ध का कुशल नेतृत्व भी किया। वे एक साहसी योद्धा के साथ ही एक कुशल तीरंदाज भी थी जो हाथी की पीठ पर चढ़कर लड़ती थी। हमेशा आक्रमण करने को तत्पर भील और गोंड्स से उन्होंने कई बरसों तक अपने राज्य को सुरक्षित भी रखा। पड़ोसी राजा पेशवा राघोबा ने इन्दौर के दीवान गंगाधर यशवन्त चन्द्रचूड़ से मिलकर अचानक हमला बोल दिया।

# कोरोना से घबराने की बजाय सावधानी जरूरी

**कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया।**


रोहित माहेश्वरी

करीब तीन सालों की शांति के बाद कोरोना महामारी की पदचाप सुनाई दे रही है। देश के कई प्रमुख शहरों और राज्यों में कोविड-19 के नए मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश के कम से कम 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कोरोना के नए संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं। इनमें महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे, और ठाणे जैसे बड़े शहरों में संक्रमण के मामले सबसे अधिक दर्ज किए जा रहे हैं। वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस के दो नए वेरिएंट एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 की पहचान की है। इन नए वेरिएंट्स के कारण संक्रमण की दर में फिर से तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं।

कोविड-19 का सबसे पहला केस दिसंबर 2019 में चीन के वुहान शहर में दर्ज किया गया था। चीनी प्रशासन ने शुरुआती मामलों का संबंध वुहान की एक सीफ़ूड मार्केट से पाया था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह वायरस जानवरों से इंसानों में पहुंचा है। मगर हाल में अमेरिकी मीडिया में आई ख़बरों के मुताबिक़, कुछ ऐसे सबूत हैं जो इस ओर इशारा करते हैं कि यह वायरस चीन की एक प्रयोगशाला से लीक हुआ है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी इंटेलिजेंस रिपोर्ट के हवाले से दावा किया था कि इससे पहले ही नवंबर में वुहान लैब के तीन सदस्यों को कोविड जैसे लक्षणों वाली बीमारी के चलते अस्पताल जाना पड़ा था। मगर चीन ने न सिर्फ ऐसी खबरों को झूठा बताया था बल्कि आरोप लगाया था कि हो सकता है कोरोना वायरस अमेरिका की किसी लैब से निकला हो। इस वायरस के कारण फैली महामारी के कारण दुनिया भर में अब तक कम से कम 35 लाख लोगों की जान जा चुकी है और संक्रमण के 16 करोड़ 80 लाख से ज्यादा मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.ए.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ित लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींके आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान व मांसपेसियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम



परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करने व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। बढ़ते मामलों ने लोगों के मन में फिर से डर और चिंता पैदा कर दी है। क्योंकि जब साल 2020 में कोरोना आया था तो इसी तरह शुरुआत हुई थी। पहले इक्का दुक्का मरीज मिले थे। और फिर अचानक कोरोना विस्फोट हुआ था। इसीलिए डर है कि कहीं इस बार कोरोना की चौथी लहर तो नहीं आने वाली है।

विशेषज्ञों के अनुसार अभी ये कोरोना तो एनवायरनमेंट में था और आने वाले कई सालों तक ये एनवायरनमेंट में रहने वाला है। ये एक चालाक वायरस है। हर थोड़े-थोड़े समय में अपना रूप बदल के म्यूटेंट बदल कर ये फैलता रहता है। तो ये कोरोना वायरस तो अब एक ज़िन्दगी का हिस्सा बनता जा रहा है। पिछले एक दो साल के अंदर का जो अनुभव है वो ये है की जो भी नई म्यूटेशन आ रही है वो म्यूटेशन उतनी घातक नहीं है जो हमने देखी है 2020-21 के अंदर जो देखी गई थी। ये सब माइल्ड वेरिएशंस है। ये म्यूटेशंस है। जो वायरस में होती रहती है। अच्छी बात ये है की हम सब लोगों में कुछ ना कुछ आंशिक प्रतिरोधक क्षमता है कोरोना वायरस के लिए। इस वजह से हम इसको कंट्रोल कर पाते हैं। इस इंफेक्शन को हमारी बॉडी कंट्रोल कर पाती है। तो अभी जो ये नया वेरिएंट बन रहा है आ रहा है, उससे डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण में फिर से बढ़ोतरी के बीच सरकार ने अस्पतालों को आईसीयू बेड, ऑक्सीजन आपूर्ति और आवश्यक उपकरणों के साथ पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। संक्रमण की स्थिति पर नजर रखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह समय लापरवाह होने का नहीं है। बदलते मौसम और त्योहारों के मौसम को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें और लक्षण होने पर तुरंत जांच कराएं। देश में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की लगातार निगरानी जारी है। सरकार आने वाले दिनों में टीकाकरण और निगरानी को और सख्त करने की योजना बना रही है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उत्पादन क्षमता और भंडारण में हम अब आत्मनिर्भर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन अभियान चलाकर हमने 140 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

# विद्यालयों में विकसित किये जाएं आदर्श खेल के मैदान : राज्यमंत्री

**अवधनामा संवाददाता**



■ मिशन मैदान को लेकर मंत्री नितिन अग्रवाल ने दिये विस्तृत निर्देश

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल की अध्यक्षता में मिशन मैदान के सम्बन्ध में बैठक हुई। माननीय मंत्री ने कहा कि सभी विद्यालयों में प्रेरक खेल वातावरण विकसित किया जाये। विद्यालयों में आदर्श खेल के मैदान विकसित किये जाएं। स्कूलों में खेल के उपकरणों की खरीद की जाये। कम स्थान वाले विद्यालयों में रूफटॉप इंडोर खेल सुविधा विकसित की जाये। बैडमिंटन कोर्ट को पक्का बनाया जाये। पहले उन विद्यालयों को लिया जाये जहाँ खेल के मैदान के लिए अधिक स्थान उपलब्ध हो। क्रिकेट, खो-खो, बास्केटबॉल व बैडमिंटन आदि की सुविधा दी जाये। माध्यमिक विद्यालयों में भी यह सुविधा उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने जिलाधिकारी से मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाये जो मिशन मैदान की नियमित निगरानी कर सके। विकास खण्डो को निर्देश दिए खेल के मैदान को कार्ययोजना में शामिल किया जाये। कार्य को बारिश से पहले कराया जाये। स्कूलों में खेल की प्रतियोगिता रखी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की रूचि का पता लगाया जाये। स्थान की उपलब्धता के अनुसार खेल सुविधा का विकास किया जाये। मंत्री ने 50 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। जल निगम नगरीय की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अमृत योजना के अंतर्गत चल रही दोनों परियोजनाओं को जल्द पूर्ण कराया जाये। पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य योजना व जिला योजना के कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाये। अटल चौक पर पाथ वे बनाने का कार्य जल्द कराया जाये। पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकृत विभिन्न हेरिटेज भवनों पर लाइटिंग की व्यवस्था की जाये। उन्होंने विक्टोरिया हॉल का नामकरण अहिल्या बाई होल्कर के नाम पर करने के लिए कहा। अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति भी लगवाई जाये। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व वादों का तेजी से निस्तारण किया जाये। माननीय मंत्री ने पाँच वर्ष से अधिक पुराने वादों के निस्तारण में हुई प्रगति की सराहना करते हुए तीन वर्ष से अधिक पुराने वादों के निस्तारण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद की रैंकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। मृत्यु प्रमाण पत्र, वरासत आदि के तहसील स्तर पर कैम्प लगवाए जाएं।

## सुरक्षाकर्मियो ने आशाबहुओं को मरीजों साथ अस्पताल जाने से रोका

**उन्नाव।** उमाशंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय में गुरूवार को सुरक्षाकर्मियो की तानाशाही से आजिज आशा बहुओं ने सुरक्षा गार्डो के खिलाफ प्रदर्शन किया। आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें मरीजों के साथ अस्पताल में प्रवेश से रोका जा रहा है। अस्पताल के मुख्य गेट पर सुरक्षा गार्डो और आशा बहुओं के बीच तीखी बहस हुई। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे वर्षो से स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों को अस्पताल लाती हैं लेकिन अब सुरक्षा गार्ड उन्हें मरीजों के साथ अंदर जाने से रोक रहे हैं। आशाबहु गीता, सुनीता और कुसुम ने बताया कि गार्डो ने उनके साथ बदसलूकी की। गार्डो का कहना था कि बाहरी लोगों के कारण अस्पताल में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे पूर्व भी जिला अस्पताल के सुरक्षा गार्ड विवादों में रहे हैं। मरीजों के परिजनों और कर्मचारियों के साथ उनकी कहासुनी की घटनाएं सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन इन मामलों को गंभीरता से नहीं लेता।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम

■ अरोड़ा रिसार्ट में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** मां भारती के वीर सपूत महाराणा प्रताप की जयन्ती पर शहर के अरोड़ा रिसॉर्ट में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। सिर पर केसरिया साफा बांधे सैकड़ों की संख्या में उपस्थित जनसमूह से कार्यक्रम की शोभा देखते ही बनी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री व जनपद प्रभारी अर्चना मिश्रा रहीं। साथ ही विशिष्ट अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने की व कार्यक्रम संयोजक हिंदू युवा वाहिनी मंडल प्रभारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अर्चना मिश्रा ने महाराणा प्रताप पर कविता पाठ करते हुए उनके जीवन को सदा युवाओं के लिए प्रेरणादाई बताया। विशिष्ट अतिथि पंकज गुप्ता ने कहा कि आज आवश्यकता महाराणा प्रताप, राणा सांगा जैसे हमारे नायकों का सच्चा इतिहास आम जनमानस खासकर युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की है, इस परिपेक्ष्य में उन्होंने जनपद में महाराणा प्रताप, भामाशाह, राणा पूंजा एवं राणा सांगा की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि अरुण सिंह एवं अमितेश सिंह नंदू ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनकी वीरता के किस्से घर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों को महाराणा प्रताप की कांस्य प्रतिमा व चित्र भेंट करते हुए उनके जीवन के प्रेरक मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का आग्रह उपस्थित जनमानस से किया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह पवन, प्रदीप सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आनंद अवस्थी, बाल कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रीति सिंह, बालेंद्र सिंह, नूतन सिंह, अवनीश गुप्ता, मनीष चंदेल, अर्पित सिंह, दिव्यांश सिंह, जितेंद्र सिंह चंदेल, आकाश श्रीवास्तव, निखिल गुप्ता, चंद्र प्रकाश गुप्ता, मिलन कुमार अंगद, कर्मेंद्र सिंह, मनीष तिवारी, अखिल गुप्ता, अतुल प्रताप, ज्ञानेंद्र वर्मा, वीरेंद्र रावत, अजीत सिंह, राजेंद्र भारतीय, साहिल सिंह, मनीष अवस्थी, सुजीत सिंह, महेंद्र यादव, राघवेंद्र सिंह, अजय सिंह, अनमोल मिश्रा, विकास सिंह, सूरज भदौरिया, सचिन तिवारी, सनी तिवारी, शुभम गुप्ता, शुभम अवस्थी, सत्येंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, अशोक, शिवदत्त त्रिपाठी, अतुल कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जन सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की समस्याएं हुई दूर

**अवधनामा संवाददाता**

■ दिव्यांग अनुज को मिली ट्राईसाईकिल



**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं को सुना गया। लोगों ने कब्ज़ा, अंश निर्धारण, पैमाइश, थाकबंदी आदि से सम्बंधित अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जिनके नियमानुसार त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन से वंचित पात्र लोगों की पेंशन सम्बन्धी कार्रवाई जन सुनवाई कक्ष में बैठे सम्बंधित विभागों के लिपिकों के माध्यम से तत्काल पूरी करायी गयी। आज की जन सुनवाई में भी चार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। इस प्रकार से जिलाधिकारी अनुनय झा के आगमन के उपरांत जन सुनवाई के दौरान ही कुल 23 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जन सुनवाई में पात्र जरुरतमंदों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से चिकित्सकीय सहायता हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि तारांकित शिकायतों का निस्तारण त्वरित गति से प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये। एक बच्चा जो इंटरमीडियेट पास कर चुका था, उसने जिलाधिकारी के समक्ष पहुँच कर स्नातक में प्रवेश कराने का अनुरोध किया।

# 'हम अपनी संप्रभुता से कभी समझौता नहीं करेंगे'

**अवधनामा संवाददाता**



■ महाराणा प्रताप, छत्रसाल जू देव और पृथ्वीराज चौहान का मनाया जन्मोत्सव

**ललितपुर।** क्षत्रिय समाज के सभी संगठनों के तत्वाधान में हिन्दू हृदय सम्राट महाराजा महाराणा प्रताप एवम बुन्देलखण्ड केसरी महाराज छत्रसाल जू देव, महापराक्रमी पृथ्वीराज चौहान का जन्मोत्सव श्री शशिभूषण सिंह बुन्देला के मुख्यातिथ्य में एवम सोवरन सिंह बुन्देला के विशिष्ट आतिथ्य एवम श्री दरयाव सिंह परमार की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। तीनों महावीरों का जन्मदिन हिंदी मास के ज्येष्ठ मास की तृतीया के एक ही दिन हुआ था। इसलिए सभी हिंदी मास के अनुसार जन्मदिन मनाते है। आज सर्व प्रथम भगवान श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।इसके बाद महाराणा प्रताप, छत्रसाल जू देव, पृथ्वीराज चौहान एवम ललितपुर के क्षत्रिय समाज के स्तम्भ श्रद्धेय सुजान सिंह बुन्देला के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद शशि राजा बुन्देला ने कहा कि हम अपने आराध्य महाराणा प्रताप का आज जन्मदिन मना रहे है। इनके के शौर्य की गाथा विश्व विख्यात है अतः हम सभी को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए और महाराणा प्रताप की तरह हम कभी अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेंगे। अध्यक्षता कर रहे दरयाव सिंह परमार ने कहा कि हमे गर्व होना चाहिए कि छत्रसाल बुन्देला का ननिहाल हमारे जनपद के दैलवारा गांव में था।इनसे दुश्मन थर-थर कांपते थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समर सिंह परमार ने महाराजा महाराणा प्रताप के बारे में कहा कि राणा जी भाला कवज कुंडल एवम समस्त हथियारों के साथ युद्ध करते थे। उनका घोड़ा चेतक जो हाथी बनकर अकबर की सवारी हाथी से टक्कर मारकर युद्ध करते थे। राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जेके सिंह तोमर ने कहा कि हमारे क्षत्रिय पूर्वजो ने इतिहास रचा है। हम सभी को उनका अनुकरण करना चाहिए। प्रधान संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष सोवरन सिंह बुन्देला ने कहा कि महाराजा छत्रसाल के बारे में एक दोहा प्रचलित है कि इत जमुना उत नर्वदा, इत चंबल उत टोस। छत्रसाल से लडने की रही न काहू होस।। इनकी वीरता जग जाहिर है। जिनका आज जन्मदिन है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सम्राट सिंह ने कहा कि आगामी 6 माह बाद पंचायत चुनाव होने वाले है ऐसे में हम सभी क्षत्रियों को आपस में एकजुट होकर लडना होगा और इसके लिए हर गांव में आपसी प्रतिस्पर्धा की बल्कि आपसी सामंजस्य की आवश्यकता है अन्यथा 2022 जैसा हाल होगा। अन्य वक्ताओं में भूपेंद्र सिंह तोमर पुष्पेंद्र सिंह बुन्देला,राजेन्द्र सिंह परमार,भगत राजा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दरयाव सिंह परमार, जे.के.सिंह तोमर, सोवरन सिंह बुन्देला, अजय प्रताप सिंह तोमर, चंद्रपाल सिंह परमार, राजेन्द्र सिंह राठौड़, भगत राजा बुन्देला, भूपेंद्र सिंह तोमर, राजेन्द्र सिंह राजावत आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम एवं एसपी ने शहर में किया पैदल गश्त



**संभल।** पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा थाना सम्भल में वाटर कूलर, प्यूरीफायर का उद्घाटन व कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पैदल गस्त की जिलाधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार द्वारा थाना कोतवाली सम्भल परिसर में गर्मी के मौसम के दृष्टिगत आगन्तुक व पुलिसकर्मियों के लिए वाटर प्यूरीफायर, वाटर कूलर का फीतर काटर उद्घाटन किया गया। पुलिस बल के साथ शांति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना सम्भल क्षेत्रान्तर्गत कस्बा संभल में मुख्य मार्गों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पैदल गस्त की गयी। पैदल गस्त के दौरान आमजन, व्यापारियों, दुकानदारों आदि से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया और कस्बा वासियों से आपसी सौहार्द व शांति बनाये रखने की अपील की गयी एवं थाना सम्भल क्षेत्रान्तर्गत चक्की का पाट के पुनरुद्धार सम्बन्धी कार्य का जायजा लिया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महोदय सम्भल श्री आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी महोदया सम्भल आदि पुलिस व प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहें।

### अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को आर्थिक तंगी से जूझ रहे अधेड़ ने कुसुंभी स्टेशन के निकट ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजगैन थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाबगंज कस्बे के पंछियांव मोहल्ला विनोद 55 कोकाकोला फैक्ट्री में काम करता था। मोहल्ले के लोगों के अनुसार कुछ महीने पहले उसे फैक्ट्री से उम्र का हवाला देकर नौकरी से निकाल दिया गया था। नौकरी जाने के बाद से वह मानसिक तनाव में थे। आय का कोई स्रोत न होने से घर के खर्चे चलाना मुश्किल हो गया था। इसके अलावा उनकी बेटी की शादी भी करनी थी। आर्थिक तंगी के कारण वह यह भी नहीं कर पा रहे थे। बीतीरात करीब एक बजे वह कुसुंभी रेलवे लाइन पर पहुंचे और ट्रेन की चपेट में आ गए। घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अंत्येष्टि स्थल गांव से दूर बनाने की मांग

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड सुमेरपुर के गाँव नारायणदासखेड़ा में अंतिम संस्कार स्थल बनाये जाने के विरोध में ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है। नारायणदासखेड़ा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अंतिम क्रिया हेतु दूर जाने से बचाव के लिए बनाए जा रहे अंत्येष्टि स्थल के निर्माण का काम चल रहा है। शासन से धन भी निर्गत किया जा चुका है। गाँव के स्थानीय लोगो ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि उक्त स्थल से 25 मीटर की दूरी पर बस्ती के साथ बच्चो के खेलने का मैदान है। साथ ही कुम्हारो द्वारा उस स्थल के आस पास से मिट्टी निकाल अपनी जीविका चलाई जाती है। ग्रामवासियों ने अंतेष्टि स्थल को बस्ती से दूर बनाये जाने की मांग की है।

### मिट्टी डालने के विवाद में दो पक्ष भिड़े, पांच घायल

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव भैसई कोयल के मजरे सीतारामखेड़ा में निर्माणाधीन घर में मिट्टी डालने से मना करने पर आक्रोशित लोगों ने दूसरे पक्ष के 5 लोगों की पिटाई कर दी। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर दी है। मारपीट में घायल एक युवक को गम्भीर हालत के कारण सौ बेड़ अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीतारामखेड़ा निवासी सधारीलाल ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के श्रीराम व गंगाराम से भूमि को लेकर उनका विवाद चल रहा है। विवादित भूमि पर उपरोक्त लोगों ने मकान का निर्माण करा लिया है जिसक कोर्ट में वाद चल रहा है।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में मेंबरशिप ग्रोथ के क्षेत्र में एलसीआईएफ फाउंडेशन में अपनी भूमिका

**अवधनामा संवाददाता**



■ अपना स्लोगन सहजता से दान करें पर जोर दिया, पत्रकारवार्ता कर बतायी अपनी भविष्य योजनाएं

**ललितपुर।** बीते दिनों आगरा में आयोजित 28वीं डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस संचेन 2025 में शत-प्रतिशत प्रतिशत मतों से निर्वाचित होकर लायन सन्मति सराफ ने ललितपुर का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया है। नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गर्वनर सन्मति सराफ, उनकी पत्नी सुनीता सराफ का गुरूवार को ललितपुर पहुंचने पर ऐतिहासिक स्वागत सम्मान किया गया। हाई-वे स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ललितपुर के लायंस पदाधिकारियों, समाजसेवियों ने उनको फूलमालाओं से लाद दिया और मिष्ठान वितरण किया।

इस दौरान लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321 बी2 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ ने कहा कि यह कार्य देव, शास्त्र और गुरु के श्रीचरणों में नमन करते हुए तथा अपने माता-पिता, सराफ माता-पिता एवं चाचाजी के आशीर्वाद और संस्कारों को समर्पित है। कहा कि वह अब ललितपुर समेत डिस्ट्रिक्ट 321 बी2 में आने वाले सभी जनपदों में शिक्षा और पर्यावरण को लेकर कार्य करेंगे। इसके लिए उनके पास एक ठोस विजन है और कार्य करने की इच्छा शक्ति भी मजबूत है। बताया गया कि पिछले 27 वर्षो से सेवाकार्य में निरंतर सक्रिय हैं। 14 मई 2023 को कंडाघाट हिमाचल प्रदेश में सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर और 11 मई 2024 को हरिद्वार में फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित हुए थे। उन्होंने अपने आगामी कार्यकाल के लिए डोनेट विथ ऐसे (सहजता से दान करें) थीम प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दान केवल भौतिक संसाधनों तक सीमित नहीं, बल्कि समय, विचार, रक्त, अंग, शिक्षा, ऊर्जा, तकनीकी कौशल जैसे स्थायी और अस्थायी संसाधनों को समाज के लिए समर्पित करने की सहज प्रेरणा है, यानी सहजता से दान करें।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा जैतीपुर-गौरा मार्ग पर हुआ, जहां डम्फर ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। बलऊंखेड़ा गांव निवासी छोटू अपने चचेरे भाई शिवम के साथ गौरा गांव में रहने वाली अपनी भाभी पायल को लेने जा रहे थे। जैसे ही वे फैक्ट्री के पास पहुंचे, एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर' मार दी। दोनों युवकों को एंबुलेंस की मदद से नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने छोटू को मृत घोषित कर दिया। शिवम को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। नवाबगंज चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे' ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। मृतक छोटू अपने बड़े भाई किशन की पत्नी को लेने निकले थे।

# गणित प्रतियोगिता में प्रिशा ने जीता गोल्ड मेडल

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-2 की मेधावी छात्रा प्रिशा बाजपेयी ने जिला स्तरीय एबेकस प्रतियोगिता में गोल्ड टॉपर का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस मेधावी छात्रा ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित करने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने प्रिशा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फशैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लागू करे सरकार



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** युवा अधिवक्ता संघ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के गेट पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पवन कुमार तिवारी एड. ने की एवं संचालन संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता विजय कुमार सिंह एड. ने किया। कार्यक्रम में महासचिव वेद प्रकाश राय एड., त्रिलोकी स्वरूप पटेरिया एड., जयंत यादव एड., लोकेश निषाद एड., धर्मेंद्र कुमार रजक, किरतभान सिंह, पुष्पेंद्र गोस्वामी, रमाकांत साहू, अरशद खान, रामकुमार वैष्णव, मनोज कुशवाहा, पहलवान यादव, अभिलाषचंद्र माझावर, प्रसन्न कौशिक, प्रमोद नामदेव, बलराम लोधी, रमाकांत गोस्वामी, साहबसिंह बुंदेला, भगतसिंह पटेल, अमन सुरजिया, सौरभ, मनीष याज्ञिक, मधुसूदन, कुलदीप पाठक, अर्जुन कुशवाहा, अखिलेश राय, इमरान खान, मनीष, संतोष राजपूत, मुस्तकीम खान, आकाश, दर्शन, गौरव सेन, राजपाल, जयपाल, शंभूदयाल शर्मा, केहरसिंह, भगत सिंह, गजेंद्र, पंकज शर्मा समेत सैकड़ो अधिवक्ता शामिल रहे।

# मेले में दुकान से चोरी करने वाला बदमाश दबोचा

**बदमाश से चार मोबाइल फोन, आधार कार्ड व नकद रुपये बरामद**

**अवधनामा संवाददाता**



■ मड़ावरा पुलिस को मिली महत्वपूर्ण सफलता

**चोर को इस पुलिस टीम ने लिया हिरासत में**

दुकान में चोरी होने के बाद बदमाश को पकडने़ वाली पुलिस टीम में प्र.नि.अशोक कुमार वर्मा, उ.नि.विपिन डेढ़ा, उ.नि.सोनू कुमार, का.विक्रम सिंह आदि शामिल रहे।

**ललितपुर।** विगत दिनों मड़ावरा में चल रहे मोती मंदिर मेले में युवक की दुकान से पर्स चोरी हो गया था। इस मामले में मड़ावरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हांसिल हुयी है, जिसमें पुलिस ने बदमाश को चोरी किये गये माल के साथ दबोचा है। बताया गया है कि एडीजी जोन कानपुर, डीआईजी झांसी के निर्देश, एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन व एएसपी कालू सिंह व सीओ मड़ावरा राजेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में मड़ावरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को रोहिणी बांध तिराहा से जाने वाली सड़क से धर दबोचा है। पकड़े गये युवक का नाम ग्राम रनगांव निवासी राहुल पुत्र मलखान अहिरवार बताया गया है। घटना को लेकर एसपी ने टीमों का गठन किया था, जिसमें धरातलीय सूचना, सर्विलांस व अन्य एकत्रित तकनीकी/वैज्ञानिक साक्ष्यों की मदद से राहुल अहिरवार को गिरफ्तार किया गया है।

**राहुल अहिरवार ने कबूला जुर्म :** पकड़े गये राहुल अहिरवार ने पूछने पर बताया कि 25-26 मई की रात्रि में ग्राम रनगांव में मोती मन्दिर मेला देखने के लिए गया था। मेले में कपड़े की दुकान से कुछ लोगों द्वारा खरीददारी की जा रही थी मैं भी उसी दुकान पर कुछ सामान खरीदने का बहाना लेकर खड़ा हो गया था। मौका पाकर एक व्यक्ति का हैण्डपर्स चोरी कर लिया था जिसमें मोबाइल फोन, आधार कार्ड व रुपये रखे हुए थे।

**यह था मामला :** मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना खरगापुर क्षेत्र में रहने वाले असलम साह पुत्र इकबाल साह ने मड़ावरा थाना पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह वर्तमान में मोती मंदिर मेले में कपड़े की दुकान लगाये है। बताया कि 26-27 मई की रात करीब ड़ेढ़ बजे उसकी दुकान से हैण्ड पर्स चोरी हो गया। इस पर्स में उसका आधार कार्ड, 1200 रुपये नकद, दुकान की रसीदें, दो मोबाइल जो कि चोरी हो गया। बताया कि उसने सीसीटीवी कैमरे में देखा तो मड़ावरा के ग्राम रनगांव निवासी राहुल पुत्र मलखान अहिरवार उसकी दुकान में चोरी करते हुये कैद हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर राहुल अहिरवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम कैंप का आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के निर्देशानुसार, एसएसई, पी.वे., ललितपुर डिपो एवं स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में सुबह 10 बजे से यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) और न्यू ट्रांसफर मॉड्यूल पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अलग- अलग विभाग के 69 कर्मचारियों द्वारा प्रतिभागिता सुनिश्चित की।

सभी को यूनिफाइड पेंशन स्कीम पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं यूपीएस विकल्प फॉर्म उपलब्ध कराये गए। कैंप में मुख्य रूप से मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक अजय मीना, राजीव पांडेय, स्टेशन प्रबंधक डी.के.चतुर्वेदी, उप स्टेशन प्रबंधक शांतनु पुरोहित, गणेशकीर्ति मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक/कार्मिक सर्वेश दीक्षित, मुख्य कार्यालय अधीक्षक/टीआरडी सागर अग्निहोत्री, मुख्य कार्यालय अधीक्षक इंजीनियरिंग किशोर सिंह एवं कार्यालय अधीक्षक आकाश गुप्ता, साकिर खान उपस्थित रहे।

# अवैरनी में ख़त्म हुए 70 साल पुराने कच्चे रास्ते : प्रधान होशियार सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

■ लेखराज सिंह व उपजिलाधिकारी कंचन गुप्ता ने पुनः निर्माण कराया

**बलदेव (मथुरा)** बलदेव के गांव अवैरनी में प्रधान होशियार सिंह व लेखराज सिंह के प्रयास से लोचन सिंह के मकान से बलदेव राजवाह तक कच्चे रास्ते का निर्माण मनरेगा के माध्यम से पुनः कराया गया। यह रास्ता लगभग 50 वर्ष पूर्व खेत बालों ने काट- काट ख़त्म कर दिया था जिस से लोगो को अपने खेतों तक व बलदेव तक जाने में कई किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता था लेकिन प्रधान होशियार सिंह व लेखराज सिंह ने उपजिलाधिकारी महावन को अवगत कराया तो उन्होंने मोकेपर राजस्व निरीक्षक रामजीलाल, लेखपाल हरवीर सिंह, लेखपाल रामेश्वर सिंह, लेखपाल नेहा चौधरी, अवैरनी लेखपाल भूपेंद्र को भेजकर मुआयना कराया व निर्माण कराने का आदेश दिया तथा शांति भंग ना होने के लिए पुलिस प्रशासन को आदेश दिए लेकिन प्रधान होशियार सिंह व लेखराज सिंह के अच्छे स्वाभाव व विकास कार्य को देखकर किसानों ने अपने खेत में होकर अपनी सहमति से खड़े होकर कच्चे रास्ते का निर्माण कराया जिसे देखकर पुलिस प्रशासन व उपजिलाधिकारी ने सभी किसानो का धन्यवाद दिया और प्रधान होशियार सिंह को विकास कार्य और एकता के लिए हर्ष व्यक्त किया। प्रधान होशियार सिंह ने बताया कि किसान इस कार्य से बहुत ख़ुश है और खेत बालों ने ख़ुद खड़े होकर निर्माण कराया हैं और इस दगरे के माध्यम से किसानों का कई किलोमीटर घूमकर जाने का रास्ता भी ख़त्म होगा और उपजिलाधिकारी कंचन गुप्ता व नायब तहसीलदार साधिका शर्मा का धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। प्रधान प्रतिनिधि लेखराज चौधरी ने बताया कि किसानों की एकता ने हमे मजबूत किया है जिसके कारण आज सभी खुश हैं और कच्चे रास्ते के सीध में बलदेव राजवाह पर मेरे अनुरोध पर बलदेव विधायक पूरण प्रकाश ने एक पुल का प्रस्ताव भी भेजा है जल्द ही एक पुल का निर्माण किया जाएगा जिस से किसानो के ट्रैक्टर ट्रॉली, बेल गाड़ी व किसान की फसल को घूम फेर कर ना जाने की बजह सीधे बलदेव होकर मथुरा जाने में सुगमता होगी। खेम सिंह प्रधान, लोचन सिंह, धारा सिंह, बुद्धा सिंह, राजकुमार सिंह, मेवा सिंह, विनोद पाराशर, शोभरन सिंह, भीमा ताऊ, मोहन काका, ओमप्रकाश, टेगर सिंह, गुड्डू, विजय, वीरेंद्र नेता, भोला पहलवान,महेश, अजीत पहलवान, नीरज चौधरी, श्याम सिंह चौधरी, प्रहलाद, राजू मंत्री, पीतम काका, बलवीर सिंह, राहुल वैदिक व सैकड़ो लोग उपस्थित रहें व हर्ष व्यक्त किया।

# शासन स्तर से वृक्षारोपण को लेकर लक्ष्य निर्धारित

**अवधनामा संवाददाता**

■ वृक्षारोपण व पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम ने दिये निर्देश

**ललितपुर।** कलेक्ट्रैट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण व पर्यावरण समिति मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग डा.शिरीन ने शुभारंभ करते हुये समिति को बताया कि वर्ष 2025 में कराये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु समस्त विभागों के लिए शासन स्तर से लक्ष्य निर्धारित किये जा चुके है। जिसके क्रम में स्थल चयन, कार्य योजना एवं गड्डा खुदान सूचना कुछ विभागों से प्राप्त नहीं हुई है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि वह दो दिन के भीतर स्थल चयन, गड्डा खुदान, एवं कार्य योजना प्रभागीय निदेशक कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। बैठक में सीएम की अध्यक्षता में इस वर्ष कराये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु निर्गत निर्देशों पर भी चर्चा कि गयी एवं समिति को अवगत कराया गया कि मानसून के जल्दी आगमन के दृष्टिगत वन महोत्सव सप्ताह 01 से 07 जुलाई तक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम समस्त विभागों के समन्वय एवं व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से जन सहभागिता के साथ किया जाएगा अवगत कराया। बताया कि अतिरिक्त विशिष्ट वनों में अटल वन, एकता वन, एकलव्य वन, ऑक्सी वन, शौर्य वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन की स्थापना की जाएगी। बैठक में डा.शिरीन ने बताया कि गत वर्ष की भांति वेटलैण्ड संरक्षण वन, वृक्ष प्रसाद, पौध भण्डारा, पौधों की बारात, भाई-बहन वृक्षारोपण, पवित्र धारा वृक्षारोपण, एक पेड़ गुरू के नाम आदि का आयोजन किया जाना है। इस दौरान आर्द्रभूमि के बाउंड्री डेमार्केशन के कार्य पर चर्चा कर सम्बंधित अधिकारियों को ससमय कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## निःशुल्क दिव्यांग सहायता मासिक शिविर 1 जून को

**मथुरा।** 427वां निःशुल्क दिव्यांग सहायता त्रिदिवसीय मासिक चिकित्सा शिविर विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वाधान संस्था कार्यालय 26, आज़ाद मार्केट डीग गेट, मथुरा (निकट डीग गेट पुलिस चौकी, दरेशी रोड़) पर रामबाबू कपूरचंद बजाज की स्मृति मे दिव्यांग सेवा चेरिटेबिल ट्रस्ट,आगरा के सहयोग से दिनांक :- 01जून 2025 रविवार को प्रात : 10:00बजे से दोपहर 2:00बजे तक किया जा रहा है ,शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों का निःशुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ, नई दिल्ली की सफदरजंग , नई दिल्ली शाखा की भौतिक चिकित्सा एवं पुर्नवास विशेषज्ञ डॉ ऋचा जी एवं उनकी टीम द्वारा किया जायेगा। शिविर मे,कृतिम पैर, केलीपर, वैशाखी के पंजीकरण होंगे,उपयुक्त पाये गये सभी दिव्यांग भाई बहिनों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किये जाएंगे साथ सभी दिव्यांग जनो से अनुरोध है कि वह आधार कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र की छायाप्रति, विकलांगता दर्शाते हुए पासफोर्ट साइज फोटो की दो -दो छायाप्रति अवश्य साथ लाएं।

# पुलिस अधीक्षक ने सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस लाइन बहजोई में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड के निरीक्षण के उपरान्त जवानों को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी तत्पश्चात परेड में शामिल जवानों में एकरूपता व अनुशासन बनायें रखने के लिए ड्रिल करायी गयी । साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित बैरक, पी0आर0वी0 112 वाहनों, पुलिस लाइन परिसर, कैंटिन, डायल 112 कार्यालय, स्टोर रुम, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई आदि को चेक किया गया तथा उपकरणों के रख रखाव, स्वच्छता के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के उपरान्त द्वारा अर्दली रूम में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । तत्पश्चात द्वारा जनपद सम्भल में आने वाले रिक्रूट आरक्षियों की ट्रेनिंग हेतु प्रस्तावित आर0टी0सी0 स्थल ईश्वर दास टैक्निकल इन्स्टीट्यूट कस्बा बहजोई का निरीक्षण किया गया व चल रहे कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## थाना एंटी ह्यूमेन ट्रैफिकिंग की मासिक गोष्ठी व कार्यशाला संपन्न

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी /नोडल अधिकारी कालू सिंह की उपस्थिति में थाना एएचटी, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह मई 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला सभागार कक्ष में की गयी। इसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, साइबर क्राइम, प्रोटेक्शन ऑफ सेक्सुअल हेरासमेंट एक्ट 2013, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन पॉक्सो एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट, फालो अप रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी /पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

# एनयूजेआई व ब्रज प्रेस क्लब द्वारा मनाया गया पत्रकारिता दिवस

■ समाज के सामने सच को उजागर करना पत्रकारों का अहम दायित्व, फेक न्यूज से बचें : अरूण सिंह

■ पत्रकारों को उनकी मेहनत के हिंसाब से मानदेय मिले: रासबिहारी

■ जगत गुरु शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** गणेश शंकर विद्यार्थी की याद में शुक्रवार को नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया एवं ब्रज प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 33 वां पत्रकारिता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आए राजनीति, धार्मिक, पत्रकार जगत से जुड़े विशिष्ट लोगों द्वारा वर्तमान पत्रकारों की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जगत गुरू शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरूण सिंह, एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, विधायक पूरन प्रकाश, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह द्वारा मां सरस्वती के छवि चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरूण सिंह ने कहा कि पत्रकारों के हित में केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। कोरोना काल में भी प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पत्रकारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को दर्पण दिखाने का कार्य करते हैं। समाज के सामने सच को उजागर करना पत्रकार का अहम दायित्व है और समाज उनसे इसकी अपेक्षा भी करता है। पत्रकारों को फेक न्यूज से भी बचना चाहिए। किसी समाज व राष्ट्र विरोधी खबर की जब तक सत्यता की पुष्टि न हो तब तक फेक न्यूज को वायरल नहीं करना चाहिए।

विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। वह गर्मी, सर्दी, बरसात सभी मौसमों में अपने धर्म को निभाते हुए हम सभी को घटना स्थल की यथास्थिति से अवगत कराते हैं।

एमएलसी ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि पत्रकार किसी समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभाते हैं। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है। ब्रज प्रेस अध्यक्ष डॉ.कमलकान्त उपमन्यु के आग्रह पर महापौर ने मथुरा में एक मार्ग को दिवंगत पत्रकार स्व. अनन्त स्वरूप वाजपेयी देशभक्त के नाम पर करने का ऐलान किया।

एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि समय के साथ हर क्षेत्र में बदलाव आया है। मीडिया में भी वर्तमान में बहुत सारी चुनौतियां हैं उन पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है। आज पत्रकारिता पूंजीपतियों के हाथ में पहुंच गई है जिससे पत्रकारों का शोषण हो रहा है। उनका कहना था कि पत्रकारों को उनकी मेहनत के हिंसाब से मानदेय दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम को उ.प्र. सरकार के पूर्व प्रमुख सचिव देवदत्त शर्मा आईएएस, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर उर्फ राजू यादव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार गोलेश स्वामी आदि ने भी संबोधित किया।

एनयूजेआई के राष्ट्रीय सचिव व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकान्त उपमन्यु ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार अनूप शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के सचिव शिव कुमार लवानियां, जिला सूचनाधिकारी प्रशांत सुचारी, उद्योगपति पवन चतुर्वेदी, विश्व हिन्दू परिषद के महानगर अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, विहिप जिलाध्यक्ष रनवीर कमान्डो, भाजपा ब्रज क्षेत्र के महामंत्री नागेन्द्र सिकरवार, भाजपा नेता प्रदीप गोस्वामी, संजय शर्मा, संजय गोविल, बार के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, भारी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बेसिक विद्यालयों के समर कैप में बच्चे कम आ रहे थे, बीएसए के निरीक्षण में खुली पोल

**मथुरा।** शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त समर कैंपों की हकीकत जानने के लिए मथुरा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के दौरे पर निकले। उन्होंने तीन विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान समर कैंपों में बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर सभी शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय नवादा का आज पूर्वाह्न 9 बजे का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों में समर कैम्प कार्यक्रम में 10 छात्र / छात्राओं के सापेक्ष मात्र चार बच्चे उपस्थित मिले। उन्होंने समस्त शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों की संख्या बढ़ायें एवं विभिन्न एक्टिविटी तथा नशा मुक्ति के विषय में भी छात्र/छात्राओं को जागरूक कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके बाद वे उच्च प्राथमिक विद्यालय विर्जापुर में चल रहे समर कैम्प में कुल 9 छात्र/छात्राएं उपस्थित पाये गये। पूर्व माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उनको समर कैम्प कार्यक्रम कुल 22 छात्र/छात्रा उपस्थित पाये गये। शिक्षामित्र व अनुदेशक विद्यालय में उपस्थित पाये गये।

### आंगनबाडी कार्यकत्रियों ने डिप्टी कलेक्टर को दिया सात सूत्रीय ज्ञापन

**मथुरा, अवधनामा संवाददाता।** आज महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के तत्वावधान में जिले की आंगनबाडी कार्यकत्रियों ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को हल कराने के लिए मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंची। डीएम कार्यालय पर डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह ने संघ की पदाधिकारियों से ज्ञापन लिया। अश्वासन दिया कि जिलाधिकारी के माध्यम से समाधान कराया जाएगा।

शुक्रवार को आंगनबाडी कार्यकत्रियां संघ की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष आशा देवी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय ज्ञापन देने पहुंची। जहां पर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद उन्होंने बताया कि आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को फोटो ऑनलाइन डिजिटल कार्यों को विभाग ने जबरन थोपा गया है। काम पूरा नहीं होने पर विभागीय अधिकारियों द्वारा धमकाया जा रहा है जिससे उनको मानसिक तनाव हो रहा है। विभाग ने उनको 4 जी मोबाइल दिए हैं जबकि यह कार्य 5जी मोबाइल से पूरा होगा। जिससे उनको कार्य करने में परेशानी हो रही है। सरकार को चाहिए यह कार्य कराना है तो कार्यकत्रियों को 5जी मोबाइल दिया जाए।

संघ की शहर अध्यक्ष सुधा निर्वाण ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ई केवाईसी से मुक्त कराया जाए, पुष्टाहार की धनराशि लाभार्थियों के सीधे खाते में दी जाए, मोबाइल का रिचार्ज की धनराशि तीन वर्ष से नहीं मिली है उसे दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि पीएलआई की धनराशि एक वर्ष से नहीं मिली है उसे दिलया जाए। जो आंगनबाड़ी भवन किराये पर चल रहे हैं उनका किराया दिलाया जाए, आंगनबाडी केन्द्रों को ग्रीष्मकालीन अवकाश प्राथमिक विद्यालयों की तरह दिया जाए।

ज्ञापन देने वाली कार्यत्रियों में राधा, हेमवती, स्नेहलता, ब्रजवाला, विद्या देवी, अनूपलता, प्रीति, विजय लक्ष्मी, ऊषा, रीना, नीरज, सुंदरी, कमलेश शर्मा आदि थीं।

# वृंदावन बानिक बन्यो का मंचन देख वृद्ध माताएं हुई भावविभोर

**अवधनामा संवाददाता**



**वृन्दावन(मथुरा)।** महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा वृद्ध माताओं के लिए संचालित कृष्ण कुटीर महिला आश्रय सदन में रासलीला वृन्दावन बानिक बन्यो का भव्य मंचन गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन की प्रशिक्षु बालिकाओं ने किया। ये अद्भुत प्रस्तुति देख वृद्ध माताएं व अन्य दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये।

एक दिव्य और भावविभोर कर देने वाली रासलीला 'वृन्दावन बानिक बन्यो' का भव्य मंचन का शुभारंभ महिला एवं बाल कल्याण की उप निदेशक श्रीमती श्रुति शुक्ला, जिला प्रोवेशन अधिकारी विकास कुमार, गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना व प्रशासनिक अधिकारी शिल्पा मुरगई व गीता शोध संस्थान के कोआर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार संयुक्त रूप से किया।

रासलीला की संकल्पना एवं निर्देशन प्रख्यात रंगकर्मी व निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना द्वारा की गई। मंच पर अकादमी की प्रशिक्षु बालिकाओं ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित रासलीला 'वृन्दावन बानिक बन्यो' में मनोहारी अभिनय एवं नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का हृदय जीत लिया। मंचन करने वालों में मोहिनी कृष्ण दासी, निशा, लवी, जयंती, राधिका, कामिनी पांडे, चांदनी, कामिनी, डोली, दीक्षा, सुमिति, द्रोपदी, विनीता, तनिष्का प्रिया, मोहिनी उपाध्याय, आकांक्षा रोशनी, पारुल, प्राची और जर्मन निवासी चंपकलता रहीं।

लीला के विभिन्न आयामों में ब्रज संस्कृति और नारी शक्ति का सुंदर समावेश दिखाई दिया। तबला संगत सुनील पाठक ने तथा सारंगी पर मनमोहन कौशिक ने अद्भुत संगत दी। वांसुरी संयोजन दीनानाथ ने किया। रास पदों का हारमोनियम पर गायन आकाश शर्मा ने किया।श्रीमती रितु सिंह ने वस्त्र सज्जा की। लखनऊ के भातखंडे संस्कृति विवि की प्रशिक्षक वैभवी ने प्रशिक्षुओं को कथक सिखाया। रासलीला के संयोजन व कोआर्डिनेटर में चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने संचालन किया।

कृष्ण कुटीर के माधव सभागार में आयोजित रासलीला में बड़ी संख्या में ब्रजवासी, सांस्कृतिक क्षेत्र के गणमान्य लोग, छात्राएँ और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रासलीला की अंतर्ध्वनि ने समस्त वातावरण को आध्यात्मिक भावों से सराबोर कर दिया। प्रस्तुति समाप्त होने पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उप निदेशक श्रुति शुक्ला ने कहा कि रासलीला मंचन ने यह सिद्ध कर दिया कि पारंपरिक ब्रज रासलीला आज भी अपनी मूल आत्मा में जीवंत है और नई पीढ़ी इसे न केवल सीख रही है, बल्कि पूरी गरिमा से मंच पर प्रस्तुत भी कर रही है। जिला प्रोवेशन अधिकारी विकास कुमार ने गीता शोध संस्थान को धन्यवाद दिया। प्रो दिनेश खन्ना ने गीता शोध संस्थान के प्रशिक्षण व आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

# चोर गैंग की चहलकदमी दहशत

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** बीती देर रात आधा दर्जन से अधिक बदमाशों का गैंग सदर चौकी अंतर्गत कैलगुवां रोड स्थित गौर कालोनी में घूमता हुआ नजर आया। इसी कालोनी में विगत दिनों तीन घरों से एक ही रात में लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले की शिकायत भी कोतवाली में दर्ज करायी गयी थी, लेकिन प्रभावी कार्यवाही न होने के कारण यहां चोरों ने फिर से चहलकदमी की है। जिससे अब कालोनी के अलावा शहर के अन्य मोहल्लों के लोगों में भी दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। बताया गया है कि सदर चौकी क्षेत्र अंर्तगत गौर कालौनी में देर रात चोरों का आतंक सीसीटीवी कैमरे के कैद हो गया। चोरों द्वारा एक मकान के ताले काटकर वह अंदर घुस गए। इसी दौरान चोरो का साहस इतना बढ़ गया कि वह मकान मालिक से बात भी करने लगे, पुलिस की सतर्कता के चलते चोर वहाँ से भाग खड़े हुए। चोरो की इस करतूत का वीडियो वहां पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बताया गया है कि गौर कलौनी में देर रात 7 चोर नकाबपोश चोर भैरव प्रसाद यादव के मकान में ताला काटकर जा घुसे, यही नही चोरो में गृहस्वामी से बात भी की, इसके बाद वहाँ पर पुलिस पहुँच गयी, जिसकी जानकारी मिलते ही चोर वहां से भाग खड़े हुए, चोरो द्वारा मोहल्ले में घूमने व मोहल्ले में आवारा घूम रहे जानवरो को पत्थर मारने तक की वीडियो वहाँ पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम वीवी पैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल (बहजोई)** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ई.वी.एम वी. वी . पैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ़ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते समय खिडकी दरवाजों को लेकर चकबंदी एसओसी को निर्देशित करते हुए कहा की यथाशीघ्र जाली एवं खिडकियों को ठीक कराया जाए। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वेयर हाउस की छत का अवलोकन करते हुये संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड पवांसा के पीएम श्री विद्यालय धुरैटा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूल के निर्माण कार्य को देखा एवं शौचालय की टाइल्स की गुणवत्ता खराब होने को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पीएम श्री विद्यालय के शेड का भी निरीक्षण किया। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतीराज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शेड के आस-पास आवश्यकता अनुसार मिट्टी डलवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल के पौधो की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा,एस.ओ. सी. चकबंदी मातवर सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की इंडीकेटर्स को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकासखण्ड में विभिन्न विभागों के संबंधित इंडीकेटर्स को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। कार्यक्रम के अन्तर्गत शासन द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्डों में परिलक्षित परिवर्तनों के भौतिक निरीक्षण हेतु नामित नोडल अधिकारी सचिव उ. प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ अवनीश सक्सेना तथा निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा प्रधान निदेशक पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम उ. प्र. लखनऊ डॉ वंदना वर्मा मुख्य अतिथि रहे। बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों का जिलाधिकारी द्वारा पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत किया गया। बैठक के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा जनपद के सात आकांक्षात्मक विकासखण्ड के विषय में जानकारी दी तथा उन्होंने बताया कि जनपद में नीति आयोग के अन्तर्गत गुन्नौर एवं असमोली विकासखण्ड आकांक्षात्मक विकासखण्ड हैं तथा अन्य पांच विकासखण्ड सम्भल, जुनावई, रजपुरा, बनियाखेड़ा तथा पवांसा नियोजन विभाग के अन्तर्गत आकांक्षात्मक विकासखण्ड हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गये अभिनव प्रयोग, जनपद के 16 पीएम श्री विद्यालयों को लेकर पीपीटी के माध्यम से मुख्य अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के तीर्थ नगरी के रूप में इसके ऐतिहासिक महत्व के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद प्राचीन 68 तीर्थ एवं 19 कूप हैं तथा सम्भल नगर के आस पास ही हैं। जिलाधिकारी के नेतृत्व में वंदन योजना के अन्तर्गत तीर्थो का विकास किया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत किये गये कार्य तथा तिथि भोजन, जनपद में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई के अन्तर्गत लोगों की दी जाने वाली भरोसे की पर्ची तथा जिला परियोजना निगरानी ईकाई ( डीपीएमयू ) विकासखण्ड असमोली के वाद मुक्त ग्राम अखबंदपुर। स्वास्थ्य सेवाओं में किए गये अभिनव प्रयोग संयुक्त चिकित्सालय सम्भल में डिजिटल पंजीकरण काउंटर तथा उम्मीद संस्था द्वारा भीख से सीख कार्यक्रम भिक्षा से शिक्षा की ओर के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्य, जनपद से आलू निर्यात के अन्तर्गत बहजोई से बहरीन के लिए आलू का निर्यात तथा राज्यपाल भवन में लगी प्रदर्शनी में आलू के स्टाल का लगाया जाना तथा सम्भल में स्ट्राबेरी की खेती तथा प्रोजेक्ट चमक क, ख, ग, घ मिशन, एस्ट्रोनॉमी लैब, स्वच्छ भारत मिशन ( नगरीय ), प्लास्टिक मुक्त, राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना गोल्डन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना पर चर्चा की गयी। ग्राम चौपाल पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड में प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को दो ग्रामों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है तथा जिस ग्राम में चौपाल होती है उस ग्राम में पांच दिन पूर्व से ही साफ सफाई का कार्य किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत एएनसी पंजीकरण को लेकर डिप्टी सीएमओ डॉ विश्वास अग्रवाल ने जानकारी दी। मुख्य अतिथि द्वारा एएए की साप्ताहिक बैठक के विषय में जानकारी ली ओर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एएए का समन्वय मजबूत रहे। इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद में बढाए गये डिलीवरी प्वाइंट के विषय में बताया गया। एनक्वास , हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईसीडीएस विभाग की समीक्षा की गयी तथा पोषाहार प्लांट के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा पोषाहार आपूर्ति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सैम मैम बच्चे, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बाल मैत्रिक शौचालयों के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक अभियान चलाते हुए बाल मैत्रिक शौचालयों का शत प्रतिशत संतृप्तिकरण किया जाए। बेसिक शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा के इंडीकेटर्स के विषय में विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी तथा कृषि विभाग के अन्तर्गत एफपीओ के गठन तथा कार्य के विषय में जानकारी ली तथा इसके ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया ताकि एफपीओ से अधिक से अधिक किसान जुड़ सकें। मृदा स्वास्थ्य कार्ड , किसान गोष्ठियों को लेकर भी जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नमामि गंगे, ओडीएफ ग्राम के विषय में जानकारी प्राप्त की पेयजल पाईपलाइन योजना, बैंकिंग फाईनेन्स, स्वयं सहायता समूह, पीएम आवास योजना ग्रामीण को लेकर भी चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति से संबंधित डेटा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक,जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रेवल टिप्सः बना रहे हैं घूमने का प्लान तो एक्सप्लोर करें तीर्थन वैली, बिता सकेंगे सुकून के कुछ पल

तीर्थन वैली में हरे भरे जंगल, शानदार पहाड़ों के दृश्य, दूध सी बहने वाली सफेद नदियां, लहरदार घास के मैदान और खूबसूरत गांव आपको अपना दीवाना बना लेंगे। यहां पर आप सुकून के पल बिता सकते हैं। हर किसी को घूमने-फिरने का शौक होता है। वहीं कई लोग ऐसी जगहों की तलाश करते हैं, जो शांति और सुकून वाली है। ऐसे में आप हिमाचल प्रदेश की तीर्थन वैली में घूमने का प्लान बना सकते हैं। यहां पर आप एक बार छुट्टियों पर जा सकते हैं। तीर्थन वैली में हरे भरे जंगल, शानदार पहाड़ों के दृश्य, दूध सी बहने वाली सफेद नदियां, लहरदार घास के मैदान और खूबसूरत गांव आपको अपना दीवाना बना लेंगे।

इस जगह की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर आपको अधिक भीड़ नहीं मिलेगी। तो वहीं अगर आप यहां पर ऑफ सीजन में आते हैं, तो हर एक चीज बेहद सस्ते दामों पर मिलेगी। खासकर रहने के



लिए होटल और होमस्टे आदि। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तीर्थन वैली के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही यह भी जानेंगे कि आप यहां क्या-क्या एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**तीर्थन वैली**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित तीर्थन वैली एक बेहद खूबसूरत जगह है। यह बेहद खूबसूरत वैली हिमालय पर्वतों और घने जंगलों के लिए जानी जाती है। यहां के लोगों की जिंदगी शांत और धीमी है। जिसमें बेहद सुकून है। अगर आप भी किसी सुकून और शांत जगह की तलाश में है, तो यह जगह बेस्ट है। कम खर्च में आप यहां पर ऑफ सीजन में घूमने के लिए आ सकते हैं।

**स्टे**

सर्दी और चिलचिलाती गर्मी के दौरान यहां पर पर्टयकों की संख्या में काफी वृद्धि हो जाती है। वहीं अगर आप ऑफसीजन में यहां आते हैं, तो आपको कम रेट में होटल और होम स्टे मिल जाएंगे। तीर्थन वैली में आपको बजट के हिसाब से रूम मिल जाएंगे। आप चाहें तो यहां के 'Vivaan Stays' में भी बुकिंग कर सकते हैं।

बता दें कि तीर्थन वैली में आपको एक दिन के ब्रेकफास्ट के 3,000 रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। क्योंकि यह होटल नदी किनारे स्थित है। वहीं बालकनी से नदी और पहाड़ों का व्यू देखने को मिलता है। इसके साथ ही आप यहां पर बोनफायर का भी मजा ले सकते हैं।

**जीभी वॉटरफॉल**

तीर्थन वैली आने के बाद आप यहां का जीभी वॉटरफॉल जरूर एक्सप्लोर करें। क्योंकि यह वॉटरफॉल जितना ज्यादा मनमोहक है, उससे ही ज्यादा खूबसूरत यहां तक पहुंचने का रास्ता है। आप ट्रैकिंग के जरिए भी जीभी वॉटरफॉल तक पहुंच सकते हैं। इस पूरे ट्रैक के दौरान आपको नदियां, सुंदर पहाड़ और गांव के खूबसूरज नजारे देखने को मिलेंगे।

**खाने का उठाएं लुत्फ**

यदि आप भी तीर्थन वैली आ रहे हैं, तो यहां के स्वादिष्ट खाने का लुत्फ जरूर उठाएं। कम मसालों के साथ पकाया गया भोजन आपको काफी स्वादिष्ट लगेगा। यहां पर खाना पकाने के लिए नदी के पानी का इस्तेमाल किया जाता है, जो खाने के स्वाद को अधिक बढ़ा देता है। वहीं अगर आप फिशिंग के शौकीन हैं, तो होम स्टे में जाकर फिश पका सकते हैं। लेकिन फिशिंग करने से पहले आप वन विभाग की अनुमति लेना न भूलें।

**कैसे पहुंचे यहां**

यहां पर पहुंचने का सबसे अच्छा ऑप्शन दिल्ली/चंडीगढ़ से कुल्लू या मनाली के लिए बस पकड़ लें और औट में उतरें। आप या तो औट से तीर्थन वैली के लिए टैक्सी किराए पर ले लें। या फिर औट से बंजार के लिए स्थानीय बस में सफर कर सकते हैं। फिर बंजार से गुशैनी के लिए दूसरी बस ले सकते हैं। जिसके बाद आप तीर्थन वैली जा सकते हैं। यहां तक पहुंचने के लिए आपको डायरेक्ट ट्रेन नहीं मिलेगी। वहीं अगर आप फ्लाइट से आ रहे हैं, तो यहां का नजदीकी एयरपोर्ट भुंतर एटरपोर्ट है।

## धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण शहर है अमृतसर



जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है।

अमृतसर, पंजाब राज्य का एक प्रमुख शहर, धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह शहर न केवल भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि दुनिया भर के पर्यटकों के लिए भी एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुका है। यहाँ की शांतिपूर्ण वातावरण और समृद्ध इतिहास, पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। आइए जानते हैं अमृतसर पर्यटन के कुछ प्रमुख आकर्षणों के बारे में।

**1. स्वर्ण मंदिर**

अमृतसर का सबसे प्रमुख और प्रसिद्ध स्थल है स्वर्ण मंदिर, जिसे हरमंदिर साहिब भी कहा जाता है। यह सिख धर्म का पवित्र स्थल है और दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। मंदिर का गोल्डन गेट और उसकी खूबसूरत वास्तुकला देखने योग्य हैं। स्वर्ण मंदिर के चारों ओर स्थित अमृत सरोवर की शांति और सौंदर्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। यहाँ की आध्यात्मिक शांति और वातावरण लोगों को एक अलग अनुभव प्रदान करते हैं।

**2. जालियांवाला बाग**

जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है। जालियांवाला बाग पर जाकर लोग भारतीय इतिहास को जानने और उसकी महत्ता को महसूस करने के लिए आते हैं।

**3. वाघा बॉर्डर**

अमृतसर से लगभग 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीमाबंध है। यहाँ हर शाम भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा %बीटिंग रिट्रीट% नामक एक शानदार समारोह आयोजित किया जाता है। यह उत्सव एक जीवंत, रंगीन और जोशपूर्ण अनुभव है, जिसमें दोनों देशों के नागरिकों की एकजुटता और सम्मान की भावना दिखाई देती है। वाघा बॉर्डर का दौरा करने के लिए पर्यटकों का तांता लगा रहता है।

**4. गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी**

अमृतसर में सिख धर्म और पंजाबी संस्कृति के प्रतीक के रूप में गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी संग्रहालय भी प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। यहाँ सिख धर्म की धरोहर, इतिहास, और उनके संघर्षों को प्रदर्शित किया गया है।

**5. दुर्गियाना मंदिर**

यह मंदिर अमृतसर का एक और प्रमुख धार्मिक स्थल है जो स्वर्ण मंदिर के समान दिखता है। यह मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है और यहाँ लोग धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए आते हैं। मंदिर के पास ही एक बड़ा सरोवर भी स्थित है, जो इस स्थल की सुंदरता को बढ़ाता है।

**6. काली मंजीर**

अमृतसर में स्थित काली मंजीर भी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यह मंदिर काली माता को समर्पित है। यहाँ भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, विशेष रूप से नवरात्रि और अन्य हिन्दू त्योहारों के दौरान।

**7. अमृतसर का बाजार और संस्कृति**

अमृतसर के बाजार भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ के बाजार, जैसे कि केसरिया बाजार और जोड़ा फाटक बाजार, लोक कला और हस्तशिल्प के अद्भुत सामानों से भरे हुए हैं। यहाँ से पर्यटक पंजाबी पारंपरिक वस्त्र, जूतियां, चूड़ियां, और अन्य हस्तनिर्मित सामान खरीद सकते हैं। अमृतसर की सांस्कृतिक धरोहर यहाँ के विभिन्न मेलों, त्योहारों और नृत्य-गानों में भी देखने को मिलती है।

**8. भठिंडा और गग्गा महल**

अमृतसर के पास स्थित भठिंडा और गग्गा महल भी ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। भठिंडा किला एक ऐतिहासिक किला है, जो प्राचीन समय में एक महत्वपूर्ण स्थान था। वहीं गग्गा महल में एक शांतिपूर्ण वातावरण मिलता है और यहां के सुंदर दृश्य पर्यटकों के लिए एक अच्छा अनुभव होते हैं।

अमृतसर, अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक त्योहारों और मेहमाननवाजी के लिए प्रसिद्ध है। स्वर्ण मंदिर, जालियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर और अन्य पर्यटन स्थलों ने इसे एक प्रमुख यात्रा स्थल बना दिया है। यहाँ आने वाले पर्यटकों को न केवल भारतीय संस्कृति का गहरा अनुभव मिलता है, बल्कि एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव भी होता है। अगर आप भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक वैभव को महसूस करना चाहते हैं, तो अमृतसर की यात्रा निश्चित रूप से आपके यात्रा सूची में होनी चाहिए।

## गर्ल गैंग के साथ घूम आए इन जगहों पर ट्रिप रहेगी मजेदार



महिला दिवस आने वाला है। ऐसे में आप भी अपनी महिला गैंग के साथ घूमने का प्लान जरुर बनाएं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी शानदार जगहें बताने जा रहे हैं, जहां आप घूमने जरुर जाएं। इन जगहों पर आप अपने महिला मित्र के साथ फुलऑन मस्ती कर सकते हैं। आइए आपको इन जगहों के बारे में बताते हैं। आजकल ज्यादातर लोगों को घूमना-फिरना काफी पसंद होता है। लड़कियों को भी घूमने का काफी शौक होता है लेंकिन वह घूमने प्लान कम ही बना पाती है। इसलिए आप इस बार महिला दिवस पर कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। वैसे तो यह एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समानता की दिशा में एक कदम है। इस खास अवसर पर आप अपनी महिला गैंग के साथ घूमने का बनाएं प्लान। इस लेख में हम आपको अपनी गर्ल गैंग के साथ घूमने के लिए बेहतरीन जगहें बताने जा रहे हैं।

**गोवा**

आप अपनी गर्ल गैंग के साथ गोवा जा सकते हैं। यहां पर बीचेस, नाइटलाइफ और शांत वातावरण काफी लोकप्रिय है। मार्च के दौरान गोवा में घूमना सबसे बढ़िया है। इस समय ज्यादा भीड़ भी नहीं होती है। यहां पर आप अपने दोस्तों के साथ मौज-मस्ती कर सकते हैं।

**ऋषिकेश**

ऋषिकेश गंगा नदी के किनारे हिमालय की तलहटी में बसा एक खूबसूरत शहर है, जो कि उत्तराखंड में स्थित है। ऋषिकेश योग और ध्यान की प्रेक्टिस के लिए फेमस है। ये जगह आध्यात्मिक साधकों और रोमांच के शौकीनों के लिए सबसे बढ़िया है।

**जयपुर**

पिंक सिटी जयपुर शहर महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित डेस्टिनेशन में से एक है। यहां आप वीकेंड पर घूमने के लिए प्लान बना सकते हैं। जयपुर में सुंदर रिसॉर्ट हैं, जहां आप सहेलियों के काफी एन्जॉय कर सकते हैं। इस शहर के ऐतिहासिक किला को जरुर देख सकते हैं।

**मनाली**

महिला दिवस पर अपनी सहेलियों के साथ घूमने के लिए आप हिमाचल प्रदेश के मनाली शहर में घूमने जा सकते हैं। यहां पर मार्च के महीने में फ्रेश स्नो देखने को मिल जाएगी। यहां पर घूमने के लिए हिडिम्बा मंदिर, मॉल रोड और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ का छिपा हुआ खजाना माना जाता है औरापानी, सर्दियों में स्वर्ग बन जाती है ये

छत्तीसगढ़ भारत का एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य है। साल 2000 में इस राज्य का गठन हुआ था। साथ ही यह देश का 10वां सबसे बड़ा राज्य माना जाता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा भी कहा जाता है। यह राज्य विशान घने जंगलों के लिए भी जाना जाता है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक विविधता के लिए भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में ऐसी कई शानदार और मनमोहक जगहें मौजूद हैं। यहां पर हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी भी ऐसी ही एक अद्भुत जगह है। जो कहीं से भी हिमाचल या उत्तराखंड से कम नहीं मानी जाती है। औरापानी की खूबसूरती को देखने के लिए देश के हर कोने से लोग पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको औरापानी में मौजूद कुछ शानदार और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप



अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**कहां है औरापानी**

औरापानी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मौजूद है। यह मुख्य शहर के करीब 45 किमी की दूरी पर स्थित है। औरापानी छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा के पास में स्थित है।

वहीं औरापानी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर 170 किमी दूर स्थित है। इसके साथ ही औरापानी छत्तीसगढ़ के रतनपुर से करीब 91 किमी, मध्य प्रदेश के अमरकंटक से करीब 90 किमी और पंडरिया से करीब 51 किमी दूर स्थित है।

**औरापानी की खासियत**

बता दें कि औरापानी को सिर्फ बिलासपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का छिपा खजाना माना जाता है। घने जंगलों के बीच स्थित औरापानी बेहद मनमोहक और खूबसूरत दृश्यों के लिए जाना जाता है।

यह जगह अपनी खूबसूरती के साथ सुहावने मौसम के लिए भी जाना जाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। वहीं मानसून और सर्दी के मौसम में औरापानी की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

**सैलानियों के लिए खास है ये जगह**

छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी पर्यटकों का वह खजाना है, जहां पर घूमने के लिए लोग हिमाचल और उत्तराखंड को भूल जाएंगे। यहां पर सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि अन्य जगहों से भी पर्यटक आते हैं। यहां का शांत और शुद्ध वातावरण के साथ झील और झरनों के लिए भी जाना जाता है। औरापानी के जंगलों में स्थित झील और वॉटरफॉल सैलानियों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं।

## दक्षिण भारत की टॉप रोमांटिक जगहों पर बनाएं घूमने का प्लान

दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है।

फरवरी साल का ऐसा महीना होता है, जब देश में थोड़ी-थोड़ी ठंड कम पड़ने लगती है। जब ठंड कम पड़ती है, तो घूमने का मजा दोगुना हो जाता है। वहीं यह महीना साल का सबसे रोमांटिक महीना भी माना जाता है। क्योंकि फरवरी महीने में भी वैलेंटाइन डे वीक मनाया जाता है। इस दौरान दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है। इसलिए इस महीने में दक्षिण भारत में हर दिन हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ हसीन और टॉप रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**अल्लेप्पी**

दक्षिण भारत में स्थित सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह में अल्लेप्पी का नाम सबसे पहले आता है। यह सिर्फ केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का एक खूबसूरत हॉलिडे डेस्टिनेशन माना जाता है।

अरब सागर के तट पर स्थित अल्लेप्पी अपने खूबसूरत समुद्री तट, लैगून और बैक वाटर के लिए जाना जाता है। अल्लेप्पी को दक्षिण भारत की टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। ऐसे में आप अपने पार्टनर के साथ अल्लेप्पी घूमने के लिए जा सकते हैं।

**कोडईकनाल**

दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में स्थित कोडईकनाल देश का सबसे खूबसूरत और बेहतरीन हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। यह पार्टनर के साथ घूमने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है।

कोडईकनाल अपनी प्रकृति सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर आपको खूबसूरत झील-झरने, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और खूबसूरत घाटियां देखने को मिलेंगी। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन शाम गुजार सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। कोडईकनाल में आप कोडईकनाल झील, कोकर्स वॉक और डॉलफिन नोज पॉइंट जैसी रोमांटिक जगहों पर जरूर जाएं।

**कूर्ग**

अगर आप अपने पार्टनर के साथ फरवरी के महीने में कर्नाटक की किसी रोमांटिक जगह पर जाना चाहते हैं, तो आपको कुर्ग जाना चाहिए। क्योंकि कुर्ग में सिर्फ भारतीय कपल्स ही नहीं बल्कि विदेशी कपल्स भी घूमने के लिए आते हैं। कुर्ग की खूबसूरती इस तरह प्रचलित है कि इसको दक्षिण भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। आपको कुर्ग में कई होटल और रिसॉर्ट ऐसे होते हैं, जहां पर आप रूम बुक करके हसीन शाम बिता सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ एबी फॉल्स, ब्रह्मगिरी शिखर, चेट्टाल्ली, दुबारे हाथी शिवर और राजा की सीट जैसी रोमांटिक जगहों को एकसप्लोर कर सकते हैं।

## भारत में दोस्तों के साथ यात्रा के स्थान

# दोस्तों के साथ घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों पर करें विजिट, मौज-मस्ती के लिए है परफेक्ट डेस्टिनेशन

आज हम आपको देश की कुछ शानदार और मजेदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप एक हैं, जिनको दोस्तों के साथ घूमने में मजा आता है। तो यकीकन आप अक्सर ही दोस्तों के साथ ट्रिप



मार्च महीने में दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं और पार्टी से लेकर एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं।

अगर आप भी उन लोगों में से प्लान करते होंगे। क्योंकि ट्रिप में दोस्तों के साथ मस्ती और धमाल करने का अपना ही मजा होता है। कई बार ट्रिप में दोस्तों के साथ घूमने पर पुरानी सभी यादें ताजा भी हो जाती हैं। इसलिए अक्सर लोग फ्रेंड्स के साथ ट्रिप प्लान करते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ शानदार और मजेदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप मार्च महीने में दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं और पार्टी से लेकर एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं।

जब दोस्तों के साथ मस्ती-धमाल के साथ-साथ एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो कई लोगों के जहन में सबसे पहले ऋषिकेश का नाम आता है। गंगा नदी के किनारे बसा ऋषिकेश उत्तराखंड का बेहद खूबसूरत हिस स्टेशन है। इसको योग नगरी के नाम से भी जाना जाता है।

ऋषिकेश उन जगहों में से एक है, जहां पर देश के हर कोने से पर्यटक ट्रैकिंग, रिवर राफ्टिंग और हाईकिंग करने के लिए पहुंचते हैं। यहां के पहाड़ों में मौजूद कैंप में आप अपने दोस्तों के साथ स्टे कर सकते हैं। यहां के कई कैंप में आप म्यूजिक का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**जोधपुर**

दोस्तों के साथ किसी ऐतिहासिक जगह पर जाने का प्लान कर रहे हैं। तो आपको जोधपुर जाना चाहिए। जोधपुर राजस्थान का एक फेमस पर्यटन स्थल है। जहां पर दुनिया भर से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

बता दें कि जोधपुर अपनी ऐतिहासिक चीजों के अलावा शाही मेहमान नवाजी के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप दोस्तों के साथ मेहरानगढ़ का किला, जसवंत थाड़ा, कैलाना झील और उम्मेद महल जैसी ऐतिहासिक जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। साथ ही आप यहां पर शाही मेहमान नवाजी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**गोवा**

दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप गोवा जैसी शानदार जगह को एक्सप्लोर कर सकते हैं। गोवा देश का बेस्ट डेस्टिनेशन माना जाता है। गोवा में हर दिन हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं।

आप अपने दोस्तों के साथ गोवा के समुद्री तटों के किनारे मौज-मस्ती कर सकते हैं। यहां पर कई बीचेज में वाटर स्पोर्ट से लेकर बीच पार्टी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। साथ ही नाइट क्लब या बार आदि में रात भर दोस्तों के साथ एन्जॉय कर सकते हैं। गोवा में आपको अपने दोस्तों के साथ वेलसाओ बीच, बैतूल बीच, बटरफ्लाई बीच, कैंडोलिम बीच, काकोलेम बीच को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कूर्ग**

मार्च के महीने में आप अपने दोस्तों के साथ कुर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। यह एक बेहद शानदार और मजेदार जगह है। कर्नाटक के पश्चिमी घाट में स्थित कुर्ग एक बेहद खूबसूरत और टॉप क्लास का हिल स्टेशन है।

कुर्ग की हसीन वादियों में आप अपने दोस्तों के साथ धमाल कर सकते हैं और तमाम मजेदार एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता के बीच सुकून के पल बिता सकते हैं। कुर्ग में आप मडिकेरी का किला, ओंकारेश्वर मंदिर, राजा सीट और ब्रह्मगिरी वन्यजीव अभयारण्य जैसी जगहों को पर घूमने जा सकते हैं।

**ठियोग**

अगर हिमाचल प्रदेश घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले शिमला, मनाली, कुल्लू, धर्मशाला या



डलहौजी का जिक्र करते हैं। लेकिन ठियोग जैसी शानदार और बेहतरीन जगह को भूल जाते हैं। ठियोग समुद्र तल से करीब 2 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद है। यह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर झील-झरने और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच दोस्तों के साथ जमकर एन्जॉय कर सकते हैं। आप चाहें तो यहां पर पहाड़ों में रात भर पार्टी कर सकते हैं। शिमला से ठियोग की दूरी महज 30 किमी दूर है।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर अजय शुक्ला पर की अवमानना की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर अजय शुक्ला के खिलाफ न्यायाधीशों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर स्वतः संज्ञान लेते हुए अवमानना की कार्रवाई शुरू की। कोर्ट ने यूट्यूबर शुक्ला को वीडियो हटाने और दोबारा ऐसी सामग्री न डालने का आदेश दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ के यूट्यूबर और पत्रकार अजय शुक्ला के खिलाफ अदालत की अवमानना का स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की है। मामले में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने इस वीडियो को तुरंत हटाने का आदेश दिया है और चैनल को ऐसा कोई और वीडियो फिर से न डालने की सख्त हिदायत दी है। बता दें कि अजय शुक्ला ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो डाला था जिसमें सुप्रीम कोर्ट के कुछ वरिष्ठ न्यायाधीशों के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां की गई थीं। सुनवाई के दौरान मामले में कोर्ट ने कहा कि संविधान बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी देता है, लेकिन यह आजादी सीमित होती है और इसका इस्तेमाल न्यायपालिका की मानहानि करने के लिए नहीं किया जा सकता। इस तरह की टिप्पणियां अदालत की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और न्यायपालिका की साख को नुकसान पहुंचाती हैं।

कोर्ट ने शुक्ला के यूट्यूब चैनल को भी मामले में पक्षकार बनाया है। साथ ही, अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से इस मामले में न्यायालय की सहायता करने को कहा गया है। गौरतलब है कि वीडियो में शुक्ला ने हाल ही में सेवानिवृत्त हुई न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी के खिलाफ भी आपत्तिजनक बातें कही थीं, जिससे कोर्ट ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीर माना। वहीं मामले में सरकारी पक्ष के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वीडियो को बहुत गंभीर बताते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा उठाए गए कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातें देश की सर्वोच्च अदालत की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का राज्यव्यापी शुभारंभ

**प्रारंभ**

**मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात में इस अभियान का प्रारंभ आणंद कृषि विश्वविद्यालय से किया।**



**गांधीनगर।** गुजरात में इस अभियान के अंतर्गत 235 तहसीलों के 2951 क्लस्टर के जरिए 3.50 लाख से अधिक किसानों तक सीधे पहुंचने का व्यापक आयोजन किया गया है। इस अभियान के दौरान राज्य के 30 कृषि विज्ञान केंद्रों और चार कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ, कृषि विभाग के अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि किसान गांव-गांव घूमकर किसानों से मिलेंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुरुवार को आणंद से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का राज्यव्यापी शुभारंभ करते हुए कहा कि यह अभियान कृषि उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आत्मनिर्भरता और स्वदेशी को प्रोत्साहन देने वाली एक अभिनव पहल होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से यह अभियान देश के किसानों को कृषि में समय के अनुरूप टेक्नोलॉजी का उपयोग कर वैल्यू एडिशन, फार्म मैकेनिज्म और प्राकृतिक कृषि आदि के समन्वित प्रयासों के साथ एक दिशा में काम करते हुए, कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन की दिशा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और राज्य के कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों, कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों के सहयोग से 29 मई से 12 जून तक देश भर में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात में इस अभियान का प्रारंभ आणंद कृषि विश्वविद्यालय से किया। इस मुलाकात के दौरान किसानों को प्राकृतिक कृषि, आधुनिक और जलवायु परिवर्तन के अनुरूप खेत पद्धति, नए संशोधित बीज, नैनो फर्टिलाइजर और सॉइल हेल्थ कार्ड के उपयोग के अलावा उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने जैसी कृषि संबंधित जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान हितैषी सहायता योजनाओं से भी अवगत कराया जाएगा। राज्य सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने इस अभियान के अंतर्गत आणंद कृषि विश्वविद्यालय जोन में शामिल 9 जिलों के 793 गांवों के लगभग 1.02 लाख से अधिक किसान, सरदार कृषि नगर दांतीवाड़ा विश्वविद्यालय के तहत 7 जिलों के 465 गांवों के 80 हजार किसान, जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत 10 जिलों के 933 गांवों के 1.20 लाख किसान और नवसारी कृषि विश्वविद्यालय जोन के 7 जिलों के 760 गांवों के 71 हजार से अधिक किसानों सहित कुल छह तीन लाख से अधिक किसानों को कवर करने का गहन आयोजन किया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस अभियान को राज्य के किसानों के लिए 'घर बैठे गंगा' यानी सहज रूप से प्राप्त अवसर बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में गुजरात ने इस बात का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है कि किस प्रकार कृषि क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान की मांग को पहचानकर आधुनिक टेक्नोलॉजी और विज्ञान के श्रेष्ठ उपयोग से नैनो यूरिया उर्वरक और ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गुजरात में बिजली और सिंचाई के लिए नर्मदा का पर्याप्त पानी प्रदान कर यह सिद्ध किया है कि अगर किसानों और कृषि क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण जनजीवन का भला करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति हो, तो कैसे बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी ने कृषि महोत्सव के माध्यम से किसानों को उनके खेतों में कौन सी फसल अधिक उगाई जा सकती है और किस प्रकार वैल्यू एडिशन कर फसल का अधिक मूल्य प्राप्त किया जा सकता है, यह सारी जानकारी राज्य सरकार द्वारा स्वयं चलकर देने का दृष्टिकोण अपनाया था।

### सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार में राजकुमार शामिल

**मुंबई।** मुंबई की मीठी नदी की सफाई के नाम पर हुए घोटाले का मामला बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में इस मामले में अभिनेता डिनो मोरिया से पूछताछ की गई, वहीं अब भाजपा एमएलसी प्रसाद लाड ने इसे लेकर पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री के रूप में उद्धव ठाकरे के कार्यकाल के दौरान नदी की सफाई के लिए दिए गए ठेकों में अनियमितताएं की गई हैं। मीठी नदी की सफाई के नाम पर 1200-1300 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार किया गया। प्रसाद लाड ने इस भ्रष्टाचार को लेकर बिना नाम लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे पर भी हमला बोला। उन्होंने परोक्ष हमला करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि इसमें कोई राजकुमार शामिल है, लेकिन मैं ठोस सबूतों के बिना नाम नहीं लूंगा। उन्होंने कहा कि मीठी नदी से गाद निकालने में भ्रष्टाचार के सिलसिले में 16 लोगों के नाम एफआईआर में दर्ज किए गए हैं।

### नौसेना प्रमुख ने रक्षा मंत्री को दिलाया भरोसा

**गोवा।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री को सेना और सैनिकों के जज्बे से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी तत्परता, धैर्य और संकल्प का परीक्षण किया। हमारे नौसेना कर्मियों ने साहस, समन्वय और अदम्य संकल्प के साथ चुनौती का सामना किया और उस पर विजय प्राप्त की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को गोवा में आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की। इस दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री को सेना और सैनिकों के जज्बे से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि हम किसी भी चुनौती का कहीं भी, कभी भी, कैसे भी सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय नौसेना की ओर से आईएनएस विक्रांत पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करता हूं।

## सचिवालय की तरफ कूच कर रहे 50 बेरोजगार शिक्षकों को हिरासत में लिया गया, स्थायी नियुक्ति की कर रहे मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर मार्च कर रहे करीब 50 शिक्षकों को पुलिस ने हिरासत में लिया। ये शिक्षक स्थायी नियुक्ति की मांग कर रहे हैं और दोबारा परीक्षा कराने का विरोध कर रहे थे।

पश्चिम बंगाल के सचिवालय नवन्ना की ओर मार्च करते समय करीब 50 बेरोजगार शिक्षकों को दो अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने हिरासत में लिया। ये शिक्षक डिजर्विंग टीचर्स राइट्स फोरम के बैनर तल प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी शिक्षक स्थायी नियुक्ति की मांग और राज्य सरकार की ओर से दोबारा परीक्षा देने के निर्देश का विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों ने सियालदह स्टेशन और एस्प्लेनेड (दोनों जगहें करीब 2 किमी दूर) से मार्च शुरू करने की कोशिश की, लेकिन वहां पहले से मौजूद पुलिस ने उन्हें रोक दिया। फोरम के एक सदस्य ने कहा, हम शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से मार्च करने की अनुमति नहीं दी गई। हम सिर्फ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने और अपनी स्थिति व मांगों को उनके सामने रखने की कोशिश कर रहे थे। प्रतीकात्मक विरोध में कुछ प्रदर्शनकारियों ने शर्ट उतार दीं। मध्य कोलकाता की उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी ने बताया कि करीब 50 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया, क्योंकि वे यातायात बाधित करने और सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, पुलिसकर्मी होने के नाते हम

**तलाश**

**पुलिस ने आसपास के इलाकों में आईडी चेक की। यहां तक कि सार्वजनिक बसों में चढ़कर छिपे हुए प्रदर्शनकारियों की तलाश की।**

उनकी मांगों या आंदोलन पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। लेकिन हमें ऐसी सूचनाएं मिली थीं कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की जा सकती है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में आईडी चेक की। यहां तक कि सार्वजनिक बसों में चढ़कर छिपे



हुए प्रदर्शनकारियों की तलाश की। फोरम ने पहले ही घोषणा की थी कि वे सियालदह से नवन्ना तक मार्च करेंगे। कुछ सदस्य शर्ट उतारकर मार्च में शामिल होने वाले थे, ताकि यह जताया जा सके कि वे बिना दोबारा परीक्षा दिए तुरंत बहाली की मांग को लेकर कितने गंभीर हैं। प्रदर्शन कर रहे शिक्षक पिछले 22 दिनों से पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के मुख्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। उनका यह आंदोलन सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल के फैसले के बाद शुरू हुआ है, जिसमें 2016 की एसएससी भर्ती के तहत हुई 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। कोर्ट ने इस प्रक्रिया में व्यापक अनियमितताओं की बात कही थी।

### विदेश सेवा संस्थान में माया कुलश्रेष्ठ ने कथक से मचाई धूम

**नई दिल्ली।** विदेश सेवा संस्थान में आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में दुनिया भर से आए विदेशी प्रतिनिधियों और राजनयिकों ने माया कुलश्रेष्ठ की कथक नृत्य कला को खूब सराहा।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य की मशहूर कथक नृत्यांगना माया कुलश्रेष्ठ ने हाल ही में विदेश मंत्रालय के विदेश सेवा संस्थान में आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी कथक कला का लेक्चर-डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत कर धूम मचाई। आयोजन में दुनिया भर से आए विदेशी प्रतिनिधियों और राजनयिकों ने माया कुलश्रेष्ठ की प्रतिभा को देख खूब तालियां बजाईं। साथ ही भारतीय संस्कृति की जीवंतता को जाना।

कार्यक्रम में माया कुलश्रेष्ठ ने न केवल कथक की तकनीकी बारीकियों को प्रस्तुत किया। साथ ही इसके आध्यात्मिक और सामाजिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी कला से भारत का गौरव बढ़ाने वाली माया को 'पंडित बिरजू महाराज राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है। माया कुलश्रेष्ठ ने अंजना वेलफेयर सोसाइटी की स्थापना कर यह सिद्ध कर दिया है कि कला सिर्फ रंगमंच तक सीमित नहीं, बल्कि वह समाज में बदलाव लाने का सशक्त माध्यम भी बन सकती है। यह संस्था कला और संस्कृति के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में भी निरंतर कार्य कर रही है। माया का मानना है कि जब कला समाज के लिए उपयोगी हो जाए, तब वह साधना से सेवा की ओर बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान जब माया से भारतीय कला-जगत की चुनौतियों पर सवाल किया गया, तो उन्होंने गुटबाज़ी और परिवारवाद जैसी समस्याओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि भारतीय कला आत्मा को छूती है, लेकिन दुर्भाग्यवश आज भी कई प्रतिभाएं सिर्फ इसलिए पीछे रह जाती हैं क्योंकि वे किसी प्रभावशाली पृष्ठभूमि से नहीं आतीं।

## इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन ने दिया भारत को समर्थन

**नेतृत्व**

**प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने अब्दुल्ला की बातों को भारत के लिए सहानुभूतिपूर्ण बताया।**



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष के. एच. उलिल अब्शार अब्दुल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा, भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। हमने भारत के साथ चरमपंथ से निपटने का अनुभव साझा किया। दोनों देशों की आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं।

अब्दुल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। उन्होंने कहा, कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इसलिए इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है। उन्होंने भारतीय सांसदों से कहा कि इंडोनेशिया के इतिहास की गहराई में भारतीय सभ्यता की छाप है, इसलिए दोनों देशों को लोगों के स्तर पर भी सहयोग करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने अब्दुल्ला की बातों को भारत के लिए सहानुभूतिपूर्ण बताया। झा ने कहा कि अब्दुल्ला ने ओआईसी (इस्लामिक देशों के संगठन) में भारत के मुद्दों पर समर्थन देने का भरोसा जताया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की तुलना में भारत में मुस्लिम आबादी ज्यादा है। फिर भी पाकिस्तान ओआईसी में भारत के खिलाफ प्रस्ताव लाने की कोशिश करता है।

पाहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए झा ने कहा कि आतंकियों ने बेगुनाहों को उनके धर्म के आधार पर मारने की कोशिश की, जिसका मकसद देश की सांप्रदायिक एकता को नुकसान पहुंचाना था। प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया की नेशनल मंडेट पार्टी और कई प्रमुख थिंक टैंक व शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारतीय सांसदों ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर किया, जिसे इंडोनेशियाई नेताओं ने भी स्वीकार किया और भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही।

जकार्ता स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य भारत के खिलाफ फैलाए जा रहे झूठे प्रचार का मुकाबला करना और भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को वैश्विक मंचों पर स्पष्ट करना है। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न दलों के सांसद शामिल हैं, जिनमें भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अभिषेक बनर्जी, माकपा के जॉन ब्रिटास, कांग्रेस के सलमान खुर्शीद और अन्य नेता शामिल हैं।

## अमेरिकी सीमा पर भारतीय नागरिक गिरफ्तार, इंडियाना राज्य से बाल यौन शोषण के आरोप में जारी हुआ था वारंट

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने 42 वर्षीय गुरदेव सिंह को बुधवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने उसे न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को सौंप दिया। उसके खिलाफ इंडियाना राज्य से बाल यौन शोषण के आरोप में वारंट जारी हुआ था। फिलहाल वह क्लिंटन काउंटी शेरिफ कार्यालय में हिरासत में है।

न्यूयॉर्क के शैम्प्लेन बंदरगाह सीमा क्रॉसिंग पर अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) अधिकारियों ने एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी नागरिक अवैध रूप से अमेरिका में रह रहा था। उसके खिलाफ इंडियाना राज्य से बाल यौन शोषण के आरोप में वारंट जारी हुआ था। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने 42 वर्षीय गुरदेव सिंह को बुधवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने उसे न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को सौंप दिया। फिलहाल वह क्लिंटन काउंटी शेरिफ कार्यालय में

**सुरक्षा**

**न्यूयॉर्क के शैम्प्लेन बंदरगाह सीमा क्रॉसिंग पर अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) अधिकारियों ने एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है।**

हिरासत में है और प्रत्यर्पण की प्रतीक्षा कर रहा है। सीबीपी अधिकारियों ने सिंह को तब पकड़ा, जब उसे कनाडा में प्रवेश देने से मना कर दिया गया। जांच में सामने आया कि वह इंडियाना में बाल प्रलोभन, यौन शोषण के प्रलोभन देने के लिए वांछित था। गिरफ्तारी के बाद सीबीपी अधिकारियों ने गुरदेव सिंह की पहचान सत्यापित



की तथा उसके विरुद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट की पुष्टि की। वहीं जब सीबीपी अफसरों ने आरोपी सिंह की जांच की तो उसके पास से तलवार और कुल्हाड़ी सहित कई धारदार हथियार मिले। जांच से पता चला कि गुरदेव सिंह भी एक अवैध विदेशी था, जो 2016 से अपने आगंतुक वीजा की अवधि से अधिक समय तक यहां रह था। चैम्प्लेन पोर्ट के निदेशक स्टीव ब्रोसन ने एक बाल शोषण के आरोपी गुरदेव सिंह की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने के लिए सीबीपी अधिकारियों की सराहना की। ब्रोसन ने कहा कि हमारे अधिकारी के अद्वितीय कौशल और अनुभव के साथ-साथ हमारे राष्ट्रीय कानून प्रवर्तन संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने से वांछित भगोड़े को पकड़ने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

## लीबिया के रेगिस्तान में भीषण सड़क दुर्घटना, 11 सूडानी प्रवासियों की मौत





**काहिरा।** हादसा शुक्रवार सुबह लीबिया के कुफरा कस्बे से 90 किलोमीटर उत्तर में रेगिस्तान में हुआ, जहां प्रवासियों की गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई। स्थानीय अधिकारी इब्राहीम अबू अल-हसन ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मरने वालों में तीन महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं।

लीबिया के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को लीबिया के रेगिस्तान में एक सड़क दुर्घटना में 11 सूडानी प्रवासियों और एक लीबियाई चालक की मौत हो गई। ये प्रवासी अपने गृह देश सूडान में चल रहे गृहयुद्ध से बचने के लिए भाग रहे थे।

यह हादसा शुक्रवार सुबह लीबिया के कुफरा कस्बे से 90 किलोमीटर उत्तर में रेगिस्तान में हुआ, जहां प्रवासियों की गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई। स्थानीय अधिकारी इब्राहीम अबू अल-हसन ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मरने वालों में तीन महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दुर्घटना में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग और उसका 10 वर्षीय बेटा घायल हुए हैं। यह घटना लीबियाई रेगिस्तान में सूडानी प्रवासियों के साथ हुई हालिया त्रासदियों में से एक है। इस महीने की शुरुआत में भी सात सूडानी प्रवासी मृत पाए गए थे जब उनकी गाड़ी रेगिस्तान में खराब हो गई थी। यह गाड़ी चाड और लीबिया के बीच तस्करों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले रास्ते पर मिली थी और इसमें सवार 34 प्रवासी कई दिनों तक रेगिस्तान में फंसे रहे थे।

2011 में नाटो समर्थित विद्रोह के बाद लीबिया अराजकता में डूब गया। जिसमें लंबे समय से सत्ता में रहे तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की सत्ता समाप्त हो गई और उनकी हत्या कर दी गई। अप्रैल 2023 से अब तक हजारों सूडानी लीबिया की ओर भाग चुके हैं, जब सूडानी सेना और एक शक्तिशाली अर्धसैनिक बल के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव ने देश भर में भीषण संघर्ष का रूप ले लिया।

## सलमान खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के फैसले की सराहना की

**संबोधित**

**इंडोनेशियाई थिंक टैंक और शिक्षाविदों के सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया।**

**इंडोनेशिया।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने से इस बेबुनियाद धारणा का पूरी तरह से सफाया हो गया है कि जम्मू-कश्मीर एक अलग इकाई है। वह भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते



हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। अलग पहचान की भावना को बड़ी समस्या बताते हुए सलमान खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से हुए सकारात्मक परिणामों पर बात की। उन्होंने केंद्रशासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में 65 फीसदी मतदाताओं की भागीदारी का भी जिक्र किया। उन्होंने इस क्षेत्र में उभरी समृद्धि की ओर इशारा करते हुए इन घटनाक्रमों को पलटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ पुरजोर तरीके से आवाज उठाई।

उन्होंने कहा, कश्मीर में लंबे समय से एक बड़ी समस्या थी। इसका अधिकांश हिस्सा संविधान के अनुच्छेद 370 में सरकार की सोच में परिलक्षित होता था, जिससे किसी तरह यह धारणा बनती थी कि यह देश के बाकी हिस्सों से अलग है, लेकिन अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया और अंततः इस धारणा को समाप्त कर दिया गया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता के मुताबिक, अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने के भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के फैसले से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं और समृद्धि बढ़ी है। इंडोनेशियाई थिंक टैंक और शिक्षाविदों के सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया। आज कश्मीर में एक निर्वाचित सरकार है। पहलगाम में जो कुछ भी हुआ या यहां जो भी आतंकी घटनाएं हो रही हैं, उससे हालात पहले जैसे करने की कोशिश की जा रही है। कश्मीर में जो समृद्धि आई है, उसे वापस गुम करने की कोशिश की जा रही है। पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा कर रहा है, ताकि ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की स्थिति के बारे में देशों को जानकारी दी जा सके।

उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर सरकार में कांग्रेस एक सहयोगी है। उमर ने पिछले साल सितंबर में सत्ता संभालने के तुरंत बाद विधानसभा में अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था। भाजपा ने इस कदम का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं किया जाएगा, भले ही इंदिरा गांधी स्वर्ग से वापस आ जाएं। कांग्रेस पार्टी ने शुरू में मोदी सरकार के फैसले का विरोध किया था। उन्होंने बाद में स्वीकार किया कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर बहस सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कानूनी रूप से सुलझ गई है।

# प्राइवेट बस पलटने से पांच की मौत 15 से अधिक यात्री घायल मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अवधनामा संवाददाता


...ली चरण, कंडक्टर | अज्ञात | संध्या शर्मा | सुशीला देवी | नेमा देवी

**जौनपुर।** वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर बक्शा थाना अंतर्गत शंभूगंज बाजार बाजार के समीप चकपटैला गांव स्थित अंडर पास पर शुक्रवार की सुबह पौने बजे रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। तेजगति से जा रही बस डिवाइडर पार कर दाहिने पटरी पर पहुँच पलट गई। भीषण दुर्घटना में मौके पर ही दो महिला दो पुरुषों की मौत हो गई जबकि एक महिला जिला अस्पताल में दम तोड़ दी। दुर्घटना में करीब दर्जनभर लोग लोग घायल हो गए जिसमें एक महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।सूचना पर मातहत पुलिसकर्मियों के साथ पहुँचे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने घायलों को अस्पताल भिजवाते हुए क्रेन के माध्यम से बस को खड़ा कर किनारे करवाते हुए आवागमन को सुचारू रूप से चालू करवाया। दुर्घटना स्थल पर सैकड़ों लोगो की भारी भीड़ जुट गई है। रामनगर घनश्यामपुर लेदुका होते हुए कुमार बस सर्विस प्रतिदिन जौनपुर बदलापुर पड़ाव के लिए सवारी बैठाकर आती-जाती है। सुबह बस चालक कलीचाबाद निवासी 50 वर्षीय समरजीत पाल कंडक्टर चवरी लेदुका बदलापुर निवासी 40 वर्षीय कालीचरन यादव के साथ 52 सीट वाली बस में करीब 40 सवारियों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हुई। बस जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुँची चालक बस से नियंत्रण खो बैठा जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ते हुए दाहिने पटरी पर पहुँच सड़क के बीच पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना किसी ने थानाध्यक्ष बक्शा को दिया तो फौरन पहुँची पुलिस बस में बुरी तरह फंसे लोगों को बाहर निकाल मृतक चार लोगों को मर्चरी भेज घायल दस लोगों को इलाज हेतु नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल भिजवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि भीषण दुर्घटना में कुल तीन महिलाओं सहित बस कुल पांच लोगों की मौत हुई है जिसमें मृतकों में 60 वर्षीय नेमी देवी पत्नी परदेशी गौड़ निवासी गोपीपुर थाना जफराबाद, 26 वर्षीय संध्या शर्मा पत्नी विजय शर्मा निवासी बक्शा, बस कंडक्टर 40 वर्षीय कालीचरन यादव निवासी चवरी लेदुका थाना बदलापुर एवं सुशीला यादव पत्नी लालजी 65 वर्षीय सलेखनपट्टी बदलापुर की मौत हो गई। जबकि एक मृतक की पहचान नही हो सकी है। जबकि नौपेड़वा सीएचसी पर प्राथमिक उपचार पश्चात बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजे गए घायलों में बस चालक कलीचाबाद लाइनबाजार निवासी 50 वर्षीय समरजीत पाल, मसनपुर थाना बदलापुर निवासी 40 वर्षीय पुष्पा देवी पत्नी दिनेश व 18 वर्षीय बेटा अंकित, मछलीगांव बदलापुर निवासी 30 वर्षीय उत्तम निषाद व देवीप्रसाद सिंह, करनपुर लेदुका बदलापुर निवासी इंद्रपाल, बेलावा बदलापुर निवासी ज्योति सिंह को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया जिसमें पुष्पा की स्थिति गंभीर बनी हुई है जबकि मई बक्शा निवासी सुनीता पत्नी अखिलेश एवं अधिवक्ता लालता यादव तथा देवापट्टी बदलापुर निवासी रतिराम यादव को प्राथमिक उपचार के बाद पहुँचे परिजनों के साथ घर भेज दिया गया। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, उपजिलाधिकारी सदर व सीओ सदर परमानन्द कुशवाहा ने घटनास्थल व अस्पताल पहुँच इलाज रत अधीक्षक डॉ. जीके सिंह, डॉ. आलोक रघुवंशी, डॉ. मनीष सोनकर से घायलों की जानकारी ली। हादसे में मारे गए लोगों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लाभार्थियों से किया संवाद

**आजमगढ़।** सर्किट हाउस सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा दिए गये निर्देशो के क्रम में आजमगढ़ मंडल में कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी (वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25) के कुल 18 लाभार्थियों के साथ आजमगढ़ सर्किट हाउस सभागार में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, लखनऊ के मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी पवन कुमार द्विवेदी जी द्वारा कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा लाभार्थी बच्चों एवं उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनके अनुभवों, समस्याओं एवं सुझावों को जाना। उन्होंने सर्जरी के बाद बच्चों में आई श्रवण एवं भाषा विकास की प्रगति की सराहना की तथा आगे की पुनर्वास प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यक्रम में मंडल के विभिन्न जनपदों के लाभार्थी परिवारों ने भाग लिया और विभागीय योजनाओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संवाद कार्यक्रम के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को जमीनी स्तर की जानकारी प्राप्त हुई, जिससे भविष्य में नीतियों को और बेहतर ढंग से क्रियान्वित किया जा सकेगा।

# योगी सरकार में दलितों और पिछड़ों के साथ हो रहा अन्याय : लाल बिहारी यादव

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (जफराबाद)** बीते रविवार नेवादा गांव में हुई पिता और दो पुत्रों की निर्मम हत्या के बाद मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।नेता प्रतिपक्ष ने मृतक लालजी की पत्नी प्रभावती देवी और बहू सरिता से बातचीत कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी मनोज राय से अब तक की जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी की स्थिति पर भी जानकारी ली गई।पत्रकारों से वार्ता के दौरान लाल बिहारी यादव ने योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, ÷राज्य में दलितों और पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय हो रहा है। जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। अपराध चरम पर है और सरकार सिर्फ दिखावा कर रही है।

लाल बिहारी यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे को विधान परिषद में प्रमुखता से उठाया जाएगा और आवश्यकता पड़ी तो सदन में विरोध भी किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि मृतकों के परिजनों को प्रति परिवार एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इस मौके पर सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, एमएलसी आशुतोष सिंह, जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधनाथ पाल, जफराबाद विधानसभा अध्यक्ष नंदलाल यादव, राजेंद्र टाइगर, उमाशंकर पाठक, जवाहरलाल यादव, मेवा यादव, मुन्ना यादव, तौफीक अहमद, आरिफ हबीब, ऋषि यादव, राहुल त्रिपाठी सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति पर चलाया जाए व्यापक अभियान

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में एनकोर्ड की जनपद स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मेडिकल स्टोर्स की दुकानों पर सतत निगरानी रखी जाए। सार्वजनिक एवं दूरस्थ स्थानों पर जहां ड्रग्स की बिक्री की संभावना हो, वहां नियमित पेट्रोलिंग की जाए। अस्पतालों, विद्यालयों, रेलवे, बस स्टेशनों के आसपास के दुकानों पर दोहरा की चेकिंग की जाए। दोहरा की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रवर्तन की कार्रवाई करने के निर्देश देने के साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति पर व्यापक अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर एसपी सिटी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उप जिलाधिकारी बदलापुर, क्षेत्राधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मालाबार शोरूम का महापौर ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जहाँ आज सोने और चांदी की कीमतें आसमान पर जा रही हैं वहीं शादी व्याह में गहने बनवाने के लिए विश्वसनीयता का भी सवाल होता है। ऐसे में हर परिवार चाहता है कि गहने किसी विश्वसनीय दूकान या प्रतिष्ठान से लें। इसी को देखते हुए प्रसिद्ध प्रतिष्ठान मालाबार गोल्ड एंड डाइमंड ने प्रयागराज में हॉट स्टफ चौराहे पर एक शो रूम खोला है।

शुक्रवार को प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने मालाबार गोल्ड एंड डाइमंड के नए शोरूम का उद्घाटन किया। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने प्रयागराज में अपने नए शोरूम का भव्य उद्घाटन किया।

भारत के अग्रणी और विश्वसनीय आभूषण ब्रांड, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने प्रयागराज में अपने नवीनतम शोरूम का शुभारंभ किया है। यह नया शोरूम ग्राउंड+2 मंज़िलों में फैला हुआ है और 6450 वर्ग फुट क्षेत्र में निर्मित है, जिसमें ग्राहकों को विश्वस्तरीय खरीदारी का अनुभव और उत्कृष्ट डिज़ाइनों की भव्य ज्वेलरी कलेक्शन का आनंद मिलेगा। यह लॉन्च उत्तर भारत में ब्रांड की उपस्थिति को और अधिक मज़बूती प्रदान करता है और ग्राहकों को उत्तम सेवा तथा उत्कृष्ट कारीगरी का अनुभव देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह शोरूम उत्तर भारत में ब्रांड का 41वां शोरूम है, जो क्षेत्र में इसकी सशक्त उपस्थिति और नेतृत्व को और भी मज़बूत करता है। शोरूम का उद्घाटन प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी द्वारा किया गया, इस अवसर पर मलाबार प्रबंधन टीम के सदस्य, प्रतिष्ठित ग्राहक और शुभचिंतक भी उपस्थित रहे।



13 देशों में फैले 390 से अधिक शोरूम्स के साथ, जिनमें भारत, मिडल ईस्ट, अमेरिका, यूके, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं 7 मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अपने बेहतरीन डिज़ाइनों, गुणवत्ता और ग्राहक सेवा के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। 26 देशों में 25,000 से अधिक बहुभाषी कर्मचारियों के समर्पित दल के साथ, ब्रांड अब तक 1.5 करोड़ से अधिक संतुष्ट ग्राहकों की सेवा कर चुका है।प्रयागराज शोरूम में गोल्ड, डायमंड, प्लेटिनम, जेमस्टोन और सिल्वर ज्वेलरी के साथ-साथ ब्रांड के खास कलेक्शन्स जैसे विराज पोल्की, एथनिक्स, प्रेसिया भी उपलब्ध हैं, जो विभिन्न अवसरों और ग्राहक की रुचियों के अनुरूप डिज़ाइन किए गए हैं। परंपरागत भारतीय विरासत से लेकर आधुनिक डिज़ाइनों तक, यह शोरूम हर ग्राहक की पसंद का ख्याल रखता है। इस अवसर पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने कहा÷ ÷प्रयागराज जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शहर में शोरूम खोलकर हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स में हम सदैव ऐसी ज्वेलरी प्रस्तुत करते हैं जो उत्कृष्ट कारीगरी और शाश्वत सुंदरता का अद्भुत संगम होती है। हम गुणवत्ता, ईमानदारी और ग्राहक संतुष्टि को सर्वोपरि मानते हैं और प्रयागराज के ग्राहकों को एक बेमिसाल खरीदारी अनुभव देने के लिए तत्पर हैं। नया शोरूम आकर्षक आंतरिक साज-सज्जा, प्रशिक्षित स्टाफ और व्यापक पार्किंग सुविधा के साथ ग्राहकों को आरामदायक और विश्वस्तरीय खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है।

यह उद्घाटन ब्रांड के उस दृष्टिकोण को और सशक्त करता है जिसमें वह विश्व का सबसे पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड बनने की दिशा में पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक नवाचार का समन्वय करते हुए स्थिरता और सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता देता है। विदित हो कि 1993 में स्थापित मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, मलाबार ग्रुप की प्रमुख कंपनी है, जो भारत का एक प्रमुख और विविध क्षेत्रों में कार्यरत व्यावसायिक समूह है। 6.2 बिलियन डॉलर के सालाना टर्नओवर के साथ, यह विश्व का छठवां सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेलर है।

## संक्षिप्त समाचार

### चाय की दुकान पर अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी

**जौनपुर (जफराबाद) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास क्रॉसिंग के समीप स्थित एक चाय की दुकान पर शुक्रवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जनपद स्थित नुतननगर निवासी शेर खान (55 वर्ष), पुत्र मोसू खान के रूप में हुई है। उसके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना भेज दी गई है। पुलिस के अनुसार शेर खान दिल्ली में मजदूरी करता था और ट्रेन से अपने घर मुर्शिदाबाद लौट रहा था। रास्ते में जफराबाद स्टेशन पर वह उतर गया। आशंका जताई जा रही है कि तबीयत खराब होने के कारण उसकी मृत्यु हुई होगी। हालांकि, मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### विराट और आदित्य ने फिफ्थ पिलर क्लब को जिताया



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** विराट सिंह के हरफनमौला खेल (29 रन एवं 2-0-02-3) और आदित्य कुमार की बेहतरीन गेंदबाजी (6-2-08-3) के दम पर फिफ्थ पिलर क्लब ने राम बाबू पाल क्लब को 22 रन से हराकर स्वर्गीय केशरी नाथ त्रिपाठी स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अक प्राप्त किये। सीएवी कालेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गये मैच में टॉस जीतकर फिफ्थ पिलर क्लब ने 27 ओवर में 137 रन (विराट सिंह 29, रूशील श्रीवास्तव 24, अंकित यादव 22, यथार्थ सोमवंशी 14, रुद्र सिंह 2/21, सुजल कुमार 2/21) बनाये। छह खिलाड़ी रन आउट हुए। जवाब में राम बाबू पाल क्लब की टीम 25.2 ओवर में 115 रन (सुजल कुमार 21, उज्जवल 19, विराट सिंह 3/02, आदित्य कुमार 3/08, अंकित यादव 2/29, प्रांजल यादव 1/00) पर सिमट गई।

### सूरज, रोशन व हर्षित का बहुमुखी प्रदर्शन

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित गोपाल जी भारतीय स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में प्रयाग क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। शुक्रवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयाग क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में 181 रन ( सूरज चौहान 74, सक्षम वर्मा 24, नैतिक शुक्ला 19, अभिषेक यादव 15 रन, अभिजीत सिंह 3/35, यश पाल 2/33, आदित्य पटेल 2/43, रोशन कुशवाहा 1/20, कृष्णा सोनकर 1/26 ) पर बनाए। जवाब में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज की टीम ने 27.3 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन ( हर्षित तिवारी 63, रोशन कुशवाहा 56 नाबाद, शिवांश पांडेय 24 रन, आदित्य मिश्रा 2/49, अजीत कुमार 2/51, अरविन्द 1/26 ) पर बना लिए। मैच में अरुण कुमार व तौसीफ शैख ने अंपायरिंग और अनूप कुमार शर्मा ने स्कोरिंग की।

### बॉयफ्रेंड से मोबाइल पर बात करते हुए युवती ने लगाई फांसी

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** धूमनगंज थाना क्षेत्र में एक दुकान में काम करने वाली युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना कसारी-मसारी जीटीबी नगर स्थित एक किराए के कमरे में हुई। मृतका की पहचान शहनाज पुत्री मोहम्मद बन्ने के रूप में हुई है। वह मोहम्मद फैज के मकान में किराए पर रहती थी। घटना के समय शहनाज अपने बॉयफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात कर रही थी। बातचीत के दौरान ही उसने अचानक फंदा बनाया और लटक गई। इस दौरान फोन कट गया। बॉयफ्रेंड ने जब कई बार कॉल किया और कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। उस समय युवती फंदे पर लटकी हुई थी। राजरूपुर चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतका का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# स्काउट गाइड के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त की हुई विदाई

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय प्रयागराज के सभागार में सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त प्रयागराज मण्डल कमलेश द्विवेदी का धूमधाम से विदाई हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज व जिला मुख्यायुक्त प्रयागराज पीएन सिंह ने कमलेश द्विवेदी को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर भावभीनी विदाई दी। कमलेश द्विवेदी के स्थानांतरण से जिला सचिव प्रभारी के रिक्त पद पर जिला मुख्यायुक्त प्रयागराज ने कुलभास्कर इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. पी. पी. को जिला सचिव प्रयागराज के पद पर नियुक्त कर कार्य भार का दायित्व सौंपा। नए जिला सचिव को मुख्य अतिथि पी एन सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के



इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज एल बी मौर्य, अजय प्रताप सिंह, अजय गिरि, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह जीआईसी, कार्यक्रम संयोजिका व जिला आयुक्त मुख्यालय प्रयागराज डा आकांक्षा केशरी, कोषाध्यक्ष /प्रधानाचार्य बी एस यादव, प्रधानाचार्य डा संतोष कुमार सिंह, संयुक्त सचिव सुरेन्द्र सिंह, डीटीसी फिरोज आलम, डीओसी गाइड मीरा सिंह, प्रवीण सिंह, आई टी सेल कोर्डिनेटर राजीव रंजन पटेल, दर्शी श्रीवास्तव, स्वांत रंजन आदि जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

## हनुमानगंज एएस क्लब की जीत में अनुभव व मयंक चमके

**प्रयागराज।** हनुमानगंज एएस क्रिकेट क्लब ने थे फैमिली बिस्ट्रो कैफे एंड रेस्टोरेंट अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में गंगा डिग्री कॉलेज को 57 रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के अनुभव गुप्ता के शानदार (84 रन, 77 गेंद, नौ चौके) व मयंक यादव के नाबाद (49 रन, 64 गेंद, चार चौके) पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। शुक्रवार को भानु प्रताप मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हनुमानगंज एएस क्रिकेट क्लब ने 25 ओवर में तीन विकेट पर 173 रन ( अनुभव गुप्ता 84, मयंक यादव 49 नाबाद रन, अंशु पटेल 1/21, मो.काब 1/22) पर बनाए। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज की टीम ने 25 ओवर में आठ विकेट पर 116 रन (अंशु पटेल 26, अंकुश कुमार 25 रन, सानू यादव 2/21, शिवा कुमार 1/13, मयंक यादव 1/14, अनुभव गुप्ता 1/26) ही बना सकी।

# भारतीय सेना का अंग बनकर राष्ट्र सेवा-युवा जीवन का परम लक्ष्य: ए.आर.ओ.

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** 99 यू0पी0 बटालियन एन सी सी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को अग्निवीर भर्ती योजना की दी गयी जानकारी' 99 यू पी बटालियन एन सी सी के तत्वावधान में आयोजित दस दिनी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अधीन जी डी ग्लोबल स्कूल के सभागार में वाराणसी के सेना भर्ती कार्यालय से आये हुए सूबेदार मेजर हरपाल सिंह ने शुक्रवार को शिविर में प्रतिभाग कर रहे कैडेटों को अग्निवीर भर्ती योजना की व्यापक जानकारी प्रदान की।

सूबेदार मेजर ने विस्तार से सेना में भर्ती के लिए आवश्यक पहलुओं की तकनीकी और ज्ञानवर्धक जानकारी कैडेटों को प्रदान की और उनकी शंकाओं का भी समाधान किया।



सूबेदार मेजर वाराणसी, सेना भर्ती केंद्र ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की बड़ी और ताकतवर सेनाओं में शामिल है जिसका हिस्सा बनना देश के युवाओं के लिए एक गौरवशाली अनुभव होगा।सरकार ने समय समय पर अग्निवीर योजना में आवश्यक और आकर्षक परिवर्तन किए हैं जिससे देश के युवा लाभान्वित होकर न केवल एक गौरवशाली सेना का हिस्सा बन सकते हैं बल्कि देश की सुरक्षा के सजग प्रहरी बनकर अपने कर्तव्यों का उच्च रूप में निर्वहन कर सकते हैं। इस अवसर पर ए0आर0ओ0 वाराणसी सेंटर के स्टाफ,99 यू पी बटालियन के पी0आई0 स्टाफ,ए0 एन0 ओ0गण और विभिन्न जनपदों से आये हुए प्रतिभागी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है योग: विशेष सचिव

अवधनामा संवाददाता

- सभी विभाग समन्वय स्थापित कर करें कार्य
- त्रुटिरहित तथा ससमय हो पोर्टल पर फीडिंग का कार्य

**जौनपुर।** मुख्यमंत्रीजी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में परिलक्षित परिवर्तनों का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके क्रम में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव आयुष विभाग हरिकेश चौरसिया द्वारा जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की उपस्थिति में आकांक्षात्मक ब्लॉक रामपुर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। विशेष सचिव द्वारा आकांक्षात्मक विकासखंड से संबंधित विषयगत क्षेत्रों से संबंधित संकेतको के संबंध में खंड विकास अधिकारी, एमओआईसी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना तथा वित्तीय समावेशन से संबंधित संकेतको की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष सचिव द्वारा अति कुपोषित, अल्प कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन, गर्भवती महिलाओं की एएनसी, संस्थागत प्रसव, टीबी कार्यक्रम, डायबिटीज स्क्रीनिंग, गोल्डन कार्ड के वितरण, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति, आदि की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कहा गया कि रामपुर ब्लॉक में जितने भी अति कुपोषित बच्चे हैं उन्हें एनआरसी में भेजा जाए, 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए तथा छूटे हुए सभी पात्र लोगों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। पोषण ट्रैकर पर त्रुटिरहित फीडिंग कराई जाए। उप निदेशक कृषि से उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड,



फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों, एफपीओ सहित अन्य विषयों पर जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि मृदा की टेस्टिंग कराई जाए, कैंप लगाकर किसानों को जागरूक किया जाए। जल जीवन मिशन के हर घर जल योजना अंतर्गत क्रियाशील कनेक्शन, लक्ष्य के सापेक्ष दिए गए कनेक्शन, जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत चल रही परियोजनाओ की प्रगति आदि की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि कार्य होने के दौरान सड़कों का रेस्टोरेशन भी होना चाहिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी से प्राथमिक विद्यालय में पीटीआर, छात्र शिक्षक अनुपात, पेयजल व्यवस्था आदि की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में कायाकल्प होना चाहिए तथा शौचालय क्रियाशील रहने चाहिए। जिला पंचायत राज अधिकारी से स्वच्छ भारत मिशन, व्यक्तिगत शौचालय फेस 2, स्वच्छ पेयजल आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि पुराने पंचायत भवनों का जीर्णोद्धार कराया जाए तथा नए पंचायत भवनों में विद्युतीकरण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संकेतक एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, इसलिए सभी विभाग एक दूसरे के साथ समन्वय करते हुए कार्य करें। विशेष सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाना है, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में योग ब्रेक सेशन पर आधारित एक वीडियो भी दिखाया गया तथा सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा योग भी किया गया।

विशेष सचिव ने कहा कि हम यहां बैठे-बैठे भी योग कर सकते है, आज की व्यस्त जीवनशैली में यह हमें मानसिक तनाव से दूर रखती है। हम सभी को योग अपनी नियमित जीवनशैली में आत्मसात करना चाहिए। योग हमारी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तकनीकी से हिंदी पत्रकारिता में हुए बहुत से बदलाव: प्रो. गोविन्द पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता

- वेब की दुनिया में मजबूती से खड़ी है हिंदी पत्रकारिता
- हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 'डिजिटल दौर में हिंदी पत्रकारिता' विषय पर परिचर्चा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर ÷डिजिटल दौर में हिंदी पत्रकारिता÷ विषय पर एक ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में मीडिया अध्ययन से जुड़े विशेषज्ञों ने हिंदी पत्रकारिता के विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. गोविन्द पाण्डेय ने कहा कि जब किसी क्षेत्र में तकनीकी का प्रवेश होता है तो वह बदलाव लाती है। तकनीकी के कारण हिंदी पत्रकारिता में भी बहुत से बदलाव हुए है। हिंदी पत्रकारिता ने समय- समय पर रूप बदला। समाचार पत्र के पाठक पढ़े- लिखे थे, टेलीविजन के आने के बाद बिना पढ़े-लिखे लोगों से भी हिंदी पत्रकारिता सीधे जुडी। हिंदी पत्रकारिता समाचार पत्रों, रेडियो से होती हुई टेलीविजन से जुड़ी और आज डिजिटल होकर खूब फल फूल रही है। आज डिजिटल दौर में हिंदी पत्रकारिता से जुड़े लोगों को नई तकनीकों को व्यवहार में लाना होगा। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता में तकनीकी के विकास पर विस्तार से चर्चा की। पूर्व पत्रकार, प्रख्यात लेखक इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. धनञ्जय चोपड़ा ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता भारतीय परंपरा को साथ लेकर चल रही है। कृत्रिम बुद्धिमता के इस दौर में हिंदी पत्रकारिता ने सरोकार, संस्कृति और संस्कार को नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता वेब की दुनिया में मजबूती से खड़ी है। हिंदी के एप तेजी से डाउनलोड किये जा रहे है। उन्होंने भाषा के पहलू पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने शब्दों के प्रति ज्यादा अहंकार नहीं रखा। दूसरी भाषाओं के शब्दों को बड़े आदर के साथ समाहित किया। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के पत्रकारिता विभाग की सहायक आचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने कहा कि समाचार पत्रों के साथ- साथ वेब और एप पर खबरों को पढने का दौर चल रहा है। इस समय हिंदी पत्रकारिता नए कलेवर में है।कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने की। संचालन एवं संयोजन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। आमंत्रित वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार ने किया।

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर धीमी होकर 6.5% हुई, पिछले साल 9.2% था आंकड़ा

**नई दिल्ली।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रह गई। इससे 2024-25 के दौरान वार्षिक वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह जाएगी। जनवरी-मार्च अवधि में वृद्धि दर एक वर्ष पूर्व की समान तिमाही की 8.4 प्रतिशत वृद्धि दर से कम रही। सरकार ने शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत बढ़ेगी, जबकि 2023-24 में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2024-25 के लिए देश की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। दूसरी ओर, चीन ने 2025 के पहले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) में 5.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज करने की जानकारी दी है।

जीडीपी में नरमी का कारण मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र में नरमी आना रहा। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 330.68 लाख करोड़ रुपये या लगभग 3.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। इससे अगले कुछ वर्षों में इसके 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल करने का आधार तैयार हो गया।

छले वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। दूसरी ओर, चीन ने 2025 के पहले तीन महीनों में 5.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज की है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आर्थिक अनुमानों में बताया गया कि जनवरी-मार्च 2025 के दौरान आर्थिक वृद्धि की दर 7.4 प्रतिशत रही। अक्तूबर-दिसंबर 2024 में यह 6.4 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर 2024 में 5.6 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी। 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। एनएसओ ने फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

एनएसओ के अनुसार, वास्तविक जीडीपी या स्थिर मूल्यों पर जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 में 187.97 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान (एफआरई) 176.51 लाख करोड़ रुपये है। इस आधार पर वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। एनएसओ कहा, ÷वर्तमान मूल्यों पर नॉमिनल जीडीपी या जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 में 330.68 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2023-24 के 301.23 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 9.8 प्रतिशत अधिक है।

एनएसओ ने आगे कहा कि 2024-25 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी या स्थिर मूल्यों पर जीडीपी 51.35 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 47.82 लाख करोड़ रुपये थी।

# सोना 100 रुपये गिरकर 98600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी एक लाख पर बरकरार



शुक्रवार को सोने की कीमत में 100 रुपये के उछाल के साथ 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं, चांदी लगातार दूसरे दिन 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

मजबूत घरेलू मांग के बीच शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। जौहरी और खुदरा विक्रेताओं की मांग बढ़ने से यह बढ़त दर्ज हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली कीमती धातु 100 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी की कीमतें लगातार दूसरे सत्र में 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।

वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 21.91 डॉलर प्रति औंस या 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,295.82 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी कमोडिटी रिसर्च, कायनात चैनवाला ने कहा किसोना 3,320 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर कारोबार कर रहा है। निवेशकों का ध्यान आगामी अमेरिकी कोर पर्सनल कंजम्पशन एक्सपेंडिचर (पीसीई) डेटा, यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन की मुद्रास्फीति की उम्मीदों और उपभोक्ता भावना पर टिकी हुई है।

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

## 6.992 अरब डॉलर बढ़कर 692.721 अरब डॉलर पर पहुंचा रिजर्व

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त हफ्ते के दौरान 6.992 अरब डॉलर बढ़कर 692.721 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले 16 मार्च को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 4.888 अरब डॉलर घटकर 685.729 अरब डॉलर रह गया था। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त हफ्ते के दौरान 6.992 अरब डॉलर बढ़कर 692.721 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले 16 मार्च को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 4.888 अरब डॉलर घटकर 685.729 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले, सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था।

शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 23 मई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.516



मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 586.167 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 2.366 अरब डॉलर बढ़कर 83.582 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 81 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 18.571 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 4.401 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

# शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद

## सेंसेक्स 182 अंक टूटा, निफ्टी 24800 से नीचे आया

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 182.01 अंक या 0.22 प्रतिशत गिरकर 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 82.90 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 पर आ गया। आइए जानते हैं, बाजार का हाल विस्तार से।


घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 182.01 अंक या 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। इसमें 24 शेयरों में गिरावट आई और छह शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। कारोबार के दौरान यह 346.57 अंक या 0.42 प्रतिशत गिरकर 81,286.45 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 82.90 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 पर आ गया। धातु, आईटी और ऑटो क्षेत्र के शेयरों में गिरावट आई, जबकि बैंकिंग शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी अपील अदालत की ओर से पारस्परिक शुल्कों को अस्थायी रूप से बहाल करने के बाद व्यापार अनिश्चितता फिर बढ़ गई। इससे आईटी शेयरों में गिरावट दिखी और एशियाई बाजारों में सुस्त माहौल बना। इसके कारण शुक्रवार को शेयर बाजार सीमित दायरे में बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार बंद होने के बाद घरेलू सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक सतर्क थे। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 1.73 फीसदी की गिरावट आई। एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इंफोसिस, नेस्ले, सन फार्मा और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे।

# क्रॉम्प्टन ने वर्ल्ड इंटीरियर्स डे का मनाया जश्न, पेश किया अपना स्कल्प्टेड मार्वल- साइलेंटप्रो फ्लूइडो सीरीज

**मुंबई।** वर्ल्ड इंटीरियर्स डे विश्व इंटीरियर दिवस के अवसर पर, भारत के नंबर 1 फैन ब्रांड क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने साइलेंटप्रो फ्लूइडो वेव का अनावरण किया इसका नवीनतम नवाचार जो उच्च प्रदर्शन को डिज़ाइन को प्राथमिकता देने वाली सोच से जोड़ता है।

वर्ल्ड इंटीरियर्स डे के मौके पर, क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड भारत का नंबर 1 फैन ब्रांड ने अपना नया पंखा साइलेंटप्रो फ्लूइडो वेव लॉन्च किया है। ये पंखा सिर्फ हवा देने वाला नहीं बल्कि घर की सजावट में चार चांद लगाने वाला एक स्टाइलिश आइटम भी है। यह दिखने में एकदम नया और अलग है यानी कि काम भी करेगा और कमरे की सुंदरता भी बढ़ाएगा।

इस लॉन्च के साथ, क्रॉम्प्टन




सीलिंग फैन के एक नए युग की शुरुआत कर रहा है जहाँ खूबसूरत डिज़ाइन और बेहतरीन परफॉर्मेंस एक साथ आते हैं। क्रॉम्प्टन घर की ज़रूरतों को नए नज़रिए से देखता है, जहाँ एक आम उत्पाद को बारीकी से तराशकर एक डिज़ाइनर मास्टरपीस में बदला गया है।

आजकल लोग ऐसे घरों को बहुत सोच-समझकर सजाते है जो उनकी व्यक्तिगत शैली को दर्शाता है, और अक्सर न्यूनतम और समकालीन सौंदर्यशास्त्र को तरजीह देते हैं। उन्हें सादगी और स्टाइल दोनों पसंद हैं।

वे सजावट की हर चीज़ का सोच-समझकर चुनाव करते है ताकि घर का हर कोना एकजैसा और दिखने में खूबसूरत लगे। हालांकि, ज़्यादातर सीलिंग फैन अब भी सिर्फ चलने के लिए लगाए जाते है, जो जरूरत का सामान बने हैं लेकिन आधुनिक इंटीरियर से मेल नहीं खाते।

अब उपभोक्ता ऐसे पंखे चाहते है जो बढ़िया परफार्मेंस दे और सजावट को और बेहतर बनाए, यानि जगह की खूबसूरती बढ़ाए। इस बदलाव के चलते डिजाइनर पंखों की मांग बढ़ गई हैं जो बदलती सोच के अनुरूप हों और घर के हर पहलू में सुंदरता के बढ़ते महत्व को दर्शाएं।

क्रॉम्पटन की सोच हैं कि नवाचार अब वैकल्पिक नहीं यह आवश्यक है। जैसे-जैसे घर अब व्यक्ति की पसंद और स्टाइल को दर्शाने वाली खास जगह बनते जा रहे हैं, क्रॉम्प्टन अपने साइलेंटप्रो फ्लूइडो वेव के ज़रिए इस बदलाव में अग्रणी है।

प्रकृति के बहाव से प्रेरित, साइलेंटप्रो फ्लूइडो वेव का हर हिस्सा बारीकी से तराशा गया है बिल्कुल परफेक्शन के साथ। ये इस अभियान की सोच को दर्शाता है। 'बनाया नहीं गया, तराशा गया है'।

प्राकृतिक बहाव और मूर्तिकला जैसी बनावट से प्रेरित यह पंखा एयरोडायनामिक परफॉर्मेंस को नियो-फ्यूचरिस्टिक स्टाइल के साथ खूबसूरती से मिलाता है। ये इस तरह डिज़ाइन है कि ये न सिर्फ हवा को, बल्कि एहसासों को भी हिला दे।

## अब तक 11 करोड़ रुपये का आंका गया ठाणे का टोरेस घोटाला, पुलिस ने पीड़ितों से शिकायत दर्ज कराने को कहा

**नई दिल्ली।** ठाणे शहर में पुलिस ने करोड़ों रुपये के टोरेस निवेश धोखाधड़ी में पैसा गंवाने वाले निवेशकों से अपील की है कि वे आगे आएं और अपनी शिकायत दर्ज कराएं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

ठाणे शहर में पुलिस ने करोड़ों रुपये के टोरेस निवेश धोखाधड़ी में पैसा गंवाने वाले निवेशकों से अपील की है कि वे आगे आएं और अपनी शिकायत दर्ज कराएं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष जनवरी में यह घोटाला सामने आया। इसकी जांच ठाणे पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कर रही है। एजेंसी मुंबई सहित कई शहरों में फैले इस धोखाधड़ी की पड़ताल में जुटी है। अकेले ठाणे में पुलिस ने अब तक घोटाले की रकम 11 करोड़ रुपये होने की आशंका जताई है। अब तक की जांच के अनुसार 1,400 से अधिक ठगे गए निवेशकों की पहचान की गई है।

सहायक पुलिस आयुक्त (ईओडब्ल्यू) दत्ता फाबले ने कहा, कल्याण शहर के खड़कपाड़ा में एक आभूषण विक्रेता के खिलाफ राबोडी पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वह टोरेस ब्रांड नाम से काम करता था और ग्राहकों और निवेशकों को धोखा देता था।÷ उन्होंने बताया कि आरोपी व्यक्तियों ने ग्राहकों को उनसे खरीदारी करने और अपनी योजनाओं में निवेश करने के लिए लुभाया। हालांकि, निवेश के बाद लोगों को कभी आकर्षक रिटर्न नहीं मिला। जनवरी में ठाणे में एक पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद जांच में तेजी आई, जिसके साथ 4,240 रुपये की ठगी की गई थी। रबोडी पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) (धोखाधड़ी), 316(5)(2) (आपराधिक विश्वासघात) और 3(5) (सामान्य इरादा) के साथ-साथ महाराष्ट्र जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम (एमपीआईडी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

# टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च किया नया सेराग्लाइड ड्यूओ कुकवेयर- स्टाइल, मजबूती और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल

**नई दिल्ली।** रसोई उपकरणों की अग्रणी कंपनी टीटीके प्रेस्टीज ने अपने नवीनतम उत्पाद सेराग्लाइड ड्यूओ सिरेमिक कुकवेयर को बड़े गर्व के साथ लॉन्च किया है। यह आधुनिक सिरेमिक कुकवेयर नई टेक्नोलॉजी और खूबसूरत डिजाइन का मेल है, जो आज की मॉडर्न रसोई के लिए एक ज़रूरी उपकरण बन सकता है। तेज़ पकाने की क्षमता और बेहतरीन टिकाऊपन के साथ सेराग्लाइड ड्यूओ घरेलू और पेशेवर रसोइयों के लिए कुकवेयर की परिभाषा ही बदल देता है।

सेराग्लाइड ड्यूओ रेंज तेज़ तापमान पर भी बेहतर ढंग से काम करती है, जिससे इसकी कार्यक्षमता और हीट होल्डिंग क्षमता दोनों बढ़ती है। इसकी सिरेमिक कोटिंग में पीएफओए और पीएफएएस जैसे हानिकारक रसायन नहीं होते, जिससे यह पारंपरिक नॉन-स्टिक कुकवेयर की तुलना में अधिक सेहतमंद कुकिंग अनुभव देता है।

इसकी मजबूत परत इसे रोज़मर्रा के उपयोग में भी लंबे समय तक टिकाऊ बनाती है। यह परत काले धब्बों और फीकेपन से भी बचाव



करती है। नियमित इस्तेमाल के बावजूद इसकी गुणवत्ता पर असर नहीं पड़ता, क्योंकि इसका डिज़ाइन इसे लंबे समय तक उपयोग में लायक बनाता है। यूजर्स अपनी जरूरत के अनुसार गैस या इंडक्शन कुकटॉप का इस्तेमाल कर सकते हैं, क्योंकि सेराग्लाइड ड्यूओ कुकवेयर इन दोनों ही हीट सोर्सेस के साथ आसानी से काम करता है। इसमें दिए गए कूल-टच हैंडल इसे सुरक्षित तरीके से पकड़ने में मदद करते हैं और खाना बनाते समय हाथ जलने से बचाते हैं। इसकी नॉन-स्टिक और चिकनी सतह पर दाग-धब्बे नहीं जमते, जिससे इसे साफ करना बेहद आसान हो जाता है। यह कुकवेयर न केवल रसोई के काम को आसान बनाता है, बल्कि अपनी कीमत के अनुपात में शानदार उपयोगिता भी देता है।

सेराग्लाइड ड्यूओ कलेक्शन में उन सभी बर्तनों की रेंज है जो किसी भी भारतीय रसोई के लिए जरूरी हो सकते हैं। इसमें फ्राय पैन, कढ़ाई, सॉसपैन, केसरोल, वोक और ओम्नी तवा शामिल हैं–जो डीप फ्राई से लेकर करी पकाने और डोसा बनाने तक हर काम में उपयोगी हैं। प्रेस्टीज का यह प्रीमियम सिरेमिक कुकवेयर अब सभी घरों के लिए किफायती दामों पर उपलब्ध है।

बड़े-बड़े फ्राय पैन्स 18 सेमी से लेकर 28 सेमी तक के आकारों में आते हैं और आकार के अनुसार इनकी कीमत 840 रूपये से लेकर 1515 रूपये तक है। 24 सेमी से लेकर 30 सेमी तक का कढ़ाई कलेक्शन 1850 रूपये से लेकर 2550 रूपये तक में आता है। उबालने और सिमसिमाने के काम आने वाला 16 सेमी का सॉसपैन 1355 रूपये का है।

# करदाता आईटीआर दाखिल करना शुरू सकेंगे




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल यूटिलिटी फॉर्म उपलब्ध करा दी है। इसका इस्तेमाल कर अब करादाता 2024-25 में अर्जित आय के लिए अपना आयकर रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकेंगे। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। आयकर विभाग ने शुक्रवार को आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल यूटिलिटी फॉर्म उपलब्ध करा दी है। इसका इस्तेमाल कर अब करादाता 2024-25 में अर्जित आय के लिए अपना आयकर रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकेंगे। आयकर विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल यूटिलिटी सक्षम कर दी गई है और अब यह करदाताओं के लिए उपलब्ध है।÷ इस वर्ष आईटीआर-1 और आईटीआर-4 में आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म ऐसे व्यक्ति, एचयूएफ और संस्थाएं को भरना होता है जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिन्हें अपने खातों का ऑडिट नहीं करवाना पड़ता। साथ ही, सूचीबद्ध इक्विटी से 1.25 लाख रुपये तक का दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पाने वाली संस्थाएं भी आईटीआर 1 और 4 में ऐसी आय दिखा सकती हैं।

# 'ज़रूर' के कामयाब एक साल बाद, अपारशक्ति खुराना एक बार फिर प्यार भरे गाने 'लफ़्ज़ां' के साथ लौटे

**नई दिल्ली।** 'ज़रूर' के सुपर डुपर हिट होने के बाद, बहुगुणी सिंगर और एक्टर अपारशक्ति खुराना दिलों को छूने के लिए एक बार फिर लौट आए हैं, और इस बार वो लेकर आए हैं अपना नया गाना 'लफ़्ज़ां'। यह दिल में उतर जाने वाला गाना उन सभी बातों के बारे में है जो हम कहना तो चाहते हैं, लेकिन कभी कह नहीं पाते। यह एक निजी, यादगार और भावुक गीत है, जो चुप्पी, प्यार और अनकहे जज़्बातों को समर्पित है।

ठीक एक साल पहले आए उनके पसंदीदा गाने 'ज़रूर' के बाद, 'लफ़्ज़ां' उसी इमोशनल सच्चाई और अपारशक्ति की बतौर गायक-गीतकार के सुनहरे सफर की अगली कड़ी है। अपनी खास नरम आवाज़ के अंदाज़ में, अपारशक्ति एक बार फिर उन जज़्बातों को ज़िंदा करते हैं जो अकसर देर रात हमें महसूस होते हैं, लेकिन शब्दों में कह नहीं पाते। जुदाई के एहसास को बयां करता यह गाना उन जज्बातों को बयां करता है




जो हम प्यार और तड़प के दौरान कह नहीं पाते।

अपारशक्ति और उभरते कलाकार विश्व धालीवाल के साथ मिलकर बना यह गाना, मीर देसाई द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। इसकी खूबसूरत धुन में एक मॉडर्न बैलड स्टाइल की मेलोडी और हल्की देसी मिठास का ऐसा संगम है, जो मन को एक नरम और मनमोहक झूमते एहसास से भर देता है। ये गाना एक संगीत में लिपटा प्यार भरा ख़त है, जो दिखाता है कि जब जज़्बात इतने गहरे हो जाते हैं कि उन्हें शब्दों में कहना मुश्किल हो जाए, तो वो संगीत के ज़रिए बहते हैं।

गाने के बारे में बात करते हुए अपारशक्ति खुराना बताते हैं कि,÷ज़रूर के लिए मुझे जितना प्यार मिला, उससे मैं बहुत आभारी हूं। मुझे बेहद खुशी है कि इतने लोगों ने उस गाने से खुद को जोड़कर देखा। इसी तरह, 'लफ़्ज़ां' भी मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं हमेशा ऐसे गाने बनाना चाहता हूं जो सच्चे एहसासों से जुड़े हों। ये गाना उस प्यार के बारे में है, जो तब भी साथ रहता है जब कहने को कुछ नहीं बचता। मैं हमेशा उस म्यूज़कि में यकीन रखता हूं जो दिल से जुड़ता है।

# फ्लिपकार्ट करेगा ग्लैम अप फेस्ट 2025 की मेजबानी

**लखनऊ।** फ्लिपकार्ट भारत के सबसे बड़े ब्यूटी एंड लाइफस्टाइल इवेंट के तीसरे संस्करण ग्लैम अप फेस्ट 2025 की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इसका आयोजन 6 और 7 जून को नेस्को, गोरेगांव, मुंबई में किया जाएगा। दो दिन चलने वाले इस उत्सव में 100 से ज्यादा अग्रणी ब्यूटी, ग्रूमिंग एवं के-ब्यूटी ब्रांड्स के साथ-साथ देशभर से 6,000 से ज्यादा इन्फ्लूएंसर्स एवं क्रिएटर्स हिस्सा लेंगे। ब्यूटी, इनोवेशन एवं कंटेंट के हाई-एनर्जी सेलिब्रेशन के रूप में तैयार ग्लैम अप फेस्ट 2025 से के-ब्यूटी, इमर्सिव ब्रांड एक्सपीरियंस, टेक-लेड प्रोडक्ट डिस्कवरी और एक्सक्लूसिव कंज्यूमर एक्टिवेशन के मामले में फ्लिपकार्ट की अग्रणी स्थिति को और मजबूती मिलेगी।


फ्लिपकार्ट की हेड ऑफ बिजनेस एफएमसीजी एंड जनरल मर्चेंडाइज मंजरी सिंघल ने कहा, 'भारत के सबसे बड़े ब्यूटी इवेंट ग्लैम अप फेस्ट 2025 के तीसरे संस्करण के साथ हम भारत में ब्यूटी प्रोडक्ट्स की डिस्कवरी, एक्सपीरियंस एवं शॉपिंग के तरीके को बदल रहे हैं। हम एक ऐसा सुगम और इमर्सिव एक्सपीरियंस देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां टेक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी), ट्रस्ट (भरोसा) और लोगों की एस्पिरेशन (आकांक्षा) को साथ लाया जा सके। यह कार्यक्रम ब्यूटी प्रोडक्ट्स को ज्यादा आसान पहुंच में लाने, के-ब्यूटी समेत नवीनतम ट्रेंड्स को सबके सामने पेश करने और लाखों ग्राहकों के लिए ब्यूटी प्रोडक्ट्स की खोज को आसान एवं खुशनुमा बनाने के हमारे लक्ष्य और इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है।' उत्सव में हिस्सा लेने वालों को खास तौर पर चुने गए ब्रांड लॉन्च, बेस्ट के-ब्यूटी प्रोडक्ट्स, सेलेब्रिटी एवं इन्फ्लूएंसर सेशन के साथ-साथ ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े उत्साही एवं प्रोफेशनल्स के लिए तैयार लाइव ट्यूटोरियल एवं इमर्सिव ब्रांड जोन को एक्सप्लोर करने का मौका मिलेगा। इनोवेशन पर फोकस करते हुए इस इवेंट के दौरान एआई-पावर्ड स्किन डायग्नोस्टिक्स, वर्चुअल ट्राई ऑन और लाइव वीडियो कॉमर्स समेत फ्लिपकार्ट के विभिन्न टेक्नोलॉजी आधारित सॉल्यूशंस पर भी बात होगी।

# युवाओं में तंबाकू से जुड़े कैंसर के केसों में वृद्धि : पारस हेल्थ

**कानपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर पारस हेल्थ, कानपुर के डॉक्टरों ने तंबाकू से जुड़े कैंसर के बढ़ते मामलों खासकर युवाओं में बढ़ते मामलों को लेकर गहरी चिंता जताई है। हॉस्पिटल के रिकॉर्ड के अनुसार, रेडियोथैरेपी करा रहे करीब 90% मरीज तंबाकू से जुड़े कैंसर से पीड़ित हैं, जिनमें सबसे ज़्यादा असर सिर और गले के हिस्सों पर हो रहा है।

पिछले एक साल में ही अस्पताल ने 170 कैंसर मरीजों का इलाज किया, जिनमें से ज़्यादातर तंबाकू का सेवन करते थे। ऐसे मामलों की संख्या पिछले तीन सालों में लगभग दोगुनी हो गई है। डॉक्टरों का कहना है कि इस वृद्धि की वजह तंबाकू का बढ़ता सेवन और जांच की बेहतर सुविधाएं दोनों हैं।

एक अनुभवी विशेषज्ञों की टीम के साथ, पारस हेल्थ, कानपुर में कैंसर का संपूर्ण इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। यहां की ऑन्कोलॉजी टीम में शामिल हैं डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा (डायरेक्टर), डॉ. अजयकुमार चंद्रभान सिंह (एसोसिएट डायरेक्टर), डॉ. पवन करेला (सीनियर कंसल्टेंट), डॉ.



अलंक्रिता सिंह (कंसल्टेंट), डॉ. कुश पाठक (कंसल्टेंट) और डॉ. साक्षी पांडे (डेंटल कंसल्टेंट)। ये सभी डॉक्टर मरीजों के कैंसर की पहचान, इलाज और इलाज के बाद की देखभाल में अहम भूमिका निभाते हैं। इनकी साझा मेहनत से हर मरीज को उनकी बीमारी और जरूरत के अनुसार व्यक्तिगत और बेहतर इलाज मिलता है।

डॉ.एस के शर्मा, डायरेक्टर ऑन्कोलॉजी, पारस हेल्थ कानपुर ने बताया, यह बहुत चिंता की बात है कि 40 साल से कम उम्र के लोगों में मुँह के कैंसर के केस बढ़ रहे हैं, और वो भी तब जब ये सीधे तंबाकू से जुड़े हैं। हम ऐसे मरीज देख रहे हैं जिन्होंने बहुत कम उम्र में तंबाकू का सेवन करना शुरू किया और अब 30 की उम्र में गंभीर बीमारी का सामना कर रहे हैं। यह अब सिर्फ़ किसी एक व्यक्ति की सेहत की बात नहीं रही, बल्कि यह एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन गई है। ऐसे ज़्यादातर कैंसर समय पर जागरूकता, तंबाकू छोड़ने और नियमित जांच से रोके जा सकते हैं।

मुँह और सिर-गले के कैंसर की शुरुआती लक्षण में मुँह में बार-बार छाले रहना, निगलने में दिक्कत, आवाज़ में बदलाव, लगातार गले में दर्द और बिना वजह वजन कम होना शामिल है। पारस हेल्थ के डॉक्टरों का कहना है कि खासकर तंबाकू इस्तेमाल करने वालों के लिए समय पर बीमारी पहचानना बहुत ज़रूरी है। इलाज कैंसर के स्टेज पर निर्भर करता है। इलाज़ में सर्जरी, रेडियोथैरेपी, कीमोथैरेपी या इनका मिलाजुला रूप शामिल हो सकता है। अगर कैंसर की पहचान शुरू में हो जाए तो इलाज के नतीजे और जीवन की गुणवत्ता काफी बेहतर होती है।

हाल ही के हॉस्पिटल डेटा के अनुसार, तंबाकू से जुड़े ज़्यादातर कैंसर मरीज 35 से 60 साल की उम्र के होते हैं। लेकिन अब युवाओं में भी ये मामले धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। सबसे ज़्यादा असर निम्न और मध्यम आय वाले पुरुषों पर पड़ रहा है, खासकर जो कंस्ट्रक्शन, ट्रांसपोर्ट और फैक्ट्री जैसे सेक्टर में काम करते हैं। चिंता की बात यह है कि 60 से 70% कैंसर के मामले तब सामने आते हैं जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। इसका कारण देर से जांच होना और जागरूकता की कमी है। फिलहाल हर साल सिर्फ 30 से 35 लोग ही नियमित जांच के लिए आगे आते हैं।

# एयर इंडिया ने 'देयर इज़ ऐन एयर अबाउट इंडिया' अभियान की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने आज अपना नया अभियान 'देयर इज़ ऐन एयर अबाउट इंडिया' लॉन्च किया है, जो एक नए भारत को समर्पित है एक ऐसा भारत जो साहसी, आनंदित, आत्मविश्वासी और जीवंत है। इस अभियान में आउटडोर विज्ञापन, प्रिंट विज्ञापन और एक आकर्षक डिजिटल फिल्म शामिल हैं, जो उस भारत की भावना को दर्शाते हैं जो विश्व पटल पर तेजी से उभर रहा है और जिसे एयर इंडिया गर्व से पूरे विश्व में लेकर जाती है।

इस डिजिटल फिल्म की परिकल्पना और निर्माण क्रिएटिव एजेंसी मैक्कैन के सहयोग से किया गया है। इसका केंद्रबिंदु है एक रैप-शैली का साउंडट्रैक, जिसे प्रसिद्ध संगीत निर्देशक स्नेहा खानवलकर ने कंपोज किया है और उभरती हुई रैप आर्टिस्ट आर्या जाधव ने इसे अपनी आवाज़ दी है। फिल्म में रिदमिक स्टोरीटेलिंग, तेज़ ट्रांजिशन और मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य शामिल हैं जो भारत की आत्मा को दर्शाते हैं, चाहे वह महानगरों की हलचल हो या दूरदराज़ के क्षेत्र।

हर बीट और हर पंक्ति भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को एक सूत्र में पिरोती है इसके रंग, खानपान, समुदाय और महत्वाकांक्षाएं। पारंपरिक प्रदर्शन और आध्यात्मिक प्रतीकों से लेकर आधुनिक गगनचुंबी इमारतों और वैश्विक आकांक्षाओं तक, यह कहानी एक शक्तिशाली पंक्ति पर समाप्त होती है – ÷देयर इज़ ऐन एयर अबाउट इंडिया÷, और एयर इंडिया को गर्व है कि वह इसे पूरी दुनिया तक ले जाती है।

टाटा समूह में 2022 में वापसी के बाद, एयर इंडिया 'विहान.द्ध' नामक पाँच वर्षीय परिवर्तन यात्रा के मध्य में है, जिसका उद्देश्य है भारत की नई आकांक्षाओं के अनुरूप एक विश्वस्तरीय ग्लोबल एयरलाइन बनना।

# डेंजर जोन : प्रशासन नहीं चेती तो फिर नदी डूबेगी कई जिंदगियां

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी के फर्दहां घाट डेंजर जोन में घोषित होने के बाद भी यहां प्रतिदिन दूर दराज से सैकड़ों लोग नहाने व सेल्फी खींचने व रील बनाने पहुंच रहे है। अगर प्रशासन इसपर ध्यान नहीं दी तो फिर कई जिंदगियां इस नदी में डूबेगी। बता दें कि छोटी गंडक नदी के फर्दहां घाट पर नदी का पानी झरना के आकार में गिरता है और अगल बगल हरे-भरे पेंड़ पौधे से खुशनुमा मंजर देखने को मिलती है जो गर्मी के समय में लोगों को आकर्षित करता है। यही कारण है कि यहां प्रतिदिन दूर-दराज से सैकड़ों लोग घूमने, सेल्फी व रील बनाने के साथ नहाने आते है। लेकिन इस घाट पर डूबने से आधा दर्जन युवकों की मौत भी हो चुकी है। लगातार मौत को देखते हुए कप्तानगंज पुलिस ने उक्त जगह को डेंजर जोन घोषित करते हुए यहां स्नान करने से रोक लगाई थी। प्रशासन की लापरवाही से दो साल बाद फिर यहां स्नान शुरू हो गया है। प्रतिनिदन सैकड़ों युवक यहां स्नान करने पहुंच रहे है। अगर प्रशासन इस पर रोक नही लगायेगी तो आने वाले समय में लोग ऐसे ही डूबते नजर आएंगे। **प्रशासन ने घोषित की है डेंजर जोन-** छोटी गंडक नदी के फर्दहां घाट पर लगातार डूबने से हो रही मौत का संज्ञान लेकर उक्त घाट को डेंजर जोन घोषित कर बोर्ड लगा दिया था। इसके बाद दो साल तक यहां कोई नहाने, सेल्फी लेने नहीं पहुंचा लेकिन प्रशासन की लापरवाही से फिर यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग स्नान करने पहुंच रहे है। अगर प्रशासन इसपर ध्यान नहीं देगी तो फिर नहाने के चक्कर में कई जिंदगियां डूबेगी।


शुक्रवार को दोपहर में डेंजर जोन घोषित एरिया में नहाते सैकड़ों युवक

**डेंजर जोन में घोषित है फर्दहां, अब तक आधा दर्जन लोग डूब चुके**

### केस नंबर एक

06 जून 2022 को रामकोला थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज बस स्टैंड निवासी राहुल मद्धेशिया पुत्र राजकुमार मद्धेशिया उम्र 24 वर्ष अपने दोस्तों के साथ दिन के तकरीबन 2 बजे के आस-पास उक्त घाट पर नहाने आया था। नहाने के दौरान राहुल गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके साथ नहा रहे दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन विफल रहे, और देखते ही देखते राहुल डूब गया।

### केस नंबर दो

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी मनान का 18 वर्षीय बेटा इसी घाट पर अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था लेकिन वह भी इस झरना बह गया जिससे डूबकर उसकी मौत है।

# अहिल्याबाई के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए : शाही



सुकरौली ब्लॉक में उपस्थित अतिथि व अन्य

अवधनामा संवाददाता

**सुकरौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत सुकरौली कार्यालय व ब्लॉक सभागार मोतीचक में शुक्रवार को पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति दिवस मनाया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जेपी शाही ने कहा कि अहिल्याबाई ने अपनी प्रशासनिक दक्षता और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण से आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित की। उनका जीवन आज भी जनप्रतिनिधियों और समाजसेवकों के लिए प्रेरणास्रोत है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री रूपम सिंह ने कहा कि आज की नारी को अहिल्याबाई होलकर से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सामाजिक योगदान पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ज्ञान विक्रम सिंह ने की। नगर अध्यक्ष राजनेति कश्यप की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के योगदान को याद किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सीमा देवी, अनिल यादव, सानू गुप्ता, दिग्विजय चौहान समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## अहिल्याबाई ने महिला सशक्तिकरण की नींव मजबूत की : विशाल



कार्यक्रम को संबोधित करते हाटा विधायक मोहन

**मथौली बाजार, कुशीनगर (अवधनामा संवाददाता)।** ब्लॉक सभागार मोतीचक में आयोजित लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जयंती वर्ष के समापन अवसर पर शुक्रवार को उनकी कार्य कुशलता को याद किया। मुख्य अतिथि प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष व कप्तानगंज के ब्लॉक प्रमुख विशाल सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई उस युगद्रष्टा चेतना को समर्पित है, जिसमें उन्होंने अपने सुशासन, न्यायप्रियता और करुणा से महिला सशक्तिकरण की नींव मजबूत कर प्रगति के नए अध्याय का शुभारंभ किया था। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर की न्याय आध्यात्मिकता और समाज की सेवा ही उनकी जीवनचर्या थी। इस मौके पर सुकरौली ब्लॉक प्रमुख रंजना पासवान, प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह, मुंशी सिंह, रामू राव, अरुण सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ब्लॉक प्रमुख अर्चना सिंह ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया और रानी अहिल्याबाई होलकर के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

# जिले में 23 केंद्रो पर संपन्न होगी बीएड की परीक्षा, 11181 परीक्षार्थी होंगे शामिल

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी/ राज्य नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक पी के राय द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उक्त परीक्षा आज दिनांक 01 जून 2025 को दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक, जनपद के 23 केंद्रों पर आयोजित होगी। जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचिता पूर्ण व नकलविहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में एडीएम द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। परीक्षा को सुचारू, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत की गई तैयारियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों आदि के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षा वर्ष 2025 को सम्पन्न कराने हेतु कुल 23 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें कुल 11181 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा को नकलवीहिन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं जाने हेतु सभी केन्द्र अधीक्षक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट/ केंद्र प्रतिनिधि की सभी परीक्षा केंद्रों पर डयूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सुचारू मॉनिटरिंग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित समस्त अधिकारी अपने कार्यदायित्वों के प्रति सजग एवं सतर्क रहें।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते एडीएम

**डयूटी में लगाए गए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारियों के साथ निर्वहन करें : एडीएम**

## सदस्य, गो सेवा आयोग की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जनपद स्तरीय गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री रमाकांत उपाध्याय सदस्य, उप्र गो सेवा आयोग, लखनऊ ने की। बैठक में सदस्य गो सेवा आयोग ने गोआश्रय स्थलों में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार ने सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। श्री रमाकांत ने कहा कि गोशालाओं में हरा चारा मूलभूत आवश्यकता है। हरे चारे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए एनजीओ का भी सहयोग लिया जाए। गोवंश को हीट वेव से बचने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था रखी जाए। साथ ही समय-समय पर उनकी चिकित्सकीय जांच भी कराई जाए। आश्रय स्थलों पर कूलर पंखे लगाए जाएं। गाय का पौराणिक व वैज्ञानिक महत्व है।

## विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में आज विशेष किशोर पुलिस इकाई एसजेपीयू की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन संरक्षण अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रभारी जय प्रकाश तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर ने विशेष किशोर पुलिस इकाई के कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप कार्य करने पर बल देते हुए सभी थानों में पृथक रजिस्टर एवं आँकड़ों के संधारण हेतु बाल मैत्री पंजिका बनाए जाने के निर्देश दिए। संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा प्रेषित आदेशों के आलोक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की, जिनमें बाल विवाह के मामलों में त्वरित कार्रवाई, बाल संरक्षण इकाइयों से समन्वय, बाल कल्याण समिति एवं न्यायालय को समयबद्ध सूचना प्रेषण, बाल मैत्रीपूर्ण व्यवहार, विधिक सहायता की व्यवस्था एवं जिला टास्क फोर्स के साथ सहयोग प्रमुख रहे। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित साथी कैंपेन की भी समीक्षा की गई।

## सातवीं बौद्ध संगीति भारत में करने की तैयारी में जुटी अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन परिषद

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ की बौद्ध दर्शन विद्या शाखा ,पालि अध्ययन अनुसंधान केन्द्र की ओर से आनलाइन पालि एवं बौद्ध विद्या विशिष्ट व्याख्यानमाला का समापन गुरुवार की शाम हुआ। आनलाइन व्याख्यान माला में देश के सैकड़ों नामचीन बौद्ध विद्वान, बुद्ध वादी और आम्बेडकरवादी चिंतक शामिल हुए।15,दिन के भीतर आनलाइन व्याख्यान माला में भगवान बुद्ध के अमृत वचनों के साथ पालि साहित्य और बौद्ध ग्रंथों पर विस्तार से संवाद हुआ। आनलाइन व्याख्यान माला में भगवान बुद्ध के वचनों को आधुनिक भारत के सन्दर्भों में प्रस्तुत करने में सिद्धहस्त अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध विद्वान राजेश चन्द्रा ने अब तक हुई बौद्ध संगीतियों के बारे में जानकारी दी और कहा कि सातवीं संगीति भारत में होने की पूरी सम्भावना है।इस संगीति में भगवान बुद्ध के वचनों का डिजिटलीकरण होगा। विश्व बौद्ध संघ के राष्ट्रीय संरक्षक आर सी बौद्ध ने कहा कि बौद्ध धम्म सूर्य है, कभी नष्ट नहीं हो सकता। दुनिया के सभी बौद्ध राष्ट्रों के लोग भगवान बुद्ध की धरती का इतना सम्मान करते हैं कि कभी भारत की तरफ पैर करके नहीं सोते। अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन परिषद बुद्ध भूमि में धम्म नाद गुंजित करने के साथ नव बौद्धों को सातवीं संगीति के आयोजन के लिए तैयार कर रही है।

# महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** ग्राम्य विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन जनपद रायबरेली के सामुदायिक केंद्र सभागार रतापुर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धी लाल पासी व शिवेन्द्र सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं द्वारा किस प्रकार महिला सशक्तिकरण किया जा सकता है। इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह द्वारा समाजसुधारिका अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। फूलमती विकासखंड दीनशाह गौरा, आशा एवं गीता भारती विकासखंड हरचंदपुर द्वारा स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आजीविका संवर्धन की कहानी अपनी जुबानी कही गयी। रितिका सिन्हा, ब्लॉक मिशन प्रबंधक हरचंदपुर द्वारा स्वयं सहायता समूहों से समृद्धि की ओर विषय पर महिलाओं को बताया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों जैसे स्वंय सहायता समूह की महिलाओं, आजीविका सखी, बैंक सखी, समूह सखी, स्वास्थ्य सखी, मनरेगा योजनान्तर्गत 100 दिन का रोजगार प्राप्त किये महिला श्रमिक के रूप में ऊषा देवी, गीता, प्रेमा देवी, बिटाना, माया, प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी, मुख्यमंत्री आवास लाभार्थी निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। अंत में परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर में जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), ऋषिपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी राही सुश्री गौरी राठौर, खण्ड विकास अधिकारी दीनशाह गौरा अशोक कुमार, खण्ड विकास अधिकारी ऊंचाहार कामरान नेमानी, खण्ड विकास अधिकारी सरेनी, प्रमोद कुमार यादव, खण्ड विकास अधिकारी बछरावां शिव बहादुर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी रोहनिया सुनील कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सतांव, एस0के0 कनौजिया, खण्ड विकास अधिकारी लालगंज गगनदीप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी राही सतांव एवं समस्त ब्लॉक मिशन प्रबंधक एवं 400 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं विभिन्न विभागों से प्रशस्ति पत्र पाने वाले लाभार्थी उपस्थित रहें।



## गाय हमारी संस्कृति और संस्कार का हिस्सा है

**रायबरेली।** सदस्य गोसेवा आयोग उप्र रमाकांत उपाध्याय ने पीडब्लूड़ी गेस्ट हाउस में गाय और प्राकृतिक खेती विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। इससे पहले उन्होंने डीह ब्लॉक में कोन्हा डीह कान्हा गौशाला परशदेपुर और मामुनि गोशाला, सलोन आदि का औचक निरीक्षण कर गौशालाओं में सुविधाओं की जानकारी ली। उन्हें गौशालाओं में हरा-चारा, पानी, कूलर,विद्युत,चिकित्सा, साफ-सफाई आदि सुविधाएं ठीक मिली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोशालाओ की संख्या बढ़ रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हर घर मे गाय पहुँचना चाहिए। गाय हमारी संस्कृति और संस्कार का हिस्सा है। साथ है गैस प्लांट लगाकर प्राकृतिक खेती भी की जाए। दूध,घी के अलावा किसान को खेती का भी लाभ मिलना चाहिए। गाये दूध केवल कुछ वर्षो तक ही देती है परंतु गोवंश का लाभ खेती के साथ साथ पर्यावरण को भी मिलता है। गोबर और गोमूत्र का लाभ किसानों को मिलना चाहिए। किसानों के घर पर बायोगैस की फैक्टरी लगेगी का प्रस्ताव चल रहा है इससे किसानों के गैस सिलेंडर का खर्चा बचेगा। खेत को यूरिया से मुक्ति मिलेगी।

## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**महराजगंज,रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत महराजगंज के साफ सफाई को अमली जामा पहनने वाले तथा कस्बे को साफ सुथरा बनाकर नगर पंचायत को विकास की ओर अग्रसर करने वाले सभी सफाई कर्मचारियों को आज अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सम्मानित करते हुए हर्ष हो रहा है ।यह उदगार आज नगर पंचायत सभागार में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू व्यक्त कर रहे थे नगर पंचायत में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने महिला और पुरुष सफाईकर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। न्यायप्रिय लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए जाना जाता है। उनका शासनकाल महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण है। अहिल्याबाई ने अपने शासन में सामाजिक आदर्श मूल्यों की स्थापना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू, लिपिक यमुना प्रसाद, धर्मेंद्र वर्मा, सहित अन्य सफाईकर्मी उपस्थित रहे।

## चंदापुर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**महराजगंज,रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** चंदापुर थाना क्षेत्र के संतोषपुर मजरे जनई गांव निवासी एक व्यक्ति का न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के तहत चंदापुर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि थाना चंदापुर क्षेत्र के संतोषपुर मद्देनजर जनई गांव निवासी दयाशंकर उर्फ लल्लू पुत्र सुशील कुमार उम्र 40 वर्ष का दीवानी न्यायालय द्वारा एससी-एसटी कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था जिसका पालन करते हुए चंदापुर थाने में तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार व आरक्षी आनंद कुमार ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## राजकीय विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को दिया जाएगा बढ़ावा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** राजकीय विद्यालयों में भी अब डिजिटल पठन-पाठन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए एकीकृत ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म की व्यवस्था की गई है। स्कॉलर प्लेनेट एप के जरिए छात्र-छात्राओं को डिजिटल माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। जिले में राजकीय विद्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के बाद इसको सभी राजकीय विद्यालयों में शुरू किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में तरह-तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। धीरे-धीरे स्कूलों में अब डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले के राजकीय विद्यालयों में भी अब शिक्षा का डिजिटलीकरण किया जाएगा। बच्चों को अब डिजिटल माध्यम से विषयों को समझाया जाएगा। इसके लिए स्कॉलर प्लेनेट एप का सहारा लिया जाएगा। एप का मुख्य उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को डिजिटल पठन-पाठन एवं शिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराना है। एप में एआई तकनीक का समावेश भी किया गया है, जिससे बच्चों को किसी भी टॉपिक को समझने में अधिक आसानी होगी। इसके लिए जिले के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों को इस संबंध में सहयोगी संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिसके बाद इन स्कूलों में डिजिटल रूप से पढ़ाई को बढ़ावा मिल सकेगा।

## एक जून को दो पालियों में आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा : जिलाधिकारी

### डीएम ने उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड, 2025 को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु की बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आगामी 1 जून को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2025 को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संचालित कराये जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी, पर्यवेक्षक, केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित केन्द्राध्यक्षों को उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में सभी पहलुओं पर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित समस्त अधिकारी अपने कार्यदायित्वों के प्रति सजग एवं सतर्क रहें। परीक्षा की शुचिता शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। 01 जून को दो पालियों में प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे परीक्षा सम्पन्न होगी। जनपद के 27 केंद्रों पर उक्त परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी, जिसके लिए कुल 27 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा 02 सचल दल की ड्यूटी लगाई गई है।

## सर्व समाज की हितचिंतक थीं अहिल्याबाई होल्कर

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रि शताब्दी स्मृति अभियान के निमित्त भटनी नगर पंचायत क्षेत्र के पंचायत सभागार महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर सर्व समाज की हितचिंतक थीं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग तपस्या, धार्मिकता परोपकार व प्रशासन के लिए अनुकरणीय रहा। न्याय, दया और धर्म के प्रति उनके मन में अगाध श्रद्धा थी । गरीबों की सेवा, जलाशयों का निर्माण, मंदिरों का निर्माण और सैनिक कुशलता के साथ उन्होंने अपने राज्य की ईमानदारीपूर्वक सेवा और सुरक्षा किया । भारत के इतिहास में ऐसी महान विभूति को भारतीय जनता पार्टी ने अभियान चलाकर उचित सम्मान दिया है जिसकी वो हकदार हैं। हम सभी को खासकर महिलाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को मिला अपमान का संदेश

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** पत्रकारिता दिवस पर प्रशासन के अधिकारियों की ओर से पत्रकारों के सम्मान की तो कोई खबर नहीं आई, अपमान का एक वीडियो जरूर वायरल हो रहा है। सी एच सी जगदीशपुर में तैनात सुरक्षा कर्मी द्वारा एक पत्रकार का अपमान करने और पत्रकार के साथ हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पत्रकार का कहना है कि उसने स्टाफ नर्स ममता द्वारा प्राइवेट क्लीनिक चलाने का वीडियो बनाकर खबर चलाई थी, इसलिए अस्पताल पहुंचने पर गेट पर ही उसके साथ अभद्रता की गई और सुरक्षा गार्ड ने उसके साथ हाथापाई करते हुए मोबाइल को जमीन पर पटक दिया। उधर सुरक्षा गार्ड का आरोप है कि पत्रकार ने सी एच सी में तैनात एक चिकित्सक के साथ अभद्रता की है। सी एच सी जगदीशपुर में डाक्टरों की मनमानी, मरीजों से दवा और जांच के नाम पर अवैध वसूली और प्राइवेट लोगों से काम लेने की शिकायत काफी समय से चल रही है। पिछले किसान दिवस में भाकियू नेता हरीश सिंह चुन्नू ने सी एच सी के अधीक्षक पर नियम विरुद्ध काम करने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। शुक्रवार को सी एच सी गये न्यूज इंडिया के जिला संवाददाता विपिन यादव ने सरकारी आवास में ओपीडी करने का समाचार संकलित किया।विपिन यादव का आरोप है कि सुरक्षा गार्ड ने उनके साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट और गाली-गलौज किया है। विपिन ने एस एच ओ जगदीशपुर को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने का अनुरोध किया है।



**सीएचसी जगदीशपुर में तैनात सुरक्षा गार्ड ने न्यूज इंडिया के जिला संवाददाता से अभद्रता की**

## 26 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल की खानापूरी, फरियादियों का टोटा रहा




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** शुक्रवार को जिले के सभी विकास खंडों की दो दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। चौपालों में जिला स्तरीय अधिकारी भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पहुंचे। फरियादियों का टोटा रहा।

विकास खंड अमेठी में बरियापुर और रायदयपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। समाज कल्याण अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में चौपाल में पहुंचे और शिकायतों के बारे में जानकारी ली। यहां केवल दो शिकायतें आई थीं। खंड विकास अधिकारी बृजेश सिंह और प्रभारी ए डी ओ पंचायत अनुराग यादव चौपाल में मौजूद रहे। पिछ्ले दो साल के भीतर ग्राम चौपालों में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवासों की मांग सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण लम्बित है। अन्य सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो चुका है। संग्रामपुर विकास खंड में बदलापुर और सोनारीकनू में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। बदलापुर में खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारती ने जनसुनवाई की।कुल तीन मामले आए जो परिवार रजिस्टर की नकल और जन्म प्रमाण पत्र से सम्बंधित रहे। विकास खंड मुसाफिर खाना में खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। रूदौली में केवल दो शिकायतें आई। सिंहपुर विकास खंड में इन्हौना और भवानीपुर में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया।दो दो शिकायतें आई। विकास खंड भादर में गाजीपुर और रेवडा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कुल नौ शिकायतें आई हैं।

**पिछ्ले दो साल के भीतर ग्राम चौपालों में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवासों की मांग सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण लम्बित है**

# दिल्ली-बाँदा के बीच बसों से हो रही करोड़ों की जीएसटी चोरी, जिम्मेदार विभाग मौन

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** दिल्ली से बाँदा के बीच संचालित निजी बसों के माध्यम से प्रतिदिन लाखों रुपये मूल्य का माल चोरी-छिपे लाया जा रहा है, जिसमें जीएसटी चोरी के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे खेल की जानकारी प्रशासन के परिवहन विभाग और वाणिज्यकर (सेलटैक्स) विभाग को भी है, फिर भी कार्यवाही के नाम पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के मैदान से एक अघोषित अवैध बस स्टैण्ड संचालित हो रहा है, जहां से रोजाना कई बसें दिल्ली जाती हैं और वहीं से भारी मात्रा में बिना बिल का सामान बाँदा लाया जाता है। इन बसों में अक्सर मानक से कई गुना अधिक माल लादा जाता है, जो न तो किसी यात्री का होता है और न ही इसका कोई वैध दस्तावेज होता है।

सूत्रों के अनुसार, इन बसों में एयर कंडीशनर, कूलर, गाड़ियों के पार्ट्स और महंगे मोबाइल फोन तक लाए जा रहे हैं। यह सब कुछ बस ड्राइवर, कंडक्टर और मालिकों की मिलीभगत से किया जा रहा है। इस अवैध व्यापार से न केवल सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों को भी प्रतिस्पर्धा में नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जानकारी यह भी सामने आई है कि सेलटैक्स विभाग के अधिकारी इस पूरी गतिविधि से भलीभांति अवगत हैं, फिर भी अब तक किसी प्रकार की जाँच या छापेमारी नहीं की गई है। दूसरी ओर, परिवहन विभाग के अधिकारी इस अवैध बस स्टैण्ड को नजरअंदाज कर मलाई काट रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से माँग की है कि इस गोरखधंधे पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। यदि जल्द ही इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया तो सरकार को राजस्व में भारी चपत लगती रहेगी और भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी होती जाएँगी।

# अवैध मीट की दुकान का महिलाओं ने किया विरोध

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** थाना टूंडला क्षेत्र अंतर्गत गांव मोहम्मदाबाद में पथवारी मंदिर के रास्ते चल रही अवैध मीट की दुकान का ग्रामीण महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर रेली निकाल विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि हम महिलाएं प्रतिदिन पथवारी माता मंदिर पर जल अर्पित करने जाती है, मंदिर के मार्ग में अवैध मीट की दुकान पड़ती है,जहां मुर्गा बकरा आदि जानवरों को हलाल किया जाता है, जिस कारण भयंकर बदबू में से हमको गुजरना पड़ता है। वहीं आवारा कुत्ते रास्ते में मॉस के टुकड़े लेकर घूमते हैं, दुकान संचालक अफज़ल खान से कई बार कहा है मगर वह मंदिर के रास्ते पर अवैध मीट की दुकान नहीं हटा रहा जिस पर आज मंदिर जाने वाली गांव की महिलाएं एकत्रित होकर अवैध मीट की दुकान को हटवाने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रही है। दुकान संचालक अफज़ल खान धड़ल्ले से अवेध मीट की दुकान चला है,जब उससे मंदिर के रास्ते से दुकान कहीं और स्थान पर ले जाने की कहते हैं तो वह धमकी देता है कहता है कि तुम्हे जो करना है कर लो मेरा कोई कुछ नहीं विगाड़ सकता। मजबूर होकर हम महिलाओं ही विरोध प्रदर्शन करने आना पड़ा है। महिलाओं ने प्रशासन से इस अवैध मीट की दुकान को हटाए जाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में रेनू राजपूत आशा शर्मा राजीव राजपूत सीमा रामवती श्यामा देवी सीमा देवी नेहा राम प्यारी जशोदा देवी आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# भावनगर से अयोध्या वाया टूंडला साप्ताहिक एक्सप्रेस को मिली मंजूरी

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** रेल मंत्रालय ने भावनगर से अयोध्या वाया टूंडला साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन संचालन की मंजूरी दी है। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति,उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि रेल मंत्रालय ने भावनगर गुजरात से अयोध्या के लिए एक साप्ताहिक ट्रेन संचालन की मंजूरी दी है, जिसकी विस्तृत समय सारणी शीघ्र ही पश्चिम रेलवे मुंबई द्वारा जारी की जाएगी। यह गाड़ी भावनगर से जयपुर, बांदीकुई आगरा फोर्ट टूंडला कानपुर सेंट्रल लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशनों से होते हुए अयोध्या के लिए संचालित होगी। इस ट्रेन में 22 एलबीएस कोच होंगे। इस आशय का पत्र मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर कोचिंग वेस्टर्न रेलवे मुंबई द्वारा नॉर्दर्न रेलवे पश्चिम मध्य रेलवे तथा उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारियों को सूचनार्थ एवं तैयारी हेतु जारी किया गया है।

# पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहाँपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली एवं परेड का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को स्वच्छ वर्दी धारण करने और अनुशासित टर्नआउट बनाए रखने के निर्देश दिए।परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने क्वार्टर गार्ड, आर्मरी, स्टोर, कैंटीन, परिवहन शाखा, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक, यातायात कार्यालय एवं आवासीय परिसर सहित सभी शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं की

### पुलिस लाइन्स का किया गहनता से निरीक्षण

उपलब्धता और रजिस्टरों के सुव्यवस्थित संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, अर्दली रूम में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने आगामी जेटीसी/आरटीसी की तैयारियों के मद्देनज़र बैरकों और अन्य व्यवस्थाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। यह निरीक्षण पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, अनुशासन और दक्षता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहाँपुर विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहाँपुर ओम प्रकाश मिश्रा-तृतीय द्वारा जिला कारागार, शाहजहाँपुर का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बैरक नं0 9, 10 व 11 का निरीक्षण किया गया। जहाँ पर बैरक नं0-09 में बन्दी प्रदीप पुत्र सत्यपाल, शमशेर आलम पुत्र सैय्यद आदि 3/25 आर्म्स एक्ट तहत जेल में बन्द है, उक्त बन्दियों लिए सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि दानों बंदियों का केस जेल लोक अदालत में लगवाया जाये, जिससे उनका निस्तारण हो सके। बैरक नं0 10 में बंदी प्रताप सिंह पुत्र कौशल किशोर द्वारा बताया गया कि उनके पास पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं हैं, जिस पर सचिव द्वारा जेलर को निर्देशित किया कि वे उक्त बंदी का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाहजहाँपुर में प्रेषित करें, जिससे उनकी पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता नियुक्त किया जा सके। अन्ततः सचिव द्वारा बैरक नं0 11 का निरीक्षण करने पर किसी बन्दी द्वारा कोई समस्या नहीं बतायी गयी।

# नगर पालिका द्वारा विकसित वेंडिंग ज़ोन का प्रभारी मंत्री ने किया लोकार्पण



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही ने भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल, जिला को-आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह, विधायक बलहा सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, सभासदगण व अन्य अतिथियों, गणामान्य व संभ्रान्तजन के साथ नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा फल व सब्ज़ी के ठेले को स्थान देने हेतु बनाये गये वेंडिंग ज़ोन का लोकार्पण करते हुए ठेले व रेढ़ी वालों को बधाई दी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री शाही ने कहा कि नगर पालिका के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे जहां छोटे-मोटे रोज़गार करने वालों को एक स्थायी ठिकाना मिला है वहीं नगर में जाम की समस्या कम होगी तथा नगर की सुन्दरता भी अच्छी होगी। मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गांव, गरीब व किसान के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। कोरोना काल जैसी विश्वव्यापी महामारी के दौरान भी प्रधानमंत्री जी ने ठेले, खोमचे, दस्तकारों तथा पारम्परिक कारीगरों के लिए प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना प्रारम्भ की गई थी जिसके तहत बगैर किसी सिक्योरिटी के लाभार्थी को 10 हज़ार से लेकर 50 हज़ार तक का लोन उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर मंत्री शाही ने पौधरोपण भी किया। प्रभारी मंत्री शाही ने रेढ़ी व ठेले लगाकर अपने परिवार का जीवनयापन करने वाले छोटे-छोटे दुकानदारों का आहवान किया कि प्रदेश सरकार द्वारा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करने, उद्योगो को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर लोाकमाता अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन व जीवनचर्या से प्रेरणा लेकर जनपद को स्मार्ट, शिक्षित व कृषि समृद्ध जनपद के रूप में विकसित करने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# आरपीएफआईजी ने किया टूंडला स्टेशन का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** आरपीएफ की मुख्य सुरक्षा आयुक्त आगरा रेनू पुष्कर छिब्बर ने टूंडला स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रेनों पर पथराव और गेट पर बैठकर यात्रा न करने की सुझाव एवं अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार को रेलवे स्टेशन टूंडला आईजी ने अधिकारियों और जवानों के साथ बैठक की जिसमें यात्री सुरक्षा पर चर्चा करते हुए उन्होंने नाजायज चेन पुलिंग, ट्रेनों पर पथराव और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए साथ ही उन्होंने नाबालिग ट्रेनों पर पथराव को खेल समझते हैं। ऐसे लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि आरपीएफ यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। किन्नरों द्वारा यात्रियों को परेशान करने और आरक्षित सीटों पर अनधिकृत यात्रा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। इसलिए सभी आरपीएफ के जवान पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हैं। निरीक्षण के दौरान आरपीएफ के कंपनी कमांडर अमित चौधरी सहित अन्य जवान मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आम के पौधों को किया गया रोपित



**शाहजहांपुर/अवधनामा संवाददाता।** रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम में आज महानगर क्षेत्र के न्यू सिटी ककरा स्थित जैव विविधता पार्क में नगर निगम, शाहजहांपुर के तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आम के पौधों को रोपित किया गया। इसके अतिरिक्त महानगर क्षेत्र में स्थित पार्कों व सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता टीम द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाये जाने के साथ-साथ महानगर क्षेत्र में स्थित वार्डों में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति तथा मोहल्ला समितियों के सदस्यों द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर जी के द्वारा अपने जीवन काल में किये गए कार्यों के विषय में अवगत कराया तथा अपील की गई कि वे उनके द्वारा किये गए कार्यों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाने का कार्य करे। पौधारोपण कार्यक्रम में नगर निगम से उद्यान लिपिक अमर दीप, डूडा से दीपक प्रजापति, स्वच्छता अभियान में क्षेत्रीय सफाई नायक व विचार गोष्ठी कार्यक्रम में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति तथा मोहल्ला समिति के सदस्यगण व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

**शाहजहांपुर/अवधनामा संवाददाता।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में जनपद शाहजहाँपुर में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा सघन प्रवर्तन कार्यवाही की गई। उप आबकारी आयुक्त, बरेली प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, शाहजहाँपुर के कुशल नेतृत्व में सौरभ कुमार यादव, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 सदर एवं मधु तिवारी, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5 कलान द्वारा संयुक्त रूप से अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया गया। आज दिनांक 30.05.2025 को तहसील कलान के ग्राम मालव, परौर, जखिया एवं कलान आदि क्षेत्रों में दबिश दी गई। दबिश के दौरान संदिग्ध स्थानों एवं आवासीय परिसरों की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ग्राम रफियाबाद, कलान से 25 टेट्रा पैक एवं 6 पौव्वा विदेशी मदिरा बरामद की गई। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में आबकारी टीम के सदस्य जय प्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, मनीष कुमार एवं रोहित सिंह शामिल रहे।

## लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं पत्रकारः अखिलेश शुक्ल



**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दीवानी न्यायालय परिसर में बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अखिलेश शुक्ल ने पत्रकार विजेंद्र द्विवेदी, अशोक शुक्ल, विवेक श्रीवास्तव व अंकुश यादव को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ से जुड़े हुए हैं। वे लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं। उन पर समाज की कुरीतियों को दूर करने की अहम जिम्मेदारी होती है। पत्रकार जिस निर्भीकता के साथ कार्य करते हैं वह सराहनीय है। श्री शुक्ल ने कहा कि वे बार एसोसिएशन की बेहतरी के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि वे वकीलों के सुख दुख में सदैव साथ रहे और उनके बेहतर भविष्य के लिए कार्य करें। कहा कि, अध्यक्ष का चुनाव जीतने पर वे अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि बढ़ाकर सात लाख रुपए करेगें।

# प्रमुख सचिव सहकारिता ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग सौरभ बाबू ने उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ लिमिटेड प्रबंधक निदेशक विनीत के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के मौजूद अधिकारियों द्वारा नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों के सम्बन्ध में अर्जित की गई उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया।

स्वास्थ्य एवं पोषण इन्डीकेटर की समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि पोर्टल पर फीडिंग के सम्बन्ध में आ रही तकनीकी खामियों को तत्काल दूर कराते हुए सभी कार्यक्रमों में फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाय। उन्होंने शत-प्रतिशत बच्चोां का एमसीपी कार्ड बनाये जाने का भी निर्देश दिया। प्रमुख सचिव ने कहा कि जनपद में अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूरी क्षमता के साथ संचालित कर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण कराएं तथा उन्हें अन्य अनुमन्य सुविधाएं भी प्रदान करें। प्रमुख सचिव ने शिक्षा, कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों को प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों का आहवान किया कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आकांक्षी जनपद बहराइच को सामान्य श्रेणी में लाने का प्रयास करें।

# जल जीवन मिशन परियोजनाओं का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद में जल जीवन मिशन की परियोजनाओं के निरीक्षण हेतु नियुक्त मुख्य नोडल अधिकारी रूपान्जलि कार्तिक ने जल शोधन संयंत्र एटा का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी ली, साथ ही यहां बन रहे कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन एमआईबीपीएस का निरीक्षण किया, उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना से एटा और फिरोजाबाद दोनों जनपदों को लाभ होगा, परंतु यहां के कार्य की गति अत्यंत धीमी है, इस कार्य को अक्टूबर तक पूर्ण होना था, परंतु अभी तक केवल 50 प्रतिशत कार्य हुआ है, इस पर नोडल महोदया ने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना में अतिरिक्त लेबर लगाकर कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करें, यह जल शोधन संयंत्र 456 एमएलडी का है, यहां पर बन रहे पंप हाउस का भी निरीक्षण उन्होंने किया, जहां केवल 20 प्रतिशत ही काम हुआ है, उन्होंने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् रामगढ़ उमरगढ़ स्थित 12700 के0एल0 क्षमता से युक्त जल जीवन मिशन फेस- 4 के अंतर्गत सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण नोडल महोदया द्वारा किया गया, यहां पर उन्होंने सी0डब्ल्यू0आर0 पंप हाउस क्लोरीनेटिंग रूम, सबस्टेशन बिल्डिंग इत्यादि का निरीक्षण किया, उन्हें बताया गया कि यह परियोजना 8 अप्रैल 2023 को शुरू हुई थी और 8 अप्रैल 2025 को समाप्त होनी थी, उन्होंने कहा परियोजना में अब विलंब क्षम्य नहीं होगा।

इसके बाद नोडल महोदय ने ग्राम इन्दरई विकास खण्ड हाथवंत जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन मैन इंटरमीडिएट बूस्टर पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया, उन्हें बताया गया कि यहां पर कार्य दो नग पैकेजों में स्वीकृत है, पैकेज-1 की स्वीकृति लागत रुपए 869.66 करोड़ है, जबकि पैकेज-2 की स्वीकृत लागत 1165.46 करोड़ है, इसके माध्यम से जनपद फिरोजाबाद एवं आगरा के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जाएगा, साथ ही उन्हें बताया गया कि फिरोजाबाद के कुल 1931000 जनसंख्या इससे लाभान्वित होगी। नोडल ने कहा कि इस परियोजना को ससमय पूरा करने के लिए लेबरों की संख्या बढ़ाए, साथ ही यह भी ध्यान रहे की कार्य की गुणवत्ता बनी रहे,अंत में नोडल आई0बी0पी0एस0 बालचंदपुर के निरीक्षण हेतु गई, जहां पर उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को निरीक्षण किया और संबंधितों को ससमय पूरा करने के निर्देश दिए, इस दौरान उनके साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, एक्स ई एन जल निगम आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता दिवस पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सलिल ने दिया पत्रकारों को तोहफा



### मेडिकल कालेज में ओपीडी काउंटर का वरिष्ठ पत्रकार मनोरम पांडेय एवं राजखन्ना ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पत्रकारिता दिवस पर स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना, मनोराम पाण्डेय, जगदीश सौरभ सहित दर्जनों की संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। वहीं मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ आर के मिश्रा, प्रोफेसर डॉ पायल सिंह ,डॉ स्वाति सिंह सहित कई डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ ने भी पत्रकारों को बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर हुई, तत्पश्चात प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव ने पत्रकार मनोराम पाण्डेय, राज खन्ना, जगदीश सौरभ को शाल व पौध देकर सम्मानित किए, इस दौरान पत्रकार मनोरम पाण्डेय ने आज की पत्रकारिता पर व्याख्यान करते हुए अपनी बात रखी, वही वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना ने आजादी के पहले से लेकर आज की पत्रकारिता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, पत्रकारिता के मशाल वाहक पंडित जुगल किशोर शुक्ल के द्वारा प्रसारित किए गए मार्तण्ड साप्ताहिक समाचार पत्र के बारे में विस्तार से जानकारी लोगो के बीच साझा किए, वही मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर ने मेडिकल कॉलेज में दी जा रही सुविधा जैसे मानव संसाधन, ऑनलाइन अवसंरचना, 24 सेवाएं, निदान और रोगी देखभाल सेवाएं, डायलिसिस सेवाएं, एक्सरे, सी टी स्कैन, आधुनिक लॉन्ड्री प्रणाली, ऑपरेशन थियेटर, आपातकालीन सेवाएं, ब्लड बैंक, रोगी उपचार, नर्सिंग कॉलेज निर्माण, पैथोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी, आई सी यू सहित MBBS छात्रों द्वारा गांव के 400 परिवारों गोद लेने जैसे तमाम चीजों की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में मेडिकल कॉलेज में मान्यता प्राप्त पत्रकारों, दिव्यांगजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के लिए अलग से काउंटर खोला गया जिसका उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय एवं राजखन्ना द्वारा किया गया। वही प्राचार्य सलिल श्रीवास्तव ने पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को बधाई दी और कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

# प्रेस क्लब भवन की भी मांग उठी




अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उपजा प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में पत्रकारो साहित्यकारों ने वर्तमान में मीडिया की स्वतंत्रता पर चिंता व्यक्त करते हुए उसे लोकतंत्र के लिए घातक वताया गया। संगोष्ठी में पत्रकारों की मूलभूत समस्याओं और प्रेस क्लव भवन के निर्माण की भी आवाज उठाई गई। वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप चंद जैन एडवोकेट ने कहां कि हिंदी पत्रकारिता अपने स्वर्णिम इतिहास की ओर है वर्तमान समय में पत्रकारिता का व्यवसायीकरण हुआ है किंतु मीडिया के प्रबंधन द्वारा सहयोगी पत्रकारों की प्रति शोषण की जो नीति है वह उचित नहीं है। प्रबंधन और सरकार को पत्रकारों की मूलभूत सुविधाओं पर विचार करना चाहिए सरकार द्वारा पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड औरआवासीय सुविधा के साथ-साथ पेंशन व्यवस्था भी लागू किए जाने चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष उपजा प्रेस कलव के प्रदेश अध्यक्ष द्विजेन्द्र मोहन शर्मा ने उद्बोधन में कहा कि सच्ची पत्रकारिता सकारात्मक सोच और राष्ट्र धर्म को समर्पित होती है हमें फेक न्यूज़ से बचना चाहिए। पत्रकार को समाज का दर्पण कहा जाता है सकारात्मक सोच के साथ हमें अपने मीडिया धर्म का पालन करना चाहिए सही और निष्पक्ष बात को समाज के सामने लाए। आज के दिन हमें अपने पत्रकारिता जगत के पितामह डॉक्टर गणेश शंकर विद्यार्थी और दादा बनारसी दास चतुर्वेदी आदि अपने अग्रज पत्रकारों का स्मरण कर उनके मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

# शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए और वित्त लेखाधिकारी से की मुलाकात

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष मालती सिंह के नेतृत्व में विकास क्षेत्र लंभुआ, जयसिंहपुर, बल्दीराय, कुड़वार और कूरेभार के पदाधिकारियों का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता और वित्त एवं लेखाधिकारी अमित मोहन मिश्रा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं और मांगों को लेकर नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए बताया कि चयन वेतनमान के संबंध में शीघ्र ही उच्चाधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बीएसए ने आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं को लेकर बताया कि इस प्रक्रिया को सरल और सहज बनाने के लिए वह मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की बैठक में प्रस्ताव रखकर समाधान की दिशा में पहल करेंगे। शिक्षक/शिक्षामित्रों के पेंशन विकल्प पत्रों के संबंध में बीएसए ने भरोसा दिलाया कि उच्चाधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। शिक्षकों के सत्यापन संबंधी प्रक्रिया भी सतत जारी है और इस संबंध में पत्राचार किया जा रहा है। एफएलएन (स्नस्ह) प्रशिक्षण के मुद्दे पर उन्होंने बताया कि बजट आवंटन होते ही कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। वहीं प्रोन्नत वेतनमान के मामले में बताया गया कि ब्लॉक स्तर पर कार्यवाहियां लंबित हैं, जिन्हें मंगवाकर आगे की प्रक्रिया जल्द सुनिश्चित की जाएगी। वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अमित मोहन मिश्रा ने अवगत कराया कि 48 जीपीएफ पत्रावलियां अग्रिम भुगतान के लिए भेजी जा चुकी हैं। पेंशन पत्रावलियों में अपर निदेशक कार्यालय द्वारा की गई आपत्तियों को संबंधित बीआरसी पर संशोधन हेतु भेजा गया है और संशोधित पत्रावलियां प्राप्त होते ही पुनः अग्रिम कार्रवाई हेतु भेजी जाएंगी। एनपीएस फाइलों का संशोधन कार्य पूर्ण कर लिया गया है और नई पत्रावलियां भी शीघ्र प्रान आवंटन हेतु भेजी जाएंगी। इसके अतिरिक्त नोशनल वेतन वृद्धि से संबंधित पत्रावलियों का निस्तारण भी शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में लंभुआ अध्यक्ष रणवीर सिंह, कुड़वार अध्यक्ष के.के. सिंह, जयसिंहपुर अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह, बल्दीराय अध्यक्ष वेद प्रताप सिंह, कूरेभार अध्यक्ष अरुण वर्मा, मंत्री वैभव भटनागर, मंत्री जयसिंहपुर शिव नारायण वर्मा, महताब हुसैन, धनंजय, सनत कुमार, आयुष सहित अनेक शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गुरु अर्जुन देव की सबसे बड़ी देन श्री गुरुग्रंथ साहिब की संपादना हैं: तरनपाल

- गुरुद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब में अखंड पाठ का हुआ आयोजन

वहाज अली निहाल



**इटावा।** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव साहिब के शहीदी दिवस पर गुरुतेग बहादुर साहिब में अखंडपाठ व शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें मानवता के लिए महान शहीदी देने वाले गुरु से प्रेरणा लेने का सभी से आग्रह किया।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालड़ा ने अपने संबोधन में बताया कि गुरु अर्जुन देव की सबसे बड़ी देन श्री गुरुग्रंथ साहिब की संपादना हैं। अमृतसर में हरिमंदर साहिब (स्वर्ण मंदिर)का निर्माण करके गुरुग्रंथ साहिब को विराजमान कर दिया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव मानवता के कल्याण व धर्म की रक्षा के लिए निरंतर कार्यरत रहे हैं। गुरु ने ऊंच नींच का भेदभाव कभी भी नहीं माना। मानवता के लिये महान शहीदी देते हुए समाज को ठंडक प्रदान करने वाले गुरु से लोगों ने सेवा व त्याग की प्रेरणा ली। उन्होंने अपनी शहादत के समय कहा कि तेरा कीया मीठा लागे, हरिनाम पदारथ नानक मांगे। अर्थात् तेरी रजा में ही मैं राज़ी। सन 1606 में वह मानवता के लिए अपनी शहादत दे गए। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी द्वारा मानवता व धर्म की रक्षा के लिए दी गई शहादत युग युगांतर तक चिरस्मरणीय रहेगी, भक्ति और शक्ति एवं मीरी और पीरी का संकल्प इसी शहादत की उपज थी। गुरु अर्जुन देव की शहीदी सिख धर्म की स्थापना में महत्वपूर्ण शहीदी थी। यह दिन गुरु अर्जन देव जी के बलिदान और धर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करने और मनाने का दिन है। यह शहादत सिख धर्म के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है और यह गुरु अर्जन देव जी के साहस और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरदीप सिंह व किशन सिंह व स्त्री सत्संग की अगुवाई में 40 दिन से चल रहे सुखमनी साहिब के पाठ की लड़ी का समापन किया गया। गुरुद्वारे में बच्चों ने सामूहिक सबद गाकर सभी का दिल जीता। महिला श्रद्धालओं ने कविताएं व सबद सुनाकर शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गुरुद्वारे के गेट पर राहगीरों को काले चने का प्रसाद व ठंडी लस्सी के रूप में प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर मनदीप सिंह कालड़ा, चरणजीत सिंह, राजा साहनी खजांची व रिंकू मोगा राजू गुलाटी ने भी गुरु अर्जुन देव की शहादत पर सभी संगत की सेवा और व्यवस्था संचालन और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निरंतर सेवा की। इस अवसर पर चालीस दिन से सुखमनी साहिब के पाठ यज्ञ में सिख संगत, सिंधी समाज संगत व पंजाबी समाज संगत ने हर दिन सुबह समाप्ति के बाद प्रसाद लस्सी की छबील लगाकर सभी के साथ मिलकर सेवा करके गुरु अर्जन देव जी की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया।

## एनटीपीसी सिंगरौली के जेम - 2025 की बालिकाओं को मिला आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा आयोजित बालिका सशक्तीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय कर्मचारी विकास केंद्र में सीआईएसएफ़ शक्तिनगर की महिला बल द्वारा जेम-2025 की बालिकाओं हेतु आत्म-सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी आत्म-रक्षा क्षमता को बढ़ाना एवं उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना था। इस शिविर में सीआईएसएफ़ की महिला बल द्वारा आत्म-रक्षा के विभिन्न उपायों को नाट्य प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिससे बालिकाओं को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों को समझने और अपनाने में आसानी हो। इस प्रशिक्षण शिविर में सीआईएसएफ की रेम्या कृष्णा टीपी (लेडी सब इंस्पेक्टर), पिंकी यादव (लेडी हेड कांस्टेबल), प्रीति तिग्गा (लेडी हेड कांस्टेबल), बिन्दु कुमारी, (लेडी कांस्टेबल), व सुनीता होरो (लेडी कांस्टेबल) ने बालिकाओं को आत्म-सुरक्षा के आधुनिक तकनीक, सतर्कता बनाए रखने के उपाय, योग, व्यायाम तथा विभिन्न केस स्टडीज़ के माध्यम से बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए।

# जलभराव की गम्भीर समस्या से जूझ रहे ऋषि पुरम, टीचर्स कॉलोनी के बाशिंदे

- कॉलोनी के मकान पानी से घिरे, हादसे की आशंका
- डीएम को प्रार्थना पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** अड्डा ऊसरा रोड स्थित ऋषि पुरम कॉलोनी, टीचर्स कॉलोनी एवं बुद्ध बिहार कालोनी में जल भराव की समस्या एवं नाले के अधूरे पड़े कार्य को पूर्ण कराए जाने में मांग को लेकर मोहल्ले वासियों ने जिलाधिकाआरी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में मोहल्ले वासियों ने उल्लेख किया है कि ऋषिपुरम कॉलोनी एवं टीचर्स कॉलोनी ऊसरा अड्डा रोड पर ऊसरा अड्डा, तुलसी अड्?डा और नई बस्ती तीनों गांवों का पानी एकत्रित हो रहा है पानी की जल निकासी का कोई साधन नहीं है। पूर्व में भी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को प्रार्थना पत्र भेजे थे तब ऊसरा अड्डा से सेवा हॉस्पिटल अजीतनगर तक नाला निर्माण के लिए लगभग 1, 25, 00000 रुपए धनराशि आवंटित हुई थी, तीन वर्ष पूर्ण होने के बाद भी अभी तक नाला निर्माण का कार्य पूरा नहीं किया गया है। ऊसरा अड्डा रोड से हाइवे तक नाला का निर्माण हुआ है और अजय सीमेंट की दुकान से मोहल्ला अजीत नगर में अतीश किराना वाले की दुकान तक नाला पर कार्य हुआ उसके बाद बंद कर दिया गया केवल 150 मीटर लगभग की दूरी शेष है जिसका अभी भी कार्य पूरा नहीं किया गया, वर्तमान में इतनी भयानक गर्मी के बाद भी चारों तरफ जल भराव है दोनों कॉलोनी के मकान 2 से 3 फीट पानी से घिरे हुए है लगातार पानी भरे रहने से मकान बहुल कमजोर हो गए कोई बड़ा हादसा हो सकता है। मोहल्ले वासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि वह स्वय आकर मौके का निरीक्षण करें बरसात आने पर सभी घरों में पानी भर जाएगा और लोग बाहर निकलने को मजबूर हो जाएंगे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा बच्चों की पढ़ाई बंद हो जाएगी। सरकार ?द्वारा आवंटित धनराशि का नगर पालिका परिषद इटावा की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। तीन वर्षो के बाद भी अभी तक नाला निर्माण का पूर्ण नहीं हो पा रहा है इसकी भी जांच कराई जाए और ऊसरा अड्डा से सेवा हॉस्पिटल अजीत नगर तक का कार्य पूर्ण कराने की व्यवस्था की जाए। प्रार्थना पत्र देने वालों में राम कृपाल शर्मा संघ कार्यकर्ता, रामा देवी शर्मा, कुंवर सिंह, तारा चन्द्र, ओम प्रकाश, शिवा कुशवाहा, प्रेम सिंह, जगदीश प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, जहीर अहमद, सुरेश चंद्र, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, अनार सिंह कठेरिया, कल्याण सिंह, रवि शाक्य, वरुण कुशवाहा, नागेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र, मुलु कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, मनोज कुमार, अमित कुमार आदि प्रमुख हैं।

# प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विगत गुरुवार को एनसीएल मुख्यालय में गृहणियों हेतु प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय अस्पताल सिंगरौली से चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित प्रतिभागियों को सीपीआर (हृदय पुनर्जीवन), सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा, सांप के काटने पर उपचार, जलने और चोटों का उपचार, रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान 37 गृहणियों ने प्राथमिक उपचार चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान सीएमएस, केंद्रीय चिकित्सालय सिंगरौली, डॉ. मंजरी मेहता एवं टीम, एनसीएल मुख्यालय से अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण, अध्यक्षा, कृति महिला मंडल, बी. के. दुर्गा, परीमीता पति, उपाध्यक्षा, नम्रता कुमार, संगीता नारायण, वीणा सिंह एवं अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। ग़ौरतलब है कि एनसीएल द्वारा विगत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी थी। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चरणबद्ध तरीके से आयोजन किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनसुनवाई में सुनीं 88 शिकायतें

- त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर आम नागरिकों की शिकायतों को सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए कड़े निर्देश दिए।जनसुनवाई में कुल 88 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों (एसडीएम), खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की। इस बैठक में जूम एप के माध्यम से अधिकारियों को शिकायतों के तत्काल निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी एसडीएम, बीडीओ और अन्य अधिकारी अपने कार्यालयों में नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित करें और जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने की सख्त हिदायत दी। साथ ही, जनसुनवाई, एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) और अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने और समयबद्ध आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा, ÷जन समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें और शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

## महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का हुआ आयोजन

**सोनभद्र/चोपन।** आदर्श नगर पंचायत चोपन द्वारा शुक्रवार को पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत एक भव्य महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन नगर पंचायत के मैरेज हॉल में किया गया। इस आयोजन में नगर की बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली रहे । सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, आत्मबल, सामाजिक सहभागिता एवं अधिकारों जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के प्रेरणादायक जीवन, उनके सामाजिक योगदान और नेतृत्व क्षमता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित महिलाओं को जागरूक एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नगर पंचायत के सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

### अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** लोक माता अहिल्याबाई होलकर ने देश और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने राज्य की सीमा से परे जाकर कार्य किया वह सनातन धर्म के लिए वंदनीय है उक्त उदगार सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी एडवोकेट ने कचहरी परिसर में लोक माता अहिल्याबाई की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। सेवाश्रम कार्यकर्ताओं ने अहिल्या बाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट ने किया कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर प्रमुख रूप से रत्नेश वर्मा एडवोकेट, जगत नारायण यादव एडवोकेट, शैलेन्द वर्मा एडवोकेट, विपिन राठौर एडवोकेट, संतोष तिवारी एडवोकेट, सुनील यादव एडवोकेट, कुश राजपूत एडवोकेट, विवेक राजपूत एडवोकेट, मोनिका अग्निहोत्री, माला देवी, सुमन सविता, प्रवेश शर्मा, पवन जैन, मलखान सिंह यादव, बंटी, संजीव शर्मा, सरमन शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में नीलकंठ क्लब बना विजेता



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** लालपुरा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच नीलकंठ क्लब व बस स्टैंड क्लब के बीच खेला गया। नीलकंठ परिसर में चल रहे टूर्नामेंट के संयोजक राजा यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। टॉस जीतकर बस स्टैंड क्लब ने बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित ओवरों में 82 रन बनाए। जवाब में नीलकंठ टीम ने एक ओवर पहले ही मैच जीत लिया। मैच का उद्घाटन सभासद प्रतिनिधि अरविंद यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने टीम के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल भावना के जरिए हम आपस में संगठित रह सकते हैं। साथ ही इससे हमारे शारीरिक व मानसिक विकास पर भी गहरा असर पड़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मैच का शुभारंभ कराया। इस मौके पर सनी यादव, दीपू यादव, ऋषभ, आकाश यादव, छुन्ना, विपिन सविता, शिवम यादव, छोटू यादव, महेंद्र यादव, धर्मेंद्र, सौरभ, देव यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री ने ओबरा सी0 ताप विद्युत परियोजना की यूनिट नम्बर-1 का किये वर्चुअल लोकार्पण

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कानपुर में 47,573 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 15 मेगा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद सोनभद्र के गॉधी मैदान ओबरा तापीय परियोजना में दिखाया गया, सजीव प्रसारण के दौरान संजीव गोंड माव राज्य मंत्री, बद्री नाथ सिंह जिलाधिकारी, सहदेव मिश्र अपर जिलाधिकारी, त्रिभुवन नाथ तिवारी अपर पुलिस अधीक्षक, नन्द लाल जिलाध्यक्ष भाजपा, अश्विनी कुमार त्रिपाठी निदेशक तकनीकी यूनिली, आर के अग्रवाल मुख्य महाप्रबंधक, एस एन मिश्र महाप्रबंधक (प्रशासन), वाई के गुप्ता महाप्रबंधक (कोयला संचालन), राज कुमार महाप्रबंधक, एस के सिंघल महाप्रबंधक, दिवाकर स्वरूप महाप्रबंधक, ए0के0 राय अधीक्षण अभियंता, मणि शंकर राय अधीक्षण अभियंता (मुख्यालय), सदानंद यादव अधिशासी अभियंता (जानपद), विवेक सिंह उप जिलाधिकारी, हर्ष पांडेय क्षेत्राधिकारी, व भारी संख्या में जनमानसगण उपस्थित रहें। गॉधी मैदान ओबरा तापीय परियोजना में सजीव प्रसारण के इस भव्य आयोजन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कानपुर शहर को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गयी। गॉधी मैदान ओबरा तापीय परियोजना में आयोजित प्रधानमंत्री के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री, समाज कल्याण विभाग संजीव गोंड ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में देश विकास पथ की ओर अग्रसर हो रहा है, आज ओबरा तापीय परियोजना सी0 6502 करोड़ रूपये की लागत से तैयार है, का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुवल माध्यम से किया गया, जिससे देश व प्रदेश के लोगों को विद्युत आपूर्ति और बेहतर ढंग से उपलब्ध होने के साथ ही उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे देश विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहा है, उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में 18 घण्टे, तहसील क्षेत्र में 20 घण्टे तथा मुख्यालय स्तर पर 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही है। देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज के अंतिम पायदान पर खड़ें व्यक्तियों को मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक आर0के0 अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन सिर्फ ओबरा या उत्तर प्रदेश के लिए नहीं, बल्कि पूरे भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्मशताब्दी का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/चुर्क।** आज चुर्क मंडल में चुर्क नगर पंचायत कार्यालय परिषद में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयन्ती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन जयंती वर्ष पर संगोष्ठी संपन्न हुआ। रानी अहिल्याबाई होल्कर के तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ 300 वी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीत सिंह खरवार राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भाजपा उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश उपस्थित थे।मुख्य अतिथि ने कहा कि अहिल्याबाई मराठा समाज की प्रति होलकर वंश की एक महान शासिका थी। उनके पिता मानकोजी शिंदे एक मामूली किसान थे । लेकिन उन्होंने अपनी बेटी को शिक्षा और संस्कार दिए जिससे अहिल्याबाई नारी शक्ति धर्म और नेतृत्व की अद्भुत क्षमता विकसित हुई। 1767 में मल्हार राव होल्कर की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई ने होलकर समाज की पूरी बागडोर अपने हाथों में ले ली अपने शासनकाल के दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर आदित्य प्रशासनिक कुशलता का प्रदर्शन किया। धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण जीर्णोधार किया, इनमें काशी विश्वनाथ मंदिर कालेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, जैसे प्रमुख मंदिर शामिल है। होल्कर का शासन 28 साल तक चला या शांति और समृद्धि के लिए जाना जाता है मुख्य अतिथि का स्वागत मंडल अध्यक्ष दिलीप चौबे ने किया उन्होंने अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में कहा माता अहिल्याबाई का मानना था कि मंदिर में केवल पूजा के स्थान है बल्कि वह आत्मिक शांति, सामाजिक एकता और नैतिक मार्गदर्शन का स्रोत भी होते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर से मनुष्य को धर्म से दूर रहकर धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। मंदिर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज है उनके द्वारा किए गए इन पूर्ण पुनर्निर्माण ने मंदिर को एक बार फिर से उसकी महिमा और पवित्र प्रदान की है मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार ने सफाई कर्मियों का सम्मान किया तथा आज पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकारों को गमछा देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा यादव ने कहा कि अहिल्याबाई स्वयं में नारी सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल थी जिन्होंने समाज एवं मानवता के विकास से विभिन्न रचनात्मक कार्य की तथा माता अहिल्याबाई ने अपनी राजधानी महेश्वर कोई धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया। महेश्वर में हर समय पूजा पाठ कीर्तन हवन आदि अखंड रूप से चलता रहता है।

## एनटीपीसी विन्ध्याचल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली बड़ी कामयाबी

# जीता 'इंटरनेशनल सेफ्टी अवॉर्ड 2025'

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी का विन्ध्याचल ताप विद्युत संयंत्र एक बार फिर सुर्खियों में है। संयंत्र को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल द्वारा 'इंटरनेशनल सेफ्टी अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कार्यस्थल पर उत्कृष्ट सुरक्षा मानकों, स्वास्थ्य प्रबंधन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए दिया जाता है।

यह वैश्विक मान्यता संयंत्र के कर्मचारियों, ठेकेदारों, विक्रेताओं और अन्य हितधारकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने मिलकर एक सुरक्षित और सतत कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दिया। संयंत्र की सुरक्षा टीम द्वारा लागू की गई आधुनिक तकनीकें, नियमित प्रशिक्षण और सतर्कता ने इसे इस मुकाम तक पहुँचाया है।

पंकज कुमार जेठा (अपर महाप्रबंधक, एमएम-ऑफसाइट) और आशीष अग्रवाल (अपर महाप्रबंधक, सुरक्षा) ने लंदन में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान दर्शाता है कि एनटीपीसी विन्ध्याचल न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करता है।

एनटीपीसी का यह उपलब्धि उसकी उस प्रतिबद्धता को और सशक्त करती है, जिसके तहत वह एक सुरक्षित, स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## राजमाता अहिल्या बाई होलकर जी की 300 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**सोनभद्र/ओबरा, अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी ओबरा मण्डल के मण्डल अध्यक्ष शिव नाथ जायसवाल की अध्यक्षता और ओबरा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जासवाल एवं नगर पंचायत प्रतिनिधि श्रवण पासवान के संरक्षण में नगर पंचायत के प्रांगण में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन के तहत् महान वीरांगना मालवा साम्राज्य की राजमाता अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती का कार्यक्रम आयोजित की गई । जिसके मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ अहिल्या बाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया ।तत्पश्चात ओबरा नगर पंचायत प्रतिनिधि श्रवण कुमार पासवान ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका सुनीता पाण्डेय ने अहिल्या बाई के जीवन वृतांत का वर्णन करते हुए उनकी शासन व्यवस्था, सामाजिक लोक प्रियता,न्याय प्रियता, दण्ड संहिता आदि पर प्रकाश डाला।इसी क्रम में सभी वक्ताओं ने अपने शब्दों में उनके जीवन पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि ने बताया कि अहिल्या बाई होलकर को उनकी दूरदर्शिता,साहस,और प्रशासनिक कुशलता के लिए याद किया जाता है. उन्हें एक महान शासिका और समाज सुधारक के रूप में भी जाना जाता है।

# पत्रकारिता की आत्मा निषपक्ष, यह हमेशा परिवर्तन की पैरोकार

- पत्रकारिता दायित्वों की कसौटी विषय पर आयोजित हुई गोष्ठी
- सत्ता व पत्रकारिता के बीच सदैव छत्तीस का रहा है आंकड़ा

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शुक्रवार को राबर्ट्सगंज स्थित एक होटल सभागार में पत्रकारिता दायित्वों की कसौटी विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के बैनर तले आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर ने किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की आत्मा निष्पक्षता है। सत्ता और पत्रकारिता के बीच सदैव छत्तीस का आंकड़ा रहता है। सत्ता यथास्थिति चाहती है तो पत्रकारिता परिवर्तन की पैरोकार है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र नीरव, रामनाथ शिवेंद्र, विमल जालान, रविंद्र केशरी, आदि वक्ताओं ने पत्रकारिता के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारिता कर्म में आने वाली विसंगतियों को रोचक ढंग से रेखांकित किया। कहा गया वैश्विक परिदृश्य में सोनभद्र जिला नहीं एक समग्र देश के रूप में परिलक्षित हो रहा है। सच, निष्पक्षता, विश्वसनीयता, देश हित और जन हित में पत्रकारिता के दायित्व निर्वहन की आवश्यकता समझाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन से किया गया। कवि प्रद्युम्न त्रिपाठी के वाणी वंदना और श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष ब्रजेश कुमार शुक्ल के स्वागत भाषण से हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह का शुभारंभ हुआ। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों, साहित्यकारों को अंगवस्त्र, डायरी, कलम और माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर राम प्रसाद यादव, अरविंद तिवारी, मनीष जायसवाल, जलाल हैदर, चंद्रकांत पांडेय, रामप्रसाद यादव, गिरीश पांडेय, पीयूष तिवारी, बृजेश पाठक, मुनिमहेश शुक्ल, शशि कांत चौबे, कौशलेंद्र पांडेय, अमित मिश्रा,दीपक शुक्ला, मुहम्मद इमरान बख्शी,नीरज शुक्ला, प्रमोद चौबे आदि रहे।

# अब सेमेस्टर आधारित होगी छात्रवृत्ति

- फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश, जानें कैसे और कब कर सकते हैं आवेदन
- छात्रवृत्ति के लिए बनेगा नया अत्याधुनिक पोर्टल



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में अब छात्रवृत्ति वार्षिक नहीं, बल्कि सेमेस्टर आधारित होगी। इसके लिए -पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एक समान नीति और प्रक्रिया तय करेंगे। साथ ही, तकनीकी बदलाव करके आवेदन सालभर में कभी भी करने की सुविधा दी जाएगी। छात्रों की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए फेस रिकॉग्निशन आधारित प्रणाली भी लागू की जाएगी, जिससे फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रवृत्ति योजनाओं को लेकर आए दिन आ रही शिकायतों और कईयों के वंचित रह जाने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी, सरल और सुलभ नई कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग को छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं का नोडल विभाग बनाया गया है। इसके अंतर्गत अल्पसंख्यक कल्याण और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर साझा पोर्टल तैयार किया जाएगा, जो वर्षभर खुला रहेगा। इससे अब छात्रों को सीमित समयावधि की चिंता नहीं होगी और वे सालभर में किसी भी समय आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

इसके तहत अब छात्रवृत्ति वार्षिक नहीं, बल्कि सेमेस्टर आधारित होगी, जिससे छात्रों को समय पर सहायता मिल सकेगी। तकनीकी बाधाओं के कारण यदि किसी पात्र छात्र की छात्रवृत्ति रुकती है, तो उसे इसका समाधान करने का अवसर भी मिलेगा। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि तकनीकी कारणों से कोई भी छात्र वंचित नहीं रहेगा।

योगी सरकार छात्रवृत्ति प्रणाली को तकनीकी रूप से उन्नत करने के लिए एक अत्याधुनिक पोर्टल विकसित करने जा रही है। इसमें मोबाइल ऐप, रियल टाइम नोटिफिकेशन, और दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच जैसी सुविधाएं रहेंगी। छात्रों की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए फेस रिकॉग्निशन आधारित प्रणाली भी लागू की जाएगी, जिससे फर्जीवाड़े पर पूर्ण रोक लगेगी।

### तीनों विभाग मिलकर करेंगे चुनौतियों का समाधान

समाज कल्याण विभाग ने नई छात्रवृत्ति प्रणाली के लिए पहले ही 6 सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया था, जिसने हाल ही में तीनों विभाग (समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण) की साझा बैठक में अपने सुझाव दिए, जिस पर अमल करने के लिए साझा सहमति बन गई है। अब विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बदलावों को धरातल पर उतारा जाएगा। साथ ही, टीम द्वारा तीनों विभागों के निदेशकों की एक संयुक्त टीम बनाने का भी प्रस्ताव दिया गया, जिसके माध्यम से रुकावटों की पहचान कर समाधान तैयार किया जाएगा।

### छात्रवृत्ति के माध्यम से सामाजिक न्याय को नई दिशा देगी योगी सरकार

योगी सरकार के इस पहल का उद्देश्य हर वर्ग के छात्र तक बिना भेदभाव छात्रवृत्ति पहुंचाना और उन्हें शिक्षा की राह में आर्थिक चिंता से मुक्त करना है। सरकार की यह नीति सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को साकार करती है। छात्रों और अभिभावकों के लिए यह एक सकारात्मक संकेत है कि छात्रवृत्ति अब न केवल तकनीकी रूप से अधिक सरल और सुरक्षित होगी, बल्कि समयबद्ध भी होगी। इस कदम से लाखों विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे राज्य की शिक्षा और सामाजिक न्याय व्यवस्था को भी नई दिशा मिलेगी।

# 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को ढैंचा बीज दे रही सरकार

- किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने पर है फोकस
- प्रदेश के सभी जिलों के राजकीय कृषि बीज भण्डार पर अब तक कराई जा चुकी है 11656 कुन्तल बीज की आपूर्ति



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मृदा में जीवांश कार्बन एवं जैविक पदार्थ की वृद्धि तथा मृदा की उर्वरता बढ़ाने हेतु कृषि विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर वर्ष 2025-26 सामान्य वितरण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम अन्तर्गत ढैंचा बीज के वितरण करने की कार्य-योजना बनाई गई है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रदेश के समस्त जिलों के राजकीय कृषि बीज भण्डार पर अब तक 11656 कुन्तल बीज की आपूर्ति कराई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मृदा में घटते कार्बनिक पदार्थ की मात्रा, कम वर्षा के कारण मृदा में बढ़ती लवणता /क्षारीयता, भूमि में घटती जीवांश तत्वों की मात्रा की प्रतिपूर्ति हेतु ढैंचा की हरी खाद के रूप में प्रयोग इन समस्याओं को दूर करने हेतु रामबाण के रूप में कारगर है। जिप्सम द्वारा ऊसर सुधार के बाद पहली एवं दूसरी फसल के रूप में धान एवं गेहूं की खेती करते हैं। जायद में तीसरी फसल के रूप में यदि इन खेतों में हरी खाद के लिए ढैंचा की बुवाई कर ली जाय तो ऊसर सुधार में स्थायी सफलता मिलती है। ढैंचा की फसल से गर्मियों में भूमि आच्छादित रहती है, जिससे ऊसर भूमि में नमक सतह पर नही आ पाता और भूमि सुधार में मदद मिलती है। ढैंचा की जड़ों के गाठों में पाया जाने वाला राइजोबियम बैक्टीरिया वायुमण्डल से भूमि में 70-80 किग्रा0 नाइट्रोजन/हे0 स्थिर करता है। ढैंचा के सड़ने के बाद भूमि में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा में वृद्धि होती है।शाही ने कहा कि सामान्य खेत के लिए 40 किग्रा/हे0 बीज की आवश्यकता होती है, जबकि सुधारे गये ऊसर क्षेत्र में बीज की मात्रा 60 किग्रा0/हे0 कर लेनी चाहिए, क्योंकि ऊसरीली भूमि में जमाव प्रभावित होता है। अच्छे अंकुरण के लिए बीज को रातभर पानी में भिगोकर प्रातःकाल अतिरिक्त पानी निकालकर बोना चाहिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि हरी खाद के लिए ढैंचा की बुवाई के उपरान्त 40-45 दिन बाद खड़ी फसल को मिट्टी पलट हल से पलटाई कर देनी चाहिए। बुवाई के बाद ढ़ैचा की पलटाई गहरी पैन वाली मिट्टी पलट हल से पलटाई करनी चाहिए, क्योंकि ढैंचा की जड़े काफी गहरी होती हैं, इससे मिट्टी की उपरी सख्त परत टूट भी जाती है एवं भूमि में सुधार के साथ-साथ जीवांश में वृद्धि होती है।

# नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण 10 जून तक

- डीएम द्वारा भौतिक सत्यापन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएँगे



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह जून, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण मई, 2025 में दिनांक 30.05.2025 से 10.06.2025 के मध्य किया जाएगा। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह जून, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण कराया जाना है। आयुक्त भूपेंद्र एस0 चौधरी ने सभी जिलाधिकारी, सम्भागीय खाद्य नियंत्रक तथा जिला पूर्ति अधिकारियों को आवश्यक वस्तुओं के उठान एवं वितरण हेतु दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक उचित दर दुकान पर गेहूँ व चावल के भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। उचित दर दुकान पर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन उपजिलाधिकारी द्वारा, उक्त नोडल अधिकारी के माध्यम से, वितरण आरंभ होने के पूर्व सुनिश्चित कराया जाएगा, इसके लिए उपजिलाधिकारी उत्तरदायी होंगे। खाद्यान्न, यथा-गेहूँ व चावल, के उचित दर दुकान पर पहुँचने की सूचना नोडल अधिकारी को ऑटो-जनरेटेड एसएमएस के माध्यम से खाद्यान्न प्रेषण के समय दी जाएगी जिससे गेहूँ व चावल के भौतिक सत्यापन व वितरण हेतु नोडल अधिकारी की उपस्थिति समय से सुनिश्चित हो सके।नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर प्राप्त उपरोक्तानुसार आवश्यक वस्तुओं की आवंटित मात्रा के अनुरूप सम्पूर्ण मात्रा का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को तत्काल प्रस्तुत की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा सत्यापन आख्या सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों से संकलित कर, संकलित आख्या जिलाधिकारी को समय से प्रस्तुत की जाएगी तथा इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार के विचलन और अनियमितता को जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत आवश्यक वस्तुओं का वितरण दिनांक 30.05.2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 10.06.2025 तक संपन्न होगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्डों पर प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

# लोकतंत्र में निष्पक्ष पत्रकारिता का चौथा स्तम्भ परम आवश्यक : मंत्री रजनी तिवारी

- देश-समाज को जब-जब दशा-दिशा की जरूरत आई, तब-तब पत्रकारिता ने राह दिखाई
- हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर एनयूजे (आई), उत्तर प्रदेश के कार्यक्रम में बोलीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकतंत्र में निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता का चौथा स्तम्भ के रूप में बने रहना परम आवश्यक है। देश और समाज को जब-जब दशा-दिशा दिए जाने की जरूरत आई, तब-तब पत्रकारिता ने सकारात्मक भूमिका निभाई। यह बात उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने शुक्रवार को होटल दीप पैलेस में 'हिन्दी पत्रकारिता दिवस-2025' के अवसर पर आयोजित 'एनयूजे (आई) सम्मान समारोह' एवं 'कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में पत्रकारिता' विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कही। राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि परतंत्र भारत में पत्रकारिता ने न केवल स्वतंत्रता के मतवालों को प्रेरित किया, बल्कि स्वयं सक्रिय सहभागिता निभाकर आज़ादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी पत्रकारों ने समय-समय पर देश और समाज की आवश्यकता के अनुरूप सही दिशा दी। आपातकाल के समय जब अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाने की कोशिश हुई, तब पत्रकारिता ने सत्ता के दर्पण को निडरता से दिखाया। वहीं, जब सरकारों ने अच्छा काम किया, तब पत्रकारों ने ईमानदारी से उसका समर्थन भी किया। सेना के शौर्य की गाथा हो या समाज में सकारात्मक बदलाव की बात, पत्रकारिता ने हर मोर्चे पर महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## राजेश वर्मा ने जनसुनवाई कर समस्याओं का किया निस्तारण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने तृतीय तल, इन्दिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त शिकायतों और पत्रावलियों पर जनसुनवाई कर समस्याओं का निस्तारण किया। इस दौरान राकेश कुमार बनाम प्रमुख सचिव, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग एवं राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के प्रकरण में निर्देशों के उपरान्त 889657 रूपए की ग्रेच्युटी एवं नकदीकरण का शेष भुगतान कर दिया गया। सुधाकर सिंह बनाम पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी /बन्दोबस्त अधिकारी बाराबंकी के मामले में जमीन पर फर्जी सुलहनामा तैयार करने की शिकायत की गई। पुलिस विभाग ने बताया कि दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच महानगर लखनऊ स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला में करायी जा रही है।

# अलीगंज में रोजगार मेला आज



- 9 कंपनियाँ 18-30 वर्ष के युवाओं को 12,000-28,175 रुपये वेतन पर नौकरी देंगी
- देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती का कार्यक्रम भी होगा।

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में 31 मई 2025 को मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा द्वारा प्रातः 10 बजे किया जायेगा। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में 9 कम्पनियों दृ टाटा मोटर्स (लखनऊ एवं पंतनगर), वी. विन लिमिटेड, सुनलॉन इनेर्जी लिमिटेड, सास्व प्रा.लि., मिन्डा लि., वेलराइज इंजीनियर्स प्रा.लि., जे.एन.एस.इन्स्ट्र. प्रा.लि., एजिस फिडरेल लाइफ इन्स्योरेंस एवं अडाज वे. प्रा.लि. में 18 से 30 वर्ष तक के अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किये जाएंगे। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि शैक्षिक योग्यता 10वीं से स्नातक तक मान्य होगी और वेतनमान 12,000 रुपये से 28,175 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। सभी अभ्यर्थियों को अपने समस्त दस्तावेज, रिज्यूम आदि के साथ 31 मई को प्रातः 10 बजे उपस्थित होने की अपील की गई है। इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयन्ती पर उनके जीवन पर प्रकाश डालने हेतु एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसका उद्घाटन एवं मुख्य अतिथि विधायक डा. नीरज बोरा होंगे।

# जल शक्ति मंत्री ने नैपुरा पम्पिंग स्टेशन के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**अवधनामा ब्यूरो**



- जलशक्ति मंत्री ने 12 परियोजनाओं जिनकी लागत रू0 7476.30 लाख का किया शिलान्यास एवं 07 परियोजनाएं कुल लागत 3350.41 लाख का किया लोकार्पण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज जनपद अयोध्या के रौनाही तटबंध में किमी0 13.350 पर नैपुरा पम्पिंग स्टेशन के निर्माण कार्य सहित अन्य विभागीय 11 परियोजनाओं कुल लागत 7476.30 लाख का शिलान्यास एवं 07 परियोजनाओं कुल लागत 3350.41 लाख का लोकार्पण किया। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि सरयू/घाघरा नदी के दायें तट पर निर्मित रौनाही तटबन्ध के किमी0 13.350 पर नैपुरा पम्पिंग स्टेशन के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसके साथ जनपद अयोध्या में कुल 12 अदद सिंचाई, बाढ़ तथा राजकीय नलकूपों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जा रहा है, जिनकी कुल लागत रू0 7476.30 लाख है। शिलान्यास की परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात् लगभग 10 लाख कृषकों तथा जन सामान्य को सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिलेगा, आवागमन हेतु नये पुल उपलब्ध होंगे तथा बाढ़ से बचाव होगा। साथ ही साथ हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि पर फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा लगभग 50 करोड़ रूपये प्रतिवर्ष होने वाली फसलों की क्षति को रोका जा सकेगा, जिससे किसानों को लगभग 50 करोड़ रूपये का प्रतिवर्ष लाभ होगा। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि शिलान्यास के साथ साथ आज अयोध्या में 07 अदद पूर्ण सिंचाई तथा बाढ़ कार्या का लोकार्पण किया गया, जिनकी कुल लागत रू0 3350.41 लाख है। इन परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने से लगभग 05 लाख कृषकों तथा जन सामान्य को सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही साथ हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि पर फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई तथा लगभग 30 करोड़ रू0 प्रतिवर्ष होने वाली फसलों की क्षति को रोका जा सका।

## दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 में संशोधन संबंधी में आदेश जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 में प्राविधानित कतिपय प्राविधानों में संशोधन का निर्णय लिया है। इस संबंध में शासन द्वारा आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। संशोधित प्राविधान के तहत पूंजीगत निवेश अनुदान के संबंध में व्यवस्था की गई हैं कि प्रदेश के समस्त जनपदों में दुग्ध प्रसंस्करण एवं दुग्ध उत्पाद विनिर्माण दुग्धशाला इकाईयों की स्थापना अथवा विस्तारीकरण (विद्यमान क्षमता में न्यूनतम 25 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने की दशा में ही) के लिए प्लान्ट मशीनरी, तकनीकी सिविल कार्य एवं स्पेयर पार्ट्स की लागत का 35 प्रतिशत, अधिकतम रू0 05 करोड़ की सीमा तक पूंजीगत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।नवीन पशु आहार एवं पशु पोषण उत्पाद निर्माणशाला इकाई स्थापित किए जाने हेतु प्लांट मशीनरी, तकनीकी सिविल कार्य तथा स्पेयर पार्ट्स की लागत का 35 प्रतिशत, अधिकतम रू0 05 करोड़ की सीमा तक पूंजीगत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

## सफीर-ए-हुसैन का पांच दिवसीय मातम पहली से

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स) के दूत हजरत मुस्लिम बिन अकील (अ.स) की शहादत की याद में दरगाह हजरत अब्बास में सफीर-ए-हसैन का मातम शीर्षक से 1 से 5 जून तक पांच दिवसीय मजलिसों का आयोजन होगा। आयोजक मीसम रिजवी ने बताया कि मजलिसें प्रतिदिन रात 8:30 बजे शुरू होंगी। 1-2 जून को मौलाना आबिद बिलग्रामी, 3-4 जून को मौलाना वसी हसन खां और 5 जून को मौलाना कल्बे जव्वाद मजलिस से खिताब करेंगे। हर मजलिस के बाद हजरत मुस्लिम (अ.स) का ताबूत बरामद होगा, जिसे नौहाख्वानी व सीनाजनी करती हई अंजुमनें शबीह-ए-नजफ तक ले जाएंगी।

## गोवंश संरक्षण के अनुश्रवण हेतु 53.70 लाख मंजूर

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु तथा भैंस विकास के तहत गोवंश संरक्षण के अनुश्रवण एवं डाटा बेस हेतु सेन्ट्रल प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट के गठन हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 53 लाख 70 हजार मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

## सघन मत्स्य पालन हेतु 50 लाख स्वीकृत

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मत्स्य विकास कार्यक्रम के तहत सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रथम किश्त के रूप में 50 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में मत्स्य विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में महानिदेशक, मत्स्य को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण योजना की दिशा-निर्देशों एवं इस संबंध में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाये।

## महिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला आयोग की संस्तुतियां

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने प्रदेश के समस्त जिला अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराये जाने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में आवागमन के विभिन्न सार्वजनिक संसाधनों ई रिक्शा, ओला कैब, उबर कैब, रैपिडो,आटो, टैम्पो आदि पर वाहन चालक का नाम, मोबाईल नम्बर व पहचान का विवरण अंकित कराया जाये। साथ ही टैक्सी वाहनों में चाइल्ड लॉक की सुविधा भी हटायी जाये।

उन्होंने यह भी कहा है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों के निर्जन स्थलों, बालिका विद्यालयों, ग्रामीण क्षेत्र में संचालित विद्यालयों पर तत्काल सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाये जायें। महिलाओं के आवागमन के सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस गश्त मोबाइल वैन /दो पहिया वाहनो की संख्या बढायी जाए तथा पुलिस गश्त की प्रगति वं दैनिक कार्यवाही की समीक्षा क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारी द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से की जाय।

# अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान के तहत काकोरी में महिला सम्मेलन



- पूर्व सांसद पूर्णिमा वर्मा ने अहिल्याबाई के कार्यों को बताया प्रेरणास्रोत

**अवधनामा ब्यूरो**

**काकोरी लखनऊ।** अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान के अंतर्गत आज नगर पंचायत काकोरी के सभागार में एक भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद पूर्णिमा वर्मा उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की कार्यकर्ता नेहा साहू ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद पूर्णिमा वर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का शासनकाल हम सभी के लिए प्रेरणा का केंद्र बिंदु है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए अपने शासनकाल में कई दूरगामी योजनाएं चलाई। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए। पूर्णिमा वर्मा ने अहिल्याबाई के पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई के शासनकाल में लोगों के लिए दो पेड़ लगाना अनिवार्य था और पेड़ों को काटना अपराध की श्रेणी में आता था। इसके अलावा, पेड़ों के माध्यम से लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया जाता था। उन्होंने जोर देकर कहा कि अहिल्याबाई द्वारा अपने शासनकाल में महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्य आज के आधुनिक युग में भी अनुकरणीय हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत काकोरी की सात महिला सफाई मित्रों को पीपीई किट और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। महिला सम्मेलन में नगर पंचायत काकोरी के अध्यक्ष रोहित साहू, अधिशासी अधिकारी सुदेश यादव, महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष सुनीता पांडे, मंडल अध्यक्ष गोपी राजपूत सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

यह आयोजन अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।

## मनरेगा मजदूरों को आधार से भुगतान की जा रही मजदूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम में मनरेगा जाब कार्ड धारकों को उनके आधार से लिंक किये जाने से मनरेगा श्रमिकों का भुगतान आसानी से और पूरी पारदर्शिता के साथ उनके खातों में हो रहा है।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा में धांधली न हो सके, इसके लिए उप मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के जॉब कार्ड को आधार से जोड़ने का निर्देश दिया था। तत्क्रम मे मजदूरों का जॉब कार्ड आधार कार्ड से लिंक किया गया है,जिससे मजदूरी की धनराशि सीधे उनके खाते में पहुंच रही है। आधार लिंक होने से श्रमिक की पहचान संबंधी पूरा विवरण सत्यापित हो जाता है। इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना खत्म हो जाती है।

उच्चाधिकारियों द्वारा इसके लिए सभी रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि वह अपने तैनाती वाले गांवों में श्रमिकों के आधार लेकर लिंक कराने का कार्य पूरा कर लें। जॉब कार्ड आधार से लिंक होने के बाद मजदूरों का भुगतान सीधा उनके खाते में पहुंच रहा है।

# भाषा विवि में सेल्फी प्वाइंट की स्थापना

- छात्रों के लिए सौंदर्य और उत्साह का नया केंद्र

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा परिसर में एक सुंदर और आकर्षक सेल्फी प्वाइंट की स्थापना की गई है। यह पहल विश्वविद्यालय परिसर को सौंदर्य की दृष्टि से समृद्ध करने और विद्यार्थियों को एक आनंददायक एवं प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

सेल्फी प्वाइंट के उद्घाटन के साथ ही छात्रों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। यह स्थल अब विश्वविद्यालय जीवन की यादों को संजोने के एक नए केंद्र के रूप में स्थापित हो गया है, जो विद्यार्थियों के आत्मिक जुड़ाव और गर्व का प्रतीक बन रहा है।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने कहा कि, ÷शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को एक ऐसा वातावरण भी उपलब्ध कराना चाहिए जो उनके आत्मविश्वास, सौंदर्यबोध और अभिव्यक्ति की क्षमता को प्रोत्साहित करे।

यह पहल विश्वविद्यालय की NAAC मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की तैयारियों के तहत भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। परिसर के सौंदर्यीकरण, छात्र केंद्रित सुविधाओं और समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन निरंतर सक्रिय है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण, संकाय सदस्य एवं छात्र प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्र हितों को प्राथमिकता देने वाली सोच का प्रतिबिंब बताया। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय आगामी समय में भी छात्र अनुभव को समृद्ध करने वाले कार्यों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।